# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com भोपाल, बुधवार 15 अप्रैल 2026








# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी




दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे पीएम मोदी के हाथों राष्ट्र को समर्पित, पीएम बोले-राष्ट्र के भाग्य की रेखाएं हैं, सड़कें और हाईवे

# दिल्ली से देहरादून का सफर अब 6 घंटे से घटकर ढाई घंटे में 12 किमी लंबा वन्यजीव एलिवेटेड कॉरिडोर इसकी 'विशेषता'

- 12,000 करोड़ की लागत से बना यह छह लेन का मार्ग
- उद्योग, पर्यटन और शिक्षा को मिलेगा बड़ा बढ़ावा

### एक्सप्रेसवे में 113 अंडरपास, 5 रेलवे ओवरब्रिज, 76 किमी सर्विस रोड और 340 मीटर डाट काली टनल

एजेंसी ▶▶ देहरादून



तीन राज्यों को जोड़ने वाले 213 किमी लंबे दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे का लोकार्पण प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देहरादून में कर दिया है।

यह मार्ग देश की राजधानी और पर्यटन का केंद्र उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश के लिए इकोनॉमिक कॉरिडोर के रूप में राष्ट्र को समर्पित किया गया है। 12,000 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित छह लेन की इस परियोजना में 12 किलोमीटर लंबा वाइल्डलाइफ एलिवेटेड कॉरिडोर मुख्य फीचर है। यह एशिया के सबसे लंबे कॉरिडोर में शामिल है। दिल्ली से देहरादून की यात्रा का समय छह घंटे से घटकर ढाई घंटे होने से वीकेंड टूरिज्म में वृद्धि की संभावना है। मसूरी, ऋषिकेश, हरिद्वार और चारधाम रूट पर पर्यटकों की संख्या बढ़ेगी। इससे होटल, होमस्टे, ट्रांसपोर्ट में सीधा राजस्व बढ़ेगा। इस मौके पर पीएम ने कहा कि ▶▶ शेष पेज 4 पर ▶▶ पढ़ें पेज 07 भी

## खबर संक्षेप

### चिड़ीखो वन में भीषण आग, मंदिर तक लपटें



**नरसिंहगढ़।** चिड़ीखों वन क्षेत्र में मंगलवार को भीषण आग लगने से हड़कंप मच गया। आग छोटे महादेव बीट के विभिन्न हिस्सों में एक साथ भड़क उठी और तेज हवाओं के चलते तेजी से फैलते हुए छोटे महादेव मंदिर के समीप तक पहुंच गई। आग से क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बन गया और वन क्षेत्र में मौजूद लोगों में दहशत फैल गई। हाईवे क्रमांक-46 से गुजर रहे राहगीरों ने इस भयावह दृश्य को अपने मोबाइल में कैद किया।

### नोएडा प्रोटेस्ट में अब तक 300 गिरफ्तार



**नोएडा।** नोएडा में हुए उग्र प्रदर्शन के बाद पुलिस एक्शन मोड में आ गई है। आगजनी और तोड़फोड़ के मामले में अब तक करीब 300 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है, जबकि 100 से अधिक लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। फैक्ट्रियों के सीसीटीवी फुटेज के आधार पर अराजक तत्वों की पहचान की जा रही है। अन्य लोगों के खिलाफ भी सख्त कार्रवाई की संभावना जताई जा रही है।

### भारत के लिए आईएमएफ ने बढ़ाया ग्रोथ का अनुमान



**नई दिल्ली।** इंटरनेशनल मॉनेटरी फंड (आईएमएफ) ने भारत के विकास को और भी बढ़ा दिया है और अनुमान लगाया है कि कैलेंडर वर्ष 2026 में भारत का विकास 6.5 फीसदी से होगा। आईएमएफ ने कहा कि मिडिल ईस्ट में तनाव और ग्लोबल इकोनॉमी के दबाव के बीच भारत उभरते हुए एशिया के ज्यादातर देशों से बेहतर प्रदर्शन कर रहा है। भारत के विकास पूर्वानुमान को 30 बेसिस पॉइंट बढ़ाकर 6.5 प्रतिशत कर दिया है।

**बड़ा हादसा** | छत्तीसगढ़: वेदांता थर्मल पावर प्लांट की यूनिट में भीषण विस्फोट

# बॉयलर फटने से 10 की मौत, 50 से ज्यादा मजदूर घायल, कई गंभीर



हादसे के शिकार लोग

हादसे का कारण कंपनी नहीं बता सकी है पर इसके पीछे सुरक्षा मानकों में लापरवाही की आशंका जताई जा रही है

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सक्ती (छग)

छत्तीसगढ के सक्ती जिले के सिंघीतराई स्थित वेदांता पावर प्लांट में मंगलवार दोपहर 2 बजे एक बड़ा हादसा हो गया। प्लांट के भीतर बॉयलर फटने से जोरदार विस्फोट हुआ। इस घटना में 10 लोगों की मौत हो गई। जबकि 50 से ज्यादा मजदूर घायल हो गए, इनमें से कई गंभीर हैं। घायलों को नजदीकी अस्पतालों में भर्ती कराया जा रहा है, जहां उनका इलाज जारी है। कुछ की हालत नाजुक बताई जा रही है।

हादसे के कारणों का फिलहाल स्पष्ट खुलासा नहीं हो पाया है, लेकिन प्रारंभिक तौर पर तकनीकी खराबी या सुरक्षा मानकों में लापरवाही की ▶▶ शेष पेज 4 पर

सीएम साय ने दिए जांच के निर्देश



वेदांता पावर प्लांट में विस्फोट

- ***कंपनी के प्रवक्ता* ने कहा कि सब-कॉन्ट्रैक्टर एनजीएसएल के कर्मचारी प्रभावित**
- ***घायलों को* सर्वोत्तम चिकित्सा सहायता तथा पूरा सहयोग दिया जा रहा**

### सीएम साय ने जताया दुख, कहा-दोषियों पर कड़ी कार्रवाई होगी

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने गहरी संवेदना व्यक्त की और शोकाकुल परिजनों के साथ अपनी संवेदनाएं जताईं। उन्होंने जिला प्रशासन को राहत-बचाव कार्य तेज करने, घायलों के बेहतर उपचार और घटना की निष्पक्ष जांच के निर्देश दिए तथा दोषियों ▶▶ शेष पेज 4 पर

#### सरकार ने विशेष जांच टीम गठित की

श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन ने तत्काल जांच के निर्देश दिए और दोषियों पर श्रम कानून के तहत कड़ी कार्रवाई करने की चेतावनी दी। मंत्री ने घायल मजदूरों के बेहतर इलाज और ▶▶ शेष पेज 4 पर


**पीथमपुर में धमाकों से दहला इलाका**

### रामकी एनवायरो कंपनी में 3 ब्लास्ट, भूकंप जैसे झटकों से सहमे लोग



हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंदौर

पीथमपुर औद्योगिक क्षेत्र में मंगलवार को उस वक्त अफरा-तफरी मच गई, जब सेक्टर-2 स्थित रामकी एनवायरो कंपनी में एक के बाद एक तीन जोरदार धमाके हुए। विस्फोट इतने शक्तिशाली थे कि उनकी गूंज करीब एक किलोमीटर दूर तक सुनाई दी, जिससे आसपास के गांवों में दहशत फैल गई। धमाकों का असर तारपुरा और बजरंगपुरा जैसे नजदीकी ग्रामीण इलाकों तक महसूस किया गया। स्थानीय लोगों के मुताबिक, कंपन इतना तेज था कि घरों में रखे बर्तन और टीवी तक हिलकर गिर गए। कई लोगों ने इस घटना को भूकंप जैसे झटकों के रूप में महसूस किया। ▶▶ शेष पेज 4 पर



नीतीश के साथ सम्राट

सरकार बनाने का दावा पेश राज्यपाल को पत्र सौंपा

# 'नीतीश युग' की समाप्ति चौधरी होंगे अब बिहार के 'सम्राट', आज शपथ



केंद्रीय मंत्री शिवराज बधाई देते हुए

- सम्राट बिहार में भाजपा विधायक दल के नेता चुने गए
- सम्राट सरकार में बनाए जाएंगे दो डिप्टी सीएम

एजेंसी ▶▶ पटना

बिहार में नीतीश कुमार का युग समाप्त हो गया। सम्राट चौधरी बिहार के नए मुख्यमंत्री होंगे। उन्हें भारतीय जनता पार्टी के विधायक दल का नेता चुना गया है। विजय कुमार सिन्हा ने बिहार भाजपा विधायक दल के नेता के लिए सम्राट चौधरी के नाम का प्रस्ताव रखा। इस पर सभी ने सहमति के साथ अपना समर्थन दे दिया। 15 अप्रैल को लोकभवन में शपथग्रहण समारोह होगा। सूत्रों के अनुसार, सम्राट सरकार में जदयू खेमे से विजेंद्र यादव और विजय चौधरी उप-मुख्यमंत्री बनाए जाएंगे। ये दोनों जदयू के सीनियर नेता हैं और नीतीश कुमार के बेहद करीबी माने जाते हैं। इससे पहले नीतीश ने सीएम पद से इस्तीफा दिया। नीतीश 16 मार्च को राज्यसभा के लिए चुने गए थे।

#### 2030 तक के लिए 'सात निश्चय-3' का गठन

नीतीश कुमार ने इस्तीफे के बाद बेहद ही शालीनता के साथ उन्होंने सोशल मीडिया पर बिहारवासियों को अपना संदेश दिया। उन्होंने इस पोस्ट में लिखा कि हाल के दिनों में विकास कार्यों को और आगे बढ़ाया गया है। अगले पांच वर्षों, अर्थात 2025 से 2030 तक के लिए 'सात निश्चय-3' का गठन किया गया है। इससे विकास कार्यों को और गति मिलेगी और बिहार तेजी से आगे बढ़ेगा। जेडीयू विधायक उमेश सिंह कुशवाहा ने कहा कि नीतीश कुमार जैसा नेता युग में एक बार ही पैदा होता है, ऐसे नेता की कमी हमेशा खलेगी। नीतीश कुमार का विकल्प न कभी था, न कभी होगा। उनके जैसा कोई नेता है ही नहीं।

#### अब बिहार गुजरात से संचालित होगा: प्रशांत किशोर

बिहार में नए मुख्यमंत्री की घोषणा के बाद जन सुराज के प्रमुख प्रशांत किशोर ने भारतीय जनता पार्टी पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि अब बिहार गुजरात से संचालित होगा। किशोर ने कहा कि ज्ञान की भूमि बिहार को 'चाल, चरित्र और चेहरा' का दावा करने वाली भाजपा की यह पहली सौगात है कि ऐसे व्यक्ति को मुख्यमंत्री बनाया गया है, जिसका चाल, चरित्र और चेहरा तीनों ही चर्चा का विषय होना चाहिए।

90 मिनट पहले पहुंचना होगा सेंटर

## 26 को नए नियमों के साथ होगा एमपी-पीएससी एग्जाम



थ्री लेयर चेकिंग, पहली बार नेगेटिव मार्किंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश पब्लिक सर्विस कमीशन (एमपी-पीएससी) की प्रीलिम्स परीक्षा के लिए काफी बदलाव किए हैं। पहली बार कैंडिडेट्स को एग्जाम शुरू होने के 90 मिनट पहले सेंटर पर पहुंचना होगा। वहीं, पहली बार नेगेटिव मार्किंग का नियम लागू किया गया है। आयोग के मुताबिक यह बदलाव परीक्षा में पारदर्शिता और सुरक्षा को मजबूत करने के उद्देश्य से किया गया है। नई गाइडलाइन ▶▶ शेष पेज 4 पर

पीड़ित बोला- मुझे बैंक से बाहर बुलाकर मारा

## भाजपा विधायक की बेटी ने जूतों से की युवक की पिटाई



बोली एफआईआर के बाद भी कर रहा था पीछा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सागर जिले की देवरी विधानसभा सीट से एक वीडियो सामने आया है, जिसमें कार से उतरकर एक युवती युवक को जूतों से पिटाई करती नजर आ रही है। देवरी के गौरझामर स्थित एक बैंक के बाहर सोमवार को यह घटना हुई, जिसका वीडियो 14 अप्रैल को सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। जिसमें युवक की पिटाई करने वाली युवती देवरी विधानसभा सीट से भाजपा विधायक ▶▶ शेष पेज 4 पर

बांके बिहारी के दर्शन करके आ रही थीं

## पूर्व सीएम उमा भारती अस्पताल में भर्ती, शाम को हुई डिस्चार्ज



जेवर के कैलाश अस्पताल में कराना पड़ा भर्ती

एजेंसी ▶▶ नोएडा

वृंदावन से लौटते समय पूर्व मुख्यमंत्री व भाजपा की वरिष्ठ नेता उमा भारती को सोमवार की रात यमुना एक्सप्रेस-वे पर मांसपेशियों का दर्द (मस्कुलर पेन) उठा। इसके बाद रात 11 बजे उन्हें जेवर के कैलाश अस्पताल में भर्ती कराया गया। जांच के बाद मंगलवार शाम 6:30 बजे उन्हें डिस्चार्ज कर दिया गया। इसके बाद वह दिल्ली रवाना हो गईं। डॉक्टरों का कहना है कि थकावट के ▶▶ शेष पेज 4 पर

3 दोस्तों की मौत हुई, 2 घायल

## बाइक चलाते रील बनाने की सनक खड़े हुए ट्रेलर में जा घुसी बाइक

मौके पर एक पिस्टल भी पुलिस ने बरामद की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मऊगंज

मंगलवार को रील बनाने की सनक में एक भीषण और बेहद दर्दनाक हादसा हो गया, इस दौरान बेहद तेज रफ्तार से जा रही दो बाइक्स सड़क पर खड़े एक ट्रेलर में पीछे से जा टकराई। इस हादसे में एक बाइक पर सवार तीन युवकों की मौके पर ही मौत हो गई, वहीं दूसरी बाइक पर सवार दो सगे भाई जिंदगी और मौत की जंग लड़ रहे हैं, जिन्हें इलाज के लिए रीवा के संजय गांधी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां पर



उनका उपचार चल रहा है। घटनास्थल से एक पिस्टल भी पड़ी मिली है, जिसके बारे में पता लगाने की कोशिश पुलिस कर रही है। यह हादसा पन्नी पथरिया नेशनल हाईवे पर हुआ। जिसमें दो मोटर साइकिलों पर सवार ▶▶ शेष पेज 4 पर

#### पिस्टल बनी पुलिस के लिए रहस्य

मौके पर एक पिस्टल भी पड़ी मिली है, जिसे पुलिस ने जब्त कर लिया है, फिलहाल पुलिस इस पूरे मामले की जांच कर रही है, साथ ही पिस्टल का भी रहस्य पता लगाने की कोशिश कर रही है। यह घटना उन सभी युवाओं के लिए एक बड़ी चेतावनी है, जो सोशल मीडिया पर चंद लाइक्स और व्यूज के लिए सड़क पर रील बनाते हैं, और अपनी जान जोखिम में डालते हैं।

**महिलाओं की आर्थिक व निर्णायक भूमिका को पर्याप्त मान्यता और स्वतंत्रता की जरूरत**

17वीं लोकसभा में महिलाओं का प्रतिनिधित्व केवल 14.7% रहा, जो पर्याप्त नहीं

## संसद व विधानसभाओं में महिलाओं की भागीदारी प्रतीकात्मक न रहकर वास्तविक व प्रभावी बनेगी

▶▶ मंजुला तिवारी, चेयरपर्सन एवं चांसलर मानसरोवर समूह एवं मानसरोवर ग्लोबल विश्वविद्यालय



भारत में महिलाओं की स्थिति पर उपलब्ध आंकड़े यह स्पष्ट करते हैं कि प्रगति के बावजूद समानता अभी दूर है। यही पृष्ठभूमि नारी शक्ति वंदन अधिनियम के औचित्य को और अधिक प्रासंगिक बनाती है। राजनीतिक क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी इसका सबसे स्पष्ट उदाहरण है। 17वीं लोकसभा में महिलाओं का प्रतिनिधित्व केवल 14.7% रहा, जो यह दर्शाता है कि देश की आधी आबादी निर्णय लेने की प्रक्रिया में पर्याप्त रूप से शामिल नहीं है। इसी असंतुलन को दूर करने के लिए नारी शक्ति वंदन अधिनियम संसद और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33% आरक्षण सुनिश्चित करता है, ताकि उनकी भागीदारी केवल प्रतीकात्मक न रहकर वास्तविक और प्रभावी बन सके। शिक्षा




और स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी असमानता स्पष्ट है। महिला साक्षरता दर 82.7% तक पहुंचने के बावजूद यह पुरुषों से कम है, और ग्रामीण-शहरी अंतर भी बना हुआ है। जहां ग्रामीण क्षेत्रों में यह 74.4% और शहरी क्षेत्रों में 85.8% है। स्वास्थ्य के स्तर पर लगभग 57% महिलाओं का एनीमिया से पीड़ित होना यह दर्शाता है कि बुनियादी सुविधाओं और पोषण तक उनकी पहुंच अभी भी सीमित है। आर्थिक दृष्टि से स्थिति और भी जटिल है। महिला श्रम बल भागीदारी दर 37% तक पहुंचने के बावजूद, लगभग 37.5% महिलाएं ▶▶ शेष पेज 4 पर

#### यह अधिनियम एक संरचनात्मक समाधान

महिला सुरक्षा के लिए विभिन्न योजनाएं लागू होने के बावजूद, हिंसा और असुरक्षा की भावना अब भी व्यापक है। इसके पीछे सामाजिक संरचना में व्याप्त पितृसत्तात्मक सोच और लैंगिक भेदभाव मुख्य कारण हैं। इन सभी चुनौतियों के बीच नारी शक्ति वंदन अधिनियम एक संरचनात्मक ▶▶ शेष पेज 4 पर

भोपाल
बुधवार, 15 अप्रैल 2026
वैशाख मास कृष्ण पक्ष –13
वर्ष : 13, अंक : 13
पृष्ठ : 16 मूल्य : 4.00 **

**मौसम**
अधि. 38
न्यून. 26

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

## देश की महिलाओं के नाम पीएम मोदी का खुला पत्र

# 2029 तक महिला आरक्षण की बात दोहराई, कहा- लोकतंत्र होगा मजबूत

### पहले के हिसाब से 2034 में लागू हो पाता

पुराने नियमों के हिसाब से यह आरक्षण 2034 से पहले लागू नहीं हो पाता। इसका कारण यह था कि आरक्षण को जनगणना और सीटों के नए सिरे से निर्धारण (परिसीमन) की प्रक्रिया से जोड़ा गया था। अब सरकार नियमों में संशोधन कर रही है ताकि इसे 2029 के चुनाव से ही लागू किया जा सके।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महिलाओं के नाम एक खुला पत्र लिखा है। इसमें उन्होंने कहा कि अगर 2029 के लोकसभा और विधानसभा चुनाव महिला आरक्षण के साथ होते हैं, तो भारतीय लोकतंत्र और भी मजबूत और जीवंत बनेगा। पीएम ने कहा कि महिलाएं आज हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं। इसलिए संसद और विधानसभाओं में उनकी भागीदारी बढ़ना बहुत जरूरी है। केंद्र सरकार ने 16 अप्रैल से संसद की तीन दिनों की विशेष बैठक ▶▶ शेष पेज 4 पर

**सरकार ने 16 अप्रैल से संसद की तीन दिन की विशेष बैठक बुलाई**


पीएम ने साझा की ये तस्वीर

### 273 सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित रहेंगी

*इन बदलावों के पास होने के बाद लोकसभा की कुल सीटें बढ़कर 816 हो जाएंगी। इनमें से 273 सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित रहेंगी। पीएम मोदी ने इस ऐतिहासिक कदम के लिए देश की करोड़ों महिलाओं से आशीर्वाद मांगा है। उन्होंने महिलाओं से एक खास अपील भी की है। उन्होंने कहा कि महिलाएं अपने क्षेत्र के सांसदों को पत्र लिखें। वे सांसदों को इस ऐतिहासिक सत्र में हिस्सा लेने के लिए प्रोत्साहित करें। प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया पर भी यह पत्र साझा किया है।*

मप्र में 'नारी शक्ति वंदन' का शंखनाद | रवींद्र भवन में आज होगा राज्य स्तरीय कार्यक्रम

## सीएम बोले : महिलाओं के लोकतांत्रिक अधिकारों को मिलेंगी अब नई ऊंचाइयां



इंदौर में नारी शक्ति वंदन सम्मेलन में शामिल हुए सीएम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश में महिलाओं की राजनीतिक सहभागिता और उनके लोकतांत्रिक अधिकारों को नई ऊंचाइयां देने के लिए राज्य सरकार द्वारा ऐतिहासिक पहल की जा रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पारित नारी शक्ति वंदन अधिनियम की मूल भावना को धरातल पर उतारने के उद्देश्य से प्रदेश भर में 10 से 25 अप्रैल तक 'नारी शक्ति वंदन पखवाड़ा' मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में 15 अप्रैल को शाम 4 बजे रवींद्र भवन में राज्य स्तरीय मुख्य कार्यक्रम होगा। इस दौरान महिला नेतृत्व की यात्रा विषय पर एक विशेष प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी, जो महिला शक्ति के गौरवशाली ▶▶ शेष पेज 4 पर

**विभिन्न क्षेत्रों की उत्कृष्ट उपलब्धि प्राप्त महिलाएं होंगी शामिल**

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

IPL आज का मुकाबला
आरसीबी एलएसजी
शाम 7.30 बजे से

## खबर संक्षेप

### दावा- कोरोना वैक्सीन की वजह से शेन वॉर्न की मौत!

**सिडनी।** महान स्पिनर शेन वॉर्न के निधन के चार साल बाद उनके बेटे जैक्सन ने दावा किया है कि इस दिग्गज स्पिनर की मौत



संभवतः कोविड के उन 'तीन या चार' टीकों के कारण हुई थी जो उन्हें 'काम करने के लिए मजबूरन लेने पड़े थे। जैक्सन ने '2 वर्ल्ड्स कोलाइड पॉडकास्ट' पर बात करते हुए अपने पिता की स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याओं को भी स्वीकार किया। वॉर्न का 2022 में थाईलैंड में दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया था। उस समय उनकी उम्र 52 वर्ष थी। मुझे पक्का लगता है कि इसमें टीके का हाथ था। मुझे नहीं लगता कि अब यह कहने से किसी तरह का विवाद पैदा होगा।

### आयकर विभाग ने पेश किया नया फॉर्म 141

**नई दिल्ली।** आयकर विभाग ने एक नया टीडीएस फॉर्म पेश किया है, जिससे किराया, प्रॉपर्टी और




प्रोफेशनल पेमेंट्स पर 'स्रोत पर काटा गया टैक्स' (टीडीएस) रिपोर्ट करना और उसका पेमेंट करना बहुत आसान हो गया है। फॉर्म 141 आयकर अधिनियम, 2025 के तहत पेश किया गया एक एकीकृत चालान-सह-विवरण है। यह फॉर्म सभी पैन आधारित टीडीएस विवरणों को एक ही जगह पर दर्ज करने की सुविधा देता है। ये नया फॉर्म 26 क्यूबी, 26 क्यूसी, 26 क्यूडी और 26 क्यूई की जगह लेगा।

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने भीम जन्मभूमि (महू) पहुंचकर बाबा साहेब को अर्पित की पुष्पांजलि

# महिलाओं के सम्मान और हक के लिए बाबा साहेब ने 'कुर्सी' तक छोड़ दी थी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि बाबा साहेब एक ऐसे युग दृष्टा थे, जिन्होंने एक हजार साल की गुलामी की कठिनाइयों को दूर करने और समाज के अंदर समानता के भाव को विकसित करने के लिए लड़ाई लड़ी थी। बाबा साहेब के योगदान से हम सभी गौरवान्वित होते हैं। हमें उनके बनाए संविधान के अनुसार चलना चाहिए। इससे श्रेष्ठ संविधान और कोई नहीं हो सकता। भारत रत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर की जन्मभूमि पर उनकी जयंती धूमधाम से मनाई जा रही है। उन्होंने हमें माताओं-बहनों के लिए समान काम-समान वेतन का दूरदृष्टि पूर्ण विचार दिया। उन्होंने बहनों को पिता की संपत्ति में अधिकार दिलाने, तलाक के समय मुआवजा और मातृत्व अवकाश दिलाने के लिए सराहनीय कार्य किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव मंगलवार को इंदौर के डॉ. आंबेडकर नगर (महू) में डॉ. आंबेडकर की जन्मभूमि परिसर में आयोजित जयंती समारोह को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि बाबा साहेब महिला सशक्तिकरण के साहसी और प्रबल समर्थक थे। महिलाओं के सम्मान और अधिकारों के लिए बाबा साहेब ने अपनी कुर्सी तक छोड़ दी थी। न्यूनतम मजदूरी, कंपनी लॉ और महिला श्रमिकों को अधिकार हमें बाबा साहेब की ही देन है। केंद्र सरकार संविधान निर्माता डॉ. आंबेडकर ▶▶ शेष पेज 4 पर



*मुख्यमंत्री ने कहा कि अनुसूचित जाति-जनजाति के कल्याण के लिए सरकार ने सालाना बजट का एक तिहाई हिस्सा इन्हें समर्पित किया है*

- नारी सशक्तिकरण के साहसी और प्रबल समर्थक थे बाबा साहेब
- न्यूनतम मजदूरी कंपनी लॉ, महिला श्रमिकों के अधिकार हैं बाबा साहेब की देन

### अंतर्जातीय विवाह पर सरकार प्रोत्साहन राशि के रूप में 2 लाख रुपए दे रही

मुख्यमंत्री ने कहा कि बाबा साहेब ने अपने जीवन के प्रत्येक क्षण भारत माता की आराधना करते हुए समाज को आगे बढ़ने का रास्ता दिखाया था। उन्होंने कहा कि भीम जन्मभूमि पर होली-दीवाली जैसा माहौल है। बाबा साहेब के जीवन से जुड़े सभी 5 पड़ावों को हमारी सरकार ने पंचतीर्थ के रूप में विकसित किया है। जातिगत असमानता को खत्म करने के लिए अंतर्जातीय विवाह करने पर नवदंपतियों को हमारी सरकार प्रोत्साहन राशि के रूप में 2 लाख रुपए दे रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अनुसूचित जाति-जनजाति के कल्याण के लिए सरकार ने सालाना बजट का एक तिहाई हिस्सा इन्हें समर्पित किया है। ▶▶ पढ़ें पेज 02 व 10 भी


महू में संबोधित करते सीएम

### संकल्प लें हिंसा, चोरी, नशा और कोई गलत काम नहीं करेंगे

महू विधायक एवं पूर्व मंत्री सुश्री ऊषा ठाकुर ने कहा कि हम सब मिलकर संकल्प लें कि जीवन में कभी हिंसा, चोरी, नशा और कोई गलत काम नहीं करेंगे। नारी शक्ति की समानता के उनके विचारों के आधार पर देश की संसद में नारी शक्ति वंदन अधिनियम के माध्यम से विधानसभा और लोकसभा की 33 प्रतिशत सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित करने का निर्णय होने जा रहा है। वरिष्ठ विचारक आलोक कुमार ने ▶▶ शेष पेज 4 पर

**संविधान निर्माता होने के साथ नए भारत के निर्माता भी हैं बाबा साहेब**

**डॉ. आंबेडकर ने संविधान के रूप में हमें दिया लोकतंत्र का सबसे बड़ा ग्रंथ**

### अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने पीएम मोदी को लगाया फोन

# ईरान और होर्मुज पर 40 मिनट तक हुई 'बातचीत'


फाइल फोटो

- ये लंबी वार्ता ईरान सीजफायर के बाद हुई
- हाल में ही पाकिस्तान की अगुआई में हुई शांति वार्ता फेल हो चुकी है

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच लंबी फोन वार्ता हुई है। पीएम मोदी ने ट्रंप से 40 मिनट तक फोन पर बात की है। पीएम मोदी और ट्रंप के बीच ईरान सीजफायर के बाद ये पहली बातचीत है। ये वार्ता तब हुई है जब ट्रंप ने स्ट्रेट ऑफ होर्मुज को पूरी तरह से ब्लॉक करने का ऐलान किया है। भारत में अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर ने इस बातचीत के बारे में बताते हुए कहा कि राष्ट्रपति ट्रंप ने पीएम मोदी से कहा कि वे यह बताना चाहते हैं कि अमेरिका भारत से प्यार ▶▶ शेष पेज 4 पर

### होर्मुज को खुला और सुरक्षित रखने पर जोर

पीएम मोदी ने एक्स पर लिखा कि मेरे मित्र राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का फ़ोन आया। हमने विभिन्न क्षेत्रों में अपने द्विपक्षीय सहयोग में हुई महत्वपूर्ण प्रगति की समीक्षा की। हम सभी क्षेत्रों में अपनी व्यापक वैश्विक रणनीतिक साझेदारी को और अधिक सुदृढ़ करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हमने पश्चिम एशिया की स्थिति पर भी चर्चा की और होर्मुज जलडमरूमध्य को खुला और सुरक्षित ▶▶ शेष पेज 4 पर

### सर्जियो गोर ने कहा- भारत भी शांति प्रक्रिया का हिस्सा

भारत में अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर ने इस बातचीत की डिटेल साझा की है। उन्होंने बताया कि राष्ट्रपति ट्रंप नियमित रूप से प्रधानमंत्री को अपडेट करते रहते हैं। उन्होंने बताया कि राष्ट्रपति ट्रंप ने मिडिल ईस्ट में जो हो रहा है, उस पर जानकारी दी। साथ ही अमेरिका और भारत के बीच चल रहे कई बड़े मुद्दों पर भी बात की। उन्होंने ▶▶ शेष पेज 4 पर

## सीधी के अमिलिया में आंबेडकर जयंती पर बवाल

# थाने में घुसकर तोड़फोड़, पुलिसकर्मियों को पीटा, महिलाओं समेत 4 के सिर फूटे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीधी

जिले के अमिलिया में मंगलवार को आंबेडकर जयंती रैली के दौरान शुरू हुआ विवाद हिंसक बवाल में बदल गया। नकाबपोशों की भीड़ ने मनी शुक्ला के घर में घुसकर हमला किया और बाद में थाने पर धावा बोल दिया। घटना में एक ही परिवार के 4 लोग और 2 पुलिसकर्मी घायल हुए हैं।

विवाद बढ़ने पर करीब 50 नकाबपोश हमलावर मनी शुक्ला (22) के घर में घुसे और पथराव करते हुए मारपीट की। हमले में मनी शुक्ला गंभीर रूप से घायल हुए, जबकि 80 वर्षीय रमाकांत शुक्ला, अर्चना शुक्ला (40) और ▶▶ शेष पेज 4 पर

*200 नकाबपोशों ने थाने पर किया पथराव, पुलिस तैनात*

*रैली के दौरान रास्ते में खड़ी बोलेरो हटाने की बात पर विवाद*



हिंसा के दौरान अफरा-तफरी

**दोषियों की पहचान की जा रही**

रैली के दौरान रास्ते में खड़ी बोलेरो हटाने को लेकर कहासुनी हुई थी। इसी दौरान गाड़ी में तोड़फोड़ हुई और मनी शुक्ला के विरोध के बाद मामला हिंसा में बदल गया। प्रशासन पूरे मामले की जांच कर रहा है और दोषियों की पहचान कर उनके ▶▶ शेष पेज 4 पर

### गर्मी ने तरेरी आंखें : सबसे गर्म नर्मदापुरम में पारा 42 डिग्री पार

# सीजन की पहली लू छिंदवाड़ा में चली, 22 जिलों में पारा '40 से 41 डिग्री' के बीच

**छिंदवाड़ा में 40.1 डिग्री, यह सामान्य से 4.8 डिग्री ज्यादा, इसलिए लू का प्रकोप रहा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी सहित प्रदेशभर में लगातार चौथे दिन मंगलवार को तापमान में मामूली बढ़त रही। छिंदवाड़ा में मंगलवार को इस सीजन की पहली लू चली। यहां पारा 40.1 डिग्री रहा, जो सामान्य से 4.8 डिग्री अधिक है। रात का तापमान भी 21.2 डिग्री रहा है। गर्मी में हो रही बढ़त के साथ 22 जिले मंगलवार को 40 से 41 डिग्री के बीच पहुंच गए हैं। प्रदेश में सबसे गर्म रहे नर्मदापुरम में पारा ▶▶ शेष पेज 4 पर


गोविंदपुरा क्षेत्र में दोपहर दो बजे सूनी सड़क

### ट्रैक्टर से कुचलकर वन आरक्षक की हत्या की थी

## मुख्य आरोपी अहमदाबाद से गिरफ्तार सलाखों के पीछे पहुंचे तीनों आरोपी

**दो आरोपियों को पहले ही दबोचा जा चुका**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुरैना

जिले में वन विभाग के आरक्षक को ट्रैक्टर-ट्रॉली से कुचलकर हत्या करने के मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। मुख्य आरोपी ट्रैक्टर चालक विनोद कोरी को गुजरात के अहमदाबाद से पकड़ा गया है, जिस पर 10 हजार रुपए का इनाम घोषित किया गया था। दिमनी पुलिस अवैध रेत माफिया के खिलाफ कार्रवाई कर रही थी। इसी दौरान रेत से भरे ट्रैक्टर-ट्रॉली के चालक विनोद कोरी ने वन आरक्षक हरकेश गुर्जर को जान-बूझकर कुचल दिया, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई थी, घटना के बाद से आरोपी फरार था। एडिशनल एसपी सुरेंद्र पाल सिंह ने बताया कि मुख्य आरोपी विनोद कोरी को अहमदाबाद से गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस ▶▶ शेष पेज 4 पर

## यह अधिनियम भारतीय लोकतंत्र में एक मील का पत्थर साबित होगा

**यह कदम आने वाले समय में भारत को अधिक समतामूलक एवं प्रगतिशील समाज की ओर अग्रसर करेगा**

# यह अधिनियम 'लैंगिक समानता' को बढ़ावा देगा, साथ ही सामाजिक न्याय की अवधारणा को भी सशक्त करेगा

▶▶ पूनम चौकसे, वाइस चेयरपर्सन, एलएनसीटी समूह



भारत जैसे लोकतांत्रिक देश में महिलाओं की भागीदारी केवल सामाजिक आवश्यकता ही नहीं, बल्कि लोकतंत्र की मजबूती का आधार भी है। इसी दिशा में भारत सरकार द्वारा लाया जा रहा नारी शक्ति वंदन अधिनियम एक ऐतिहासिक एवं दूरदर्शी कदम के रूप में उभरकर सामने आया है। यह अधिनियम संसद एवं राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण सुनिश्चित करता है, जिससे राजनीतिक क्षेत्र में महिलाओं की सहभागिता को नई दिशा मिलेगी।

वर्तमान परिप्रेक्ष्य में देखा जाए तो देश की आधी आबादी होने के बावजूद महिलाओं का प्रतिनिधित्व राजनीति में अपेक्षाकृत कम रहा है। इस अधिनियम के माध्यम से महिलाओं को निर्णय-निर्माण प्रक्रिया में अधिक अवसर प्राप्त होंगे, जिससे उनकी आवाज़ नीतियों एवं योजनाओं में अधिक प्रभावी रूप से परिलक्षित हो सकेगी। यह न केवल लैंगिक समानता को बढ़ावा देगा, बल्कि सामाजिक न्याय की अवधारणा को भी सशक्त करेगा।

### यह सकारात्मक परिवर्तन लाएगा

इस अधिनियम का प्रभाव केवल राजनीतिक क्षेत्र तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि यह सामाजिक एवं आर्थिक स्तर पर भी सकारात्मक परिवर्तन लाने में सहायक सिद्ध होगा। जब महिलाएं नीति-निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाएंगी, तो शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण एवं महिला सुरक्षा जैसे मुद्दों को अधिक प्राथमिकता मिलने की संभावना है। इससे समग्र विकास की दिशा में संतुलित एवं समावेशी दृष्टिकोण विकसित होगा।

### महिलाओं को नेतृत्व कौशल से भी सशक्त किया जाए

इस अधिनियम के सफल क्रियान्वयन के लिए आवश्यक है कि महिलाओं को राजनीतिक प्रशिक्षण, जागरूकता एवं नेतृत्व कौशल से भी सशक्त किया जाए। केवल आरक्षण प्रदान करना पर्याप्त नहीं है, बल्कि उन्हें निर्णय लेने में सक्षम बनाना भी उतना ही महत्वपूर्ण है। यह अधिनियम भारतीय लोकतंत्र में एक मील का पत्थर सिद्ध हो सकता है। यह महिलाओं को सशक्त बनाने के साथ-साथ राष्ट्र निर्माण में उनकी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करेगा। यदि इसे प्रभावी रूप से लागू किया गया, तो यह अधिनियम आने वाले समय में भारत को अधिक समतामूलक एवं प्रगतिशील समाज की ओर अग्रसर करेगा।



बोर्ड ऑफिस चौराहे पर आयोजित कार्यक्रम में सीएम ने की शिरकत।

### मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने डॉ. आंबेडकर की जयंती पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया नमन

# राष्ट्रहित सर्वोपरि, सामाजिक समरसता के लिए एकजुट होकर करेंगे काम : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

**केन्द्र सरकार ने बाबा साहेब के सम्मान में उनकी स्मृति में कराया पंचतीर्थों का निर्माण**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मंगलवार को बोर्ड ऑफिस स्थित बाबा साहेब डॉ. आंम्बेडकर चौराहे पर भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर की 136वीं जयंती पर बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बाबा साहेब के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आधुनिक भारत के निर्माण में डॉ. अम्बेडकर का योगदान अविस्मरणीय है, अतुलनीय है। उन्होंने देश में



समतामूलक समाज के निर्माण के लिए भारतीय संविधान की रचना कर इसमें सबके अधिकारों की सुरक्षा की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बाबा साहेब के सम्मान में पुष्पांजलि कार्यक्रम में मौजूद सबके समक्ष भारतीय संविधान की मूल उद्देश्यिका का वाचन कर 'डॉ. भीमराव अम्बेडकर अमर रहे' के नारे लगाए। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब डॉ. अम्बेडकर आजीवन वंचितों, पीड़ितों, शोषितों और उपेक्षितों के सामाजिक, आर्थिक, शैक्षिक और राजनैतिक सशक्तिकरण की प्रखर आवाज थे। हमारी सरकार संविधान निमार्ता बाबा साहेब डॉ. अम्बेडकर की समरसता और समानता की भावना को केन्द्र में रखकर लगातार काम कर रही है। बाबा साहेब ने हमें समानता का अधिकार दिलाया और अब हम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में /"सबका साथ-सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास/" के पथ पर आगे बढ़ते हुए बाबा साहेब के स्वप्न को साकार कर रहे हैं। देश सबसे पहले है, हम सब सामाजिक समरसता के लिए मिल-जुलकर, एकजुट प्रयास करेंगे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हमारी सरकारों ने हमेशा ही बाबा साहेब का सम्मान किया। भोपाल में उड़ान पुल बना, तो उसे हमने बाबा साहेब का नाम दिया। बाबा साहेब की जन्मभूमि महू में भव्य स्मारक बनवाया।

### 10 लाख किसानों को सहकारिता से जोड़ेगी प्रदेश सरकार

**भोपाल।** मध्यप्रदेश में सहकारिता तंत्र को मजबूत करने के लिए सरकार बड़ा अभियान शुरू करने जा रही है। इसके तहत प्रदेश के 10 लाख से अधिक किसानों को बहुद्देशीय प्राथमिक कृषि साख समितियों (बी-पैक्स) से जोड़ा जाएगा, ताकि उन्हें ऋण, कृषि आदान, भंडारण और विपणन जैसी सुविधाएं एक ही प्लेटफॉर्म पर मिल सकें। सहकारिता विभाग ने इस महत्वाकांक्षी अभियान की शुरुआत आंबेडकर जयंती से पूरे प्रदेश में एक साथ की है। अभियान के तहत राज्य में संचालित 4500 से अधिक प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों में गैर-सदस्य किसानों को प्राथमिकता के आधार पर सदस्य बनाया जाएगा। यह अभियान 15 मई तक चलेगा। दरअसल, प्रदेश में बड़ी संख्या में किसान अभी भी बी-पैक्स से जुड़े नहीं हैं, जिसके कारण वे सहकारिता के जरिए मिलने वाली सुविधाओं का पूरा लाभ नहीं उठा पा रहे हैं। ऐसे किसानों को ध्यान में रखते हुए यह विशेष सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है, जिससे उन्हें संस्थागत ऋण और अन्य सहकारी सेवाओं का फायदा मिल सके। बी-पैक्स ग्रामीण सहकारिता व्यवस्था की आधारशिला मानी जाती हैं। इनके माध्यम से किसानों को अल्पकालीन और मध्यमकालीन ऋण आसानी से उपलब्ध होता है। इन ऋणों पर ब्याज दर अपेक्षाकृत कम होती है और कई मामलों में ब्याज अनुदान योजनाओं का भी लाभ मिलता है। इसके अलावा, किसानों को उर्वरक, बीज और कीटनाशक उचित दरों पर उपलब्ध कराए जाते हैं।

### प्रधानमंत्री की ओर से लिया गया निर्णय 21वीं सदी का सबसे अहम फैसला होगा साबित

# नारी शक्ति वंदन अधिनियम से देश भर की महिलाओं का तेजी से होगा सशक्तिकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि वर्ष 2047 में भारत को विकसित राष्ट्र बनाना है। महिलाओं के हित में लगातार निर्णय लेकर महिलाओं को अधिकार देने के साथ उन्हें सशक्त बना रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि डॉ. आंबेडकर की पहल को आगे बढ़ाते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने नारी शक्ति को लोकसभा और विधानसभाओं में 33 प्रतिशत आरक्षण दिलवाने का संकल्प लिया है। यह 21 वीं शताब्दी का सबसे बड़ा निर्णय है। इस अधिनियम के लागू हो जाने के बाद नारी शक्ति का तेजी से सशक्तिकरण होगा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव मंगलवार को इंदौर के परस्पर नगर स्थित लता मंगेशकर ऑडिटोरियम में आयोजित नारी शक्ति वंदन सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने सुप्रीम कोर्ट के निर्णयों का पालन करते हुए मुस्लिम महिलाओं को तीन तलाक से मुक्ति दिलाकर उनके हित में नया इतिहास लिखा, तो वहीं अयोध्या में भगवान श्रीराम का भव्य मंदिर बनाया। मुख्यमंत्री ने कहा कि इंदौर देवी अहिल्याबाई का शहर है, और स्वर कोकिला लता मंगेशकर की जन्मस्थली है। आज हम जिस सभागृह में उपस्थित है वह लता मंगेशकर की स्मृति में बनाया गया है।



नारी शक्ति वंदन सम्मेलन में सभा को संबोधित करते मुख्यमंत्री।

**विभिन्न वर्गों की महिलाएं बड़ी संख्या में इंदौर के नारी शक्ति वंदन सम्मेलन में हुईं शामिल**

### यशोदा माता, पन्नाधाय, अहिल्याबाई और रानी दुर्गावती उत्कृष्ट का व्यक्तित्व अमर

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि अगर मां-बेटे का संबंध किसी को बताना है तो सिर्फ यशोदा मैया का नाम लेने से कृष्ण-कन्हैया का स्वतः ही स्मरण हो जाता है। यशोदा मैया के प्रण की पराकाष्ठा ऐसी थी कि उन्होंने अपनी संतान के प्राणों की चिंता न करते हुए कन्हैया का लालन-पालन किया। जब तक कन्हैया उनके पास रहे कभी बाल बराबर भी आंच नहीं आने दी। मुख्यमंत्री ने पन्ना धाय का उदाहरण देते हुए कहा कि एक मां ने राज परिवार के बच्चे के प्राणों की रक्षा के लिए अपने कलेजे के टुकड़े को आंखों के सामने बलिदान होते देखा। वहीं, इंदौर में सुशासन स्थापित करने वाली लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर ने प्रजा के हितों की रक्षा के लिए पूरा जीवन समर्पित कर दिया। उन्होंने कहा कि बहनें कभी हारने वाली नहीं हैं, अगर हार भी गईं तो पेशवाओं के माथे पर कलंक लगेगा।

#### रानी दुर्गावती ने अकबर के शासनकाल में 52 युद्ध लड़े

सीएम ने कहा कि महाकौशल की रानी दुर्गावती ने अकबर के शासनकाल में 52 युद्ध लड़े और सभी में विजय प्राप्त की थी। आखिरी युद्ध में दुश्मन सेना ने तोप का प्रयोग किया। तब रानी ने अपने महावत को आज्ञा पूर्वक खंजर सौंपते हुए कहा कि मैं आखिरी सांस तक युद्ध करूंगी।



नारी शक्ति वंदन सम्मेलन में मुख्यमंत्री।

#### विपक्षी दल करते हैं वंदेमातरम का अपमान

सीएम ने कहा कि यह दुर्भाग्य का विषय है कि विपक्षी दल वंदेमातरम का अपमान कर रहे हैं। इसी प्रकार से राम मंदिर के समय भी समाज को बांटने की कोशिश हुई थी। जब सुप्रीम कोर्ट ने तीन तलाक को खत्म कर दिया, तब भी विपक्षी दल की सरकार ने सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय को पलट दिया। पीएम के नेतृत्व में सुप्रीम कोर्ट के दो निर्णयों को लागू करवाया।

## महू में जीतू पटवारी ने किया नमन, कहा संविधान की रक्षा के लिए बाबा साहेब सदैव देते रहेंगे प्रेरणा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पटवारी ने भारत रत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती के अवसर पर उनकी जन्मस्थली डॉ. आंबेडकर नगर (महू) पहुंचकर श्रद्धा-सुमन अर्पित किए और उन्हें सादर नमन किया। इस अवसर पर पटवारी ने कहा कि बाबा साहब के विचार लोकतंत्र की मजबूती, समान अधिकार, सामाजिक न्याय और संविधान की रक्षा के लिए सदैव प्रेरणा देते रहेंगे। उन्होंने कहा कि हर वर्ग की भागीदारी और समानता का मार्ग ही बाबा साहब का सच्चा सपना था।

इसके पश्चात विधायक आतिफ अकील द्वारा आयोजित बाबा साहेब की प्रतिमा स्थापना एवं अनावरण कार्यक्रम में शामिल हुए। इस कार्यक्रम में भोपाल उत्तर विधानसभा के विधायक आतिफ अकील द्वारा बाबा साहब की प्रतिमा स्थापित की गई, जिसका अनावरण मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह एवं प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी द्वारा किया गया। इस अवसर पटवारी ने कहा कि बाबा साहब आंबेडकर को सच्ची श्रद्धांजलि तभी होगी जब हम उनके बताए रास्ते सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक समानता पर चलने का संकल्प लें।


माल्यार्पण करते पीसीसी चीफ पटवारी।

### जिला कांग्रेस ने बाबा साहेब को किया नमन

## समानता और मानव अधिकारों के समर्थक थे बाबा साहेबः सक्सेना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बाबा साहेब की जयंती पर कांग्रेस कमेटी द्वारा विभिन्न स्थानों पर श्रद्धापूर्वक कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रवीण सक्सेना के नेतृत्व में लिली टॉकीज चौराहा स्थित बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए। इसके पश्चात बोर्ड ऑफिस चौराहा स्थित प्रतिमा पर भी कांग्रेसजनों द्वारा पुष्पांजलि अर्पित कर बाबा साहब के विचारों को स्मरण किया गया। प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में कांग्रेस नेताओं ने बाबा साहब के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।


कांग्रेस नेताओं ने बाबा साहेब को किया नमन।

### डॉ. आंबेडकर से जुड़े विशेष व्याख्यान में आरएसएस के अशोक पांडेय ने सुनाए बाबा साहेब से जुड़े किस्से

# कुछ बातों में असहमति हो सकती है, लेकिन संघ के काम की मैं सराहना करता हूं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सतारा के कराड में डॉ. आंबेडकर आरएसएस की शाखा में गए थे। एक समाचार पत्र में प्रकाशित समाचार के अनुसार, डॉ. आंबेडकर ने कहा था कि कुछ बातों से असहमति हो सकती है, लेकिन संघ के काम की मैं सराहना करता हूं। यह बात मुख्य वक्ता एवं आरएसएस मध्यभारत प्रांत के प्रांत संघचालक अशोक पांडेय ने कही। सामाजिक समरसता के अग्रदूत डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती के अवसर पर "राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और डॉ. आंबेडकर" विषय पर विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। वक्ताओं ने आंबेडकर के व्यक्तित्व और कृतित्व को व्यापक परिप्रेक्ष्य में रखा।




#### पुणे के संघ शिक्षा वर्ग में भी आंबेडकर हुए थे शामिल

प्रांत संघचालक अशोक पांडेय ने कहा कि पुणे के संघ शिक्षा वर्ग में भी डॉ आंबेडकर शामिल हुए। वहां उन्होंने देखा कि सभी स्वयंसेवक सामाजिक समरसता के साथ रह रहे हैं। 1949 में संघ के तत्कालीन सरसंघचालक गुरुजी और डॉ. आंबेडकर की भेंट का उल्लेख भी किया।

#### गौरव का विषय कि डॉ. आंबेडकर का जन्म इसी भूमि पर हुआ : प्रकाश

मुख्य अतिथि एवं बाबा साहब भीमराव अंबेडकर केंद्रीय विश्वविद्यालय, लखनऊ के पूर्व कुलाधिपति प्रकाश बरतूनिया ने कहा कि यह मध्यप्रदेश के लिए गौरव का विषय है कि डॉ. आंबेडकर का जन्म इसी भूमि पर हुआ। उन्होंने बताया कि डॉ. आंबेडकर ने विश्व के अनेक संविधानों का अध्ययन किया।

#### आंबेडकर साहित्य का स्टॉल आकर्षण का केंद्र रहा

कार्यक्रम के दौरान आंबेडकर साहित्य का स्टॉल आकर्षण का केंद्र रहा। साथ ही "हिंदू गर्जना" के गो-विशेषांक का विमोचन भी किया गया। कार्यक्रम का संचालन सृष्टि झा ने किया और आभार प्रदर्शन विश्व संवाद केंद्र न्यास के पूर्व अध्यक्ष एवं संस्थापक न्यासी लक्ष्मेंद्र माहेश्वरी ने किया।

## भाजपा प्रदेश प्रभारी ने डॉ. आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया नमन


भाजपा प्रदेशाध्यक्ष ने बाबा साहेब की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भाजपा प्रदेश प्रभारी डॉ. महेन्द्र सिंह ने संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर मंगलवार को बोर्ड ऑफिस चौराहे स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया। इस अवसर पर प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष उषा अग्रवाल, जिला अध्यक्ष रविन्द्र यति सहित पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### पॉली हाउस में रोज कट फ्लावर की खेती से लाभ

**कट फ्लावर प्लांट से रोजाना हजारों की कमाई**

# पहले हम करते थे पारंपरिक खेती, जब से फूल लगाए, आय के नए रास्ते खुले

▶▶ लक्ष्मीबाई कुशवाह, आंत्रप्रेन्योर






आज मैं एक सामान्य महिला से बिजनेस टायकून बन गई हूं। मेरा गांव राजधानी के पास ही बरखेड़ा बोंदर है। ये सब मेरी मेहनत और नवाचार का ही नतीजा है कि खेती आज मेरे लिए सबकुछ है। मैंने उद्यानिकी विभाग की सहायता से संरक्षित खेती अपनाकर न केवल अपनी आय में इजाफा किया है, बल्कि क्षेत्र की अन्य महिलाएं और किसान भी मुझसे पूछते हैं और ये सब कैसे किया। शुरुआत में मुझे थोड़ा डर सा लगा था, लेकिन मैंने हिम्मत नहीं हारी और राष्ट्रीय विकास परियोजना के तहत तीन हजार वर्गफीट क्षेत्र में पॉली हाउस का निर्माण कराया, जिसकी लागत 25 लाख 32 हजार रुपए आई। इसमें शासन ने 12 लाख 66 हजार रुपए का अनुदान दिया। इस पूरे बिजनेस की शुरुआत एक पॉलीहाउस से हुई और यह पहल आज तीन अलग-अलग पॉलीहाउस तक पहुंच गई है, जहां वे फूलों की विभिन्न किस्मों की खेती की जा रही है। इसके अलावा मेरे पास अब मशीनें भी हैं, जिनकी मदद से यह काम आसान हो गया है।

आज स्थिति यह है कि यहां से रोजाना करीब तीन से चार हजार गुलाब के कट फ्लॉवर की सप्लाई की जा रही है, जिससे मुझे रोजाना 10 से 12 हजार रुपए की आमदनी होती है। वर्तमान में मेरे खेत में उगाए गए गुलाब भोपाल, इंदौर सहित प्रदेश के अन्य शहरों के साथ-साथ अन्य राज्यों के महानगरों तक भेजे जा रहे हैं। इससे मेरी मासिक आय 3 से 4 लाख रुपए तक पहुंच गई है।

#### रंग लाई 4 साल की मेहनत



पहले मेरा परिवार पारंपरिक खेती जैसे धान, सोयाबीन और गेहूं की खेती करता था, जिसमें लागत अधिक और मुनाफा कम मिलता था। इसके बाद वर्ष 2021-22 में मैंने संरक्षित खेती योजना के तहत पॉलीहाउस का निर्माण कराया। इसके बाद खेती का तरीका बदला और आय के नए रास्ते खुले। आज मैं गांव में सबसे आगे हूं।

### हर क्षेत्र में अपनी क्षमता साबित कर रही हैं महिलाएं

**देश की राजनीति व प्रशासनिक ढांचे को नई दिशा मिलेगी**

# निर्णय लेने वाली संस्थाओं में भागीदारी करने से महिलाओं को मिलेगी मजबूती

▶▶ संस्कृति जैन, आयुक्त, नगर निगम






लंबे समय से महिलाएं हर क्षेत्र में अपनी क्षमता साबित कर रही हैं, लेकिन निर्णय लेने वाली संस्थाओं में उनकी भागीदारी एक मजबूत पहल है। मुझे लगता है महिला सशक्तिकरण की दिशा में नारी शक्ति बिल समाज में महिलाओं की भूमिका को नई पहचान देने का अवसर भी है। जब स्थानीय निकायों से लेकर संसद तक महिलाओं की संख्या बढ़ेगी, तो नीतियों में संवेदनशीलता और व्यावहारिकता दोनों का समावेश होगा। महिलाओं की सोच में सामाजिक सरोकार, शिक्षा, स्वास्थ्य और परिवार जैसे मुद्दों को प्राथमिकता मिलती है, जिससे विकास अधिक संतुलित और जनहितकारी बनता है। भोपाल नगर निगम में महिला महिला कर्मचारियों और अधिकारियों की संख्या लगातार बढ़ रही है और उन्हें नेतृत्व की जिम्मेदारियां भी दी जा रही हैं। इससे उनमें नया विश्वास जन्म ले रहा है। वे अब पहले से अधिक आत्मविश्वासी हो गई हैं। इसके अलावा पूरे शहर की स्वच्छता, जल प्रबंधन और शहरी विकास जैसी योजनाओं में महिलाओं की सक्रिय भागीदारी है। इसलिए हमें परिवार और समाज दोनों स्तरों पर महिलाओं को समान अवसर और सम्मान देना होगा और यह नारी वंदन अधिनियम इसमें पूरा सहयोग देगा। तब हमारी नारी का स्थान समाज में अलग ही होगा और उसका जो आत्मविश्वास होगा उसके बलबूते वह अपने परिवार को नई ऊंचाइयां दे सकेगी।

#### परिवार भी होता है सशक्त

लोकसभा में नारी शक्ति बिल आने वाले समय में देश की राजनीति और प्रशासनिक ढांचे को नई दिशा मिलेगी। इससे न केवल महिलाओं को नेतृत्व का अवसर मिलेगा, बल्कि समाज के हर वर्ग को इसका लाभ पहुंचेगा और एक समावेशी, सशक्त भारत के निर्माण का मार्ग प्रशस्त होगा। जब एक महिला सशक्त होती है तो उसका प्रभाव केवल उसके व्यक्तिगत जीवन तक सीमित नहीं रहता, बल्कि उसका परिवार, समाज और पूरा देश प्रगति की दिशा में आगे बढ़ता है। देश में महिलाओं ने हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। शिक्षा, विज्ञान, प्रशासन, राजनीति, खेल, व्यापार और कला-हर जगह महिलाओं ने अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराई है।









**शहर में अब सफाई की स्मार्ट व्यवस्था...**

# न्यू मार्केट से शुरू होगा डिजिटल सफाई मॉडल, बड़े बाजारों में बनेगा वाट्सएप ग्रुप, आने वाले लोग दे सकेंगे अपना फीडबैक, उसके आधार पर बनेगी योजना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शहर के प्रमुख बाजारों में सफाई व्यवस्था को स्मार्ट और जवाबदेह बनाने के लिए नगर निगम नई पहल करने जा रहा है। अब बड़े बाजारों में सफाई व्यवस्था की निगरानी के लिए व्हाट्सएप ग्रुप बनाए जाएंगे। इसके अलावा बाजारों में खरीदारी करने आने वाले लोगों के लिए फीड बैक लेने की व्यवस्था होगी। उसके आधार पर योजना बनेगी और उस पर अमल होगा। यह डिजिटल सफाई मॉडल न्यू मार्केट से शुरू होगा। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी कार्य योजना बना रहे हैं।

निगम के इस प्लान के तहत संबंधित क्षेत्रों के अधिकारी और एएचओ (असिस्टेंट हेल्थ ऑफिसर) इस ग्रुप्स के माध्यम से लगातार मॉनिटरिंग करेंगे। बाजारों में सफाई की स्थिति, कचरा उठाव और अन्य समस्याओं पर तत्काल फीडबैक लिया जाएगा। यही नहीं ग्रुप पर मिलने वाले कचरे और गंदगी के फोटो पर जहां तुरंत सफाई होगी तो वहीं लापरवाही मिलने पर स्पॉट फाइन भी किया जाएगा। इस व्यवस्था का प्रयोग फिलहाल शहर के प्रमुख बाजारों जैसे न्यू मार्केट, दस नंबर मार्केट और बिट्टन मार्केट में किया जाएगा। यहां के व्यापारियों से चर्चा करने के बाद उन्हें ग्रुप से जोड़ा जाएगा। इसके बाद शहर के अन्य बाजारों में इस तरह के ग्रुप बनाए जाएंगे।

*न्यू मार्केट, दस नंबर, बिट्टन मार्केट जैसे बाजारों में होगा प्रयोग*

*सफल होने पर सभी बड़े बाजारों में बनेगी सफाई की स्मार्ट व्यवस्था*

*नगर निगम के अधिकारियों के साथ एएचओ करेंगे निगरानी*

## बाजार में पानी, बिजली, बैठक व्यवस्था पर दे सकेंगे सुझाव



फाइल फोटो

बाजार में खरीदारी करने पहुंचने वाले लोग किस तरह की सुविधा चाहते हैं उन्हें क्या परेशानी है या बाजार में पीने का पानी, सुलभ शौचालय, बिजली, बैठने के लिए बैंच जैसी सुविधाओं की जरूरत है तो वे अपने फीडबैक में दर्ज कर सकेंगे। निगम इस पर योजना बनाकर अमल करेगा, ताकि मार्केट मॉडल के रूप में विकसित हो सके।

### निगम का तर्क- नवाचार का प्लान तैयार, जल्द करेंगे शुरुआत

नगर निगम में नाइट स्वीपिंग के इंचार्ज अधिकारी नीतेश मिश्रा ने बताया कि राजधानी के बाजारों को मॉडल बनाने व सफाई व्यवस्था बेहतर करने को लेकर बाजारों में व्यापारियों से चर्चा करके वाटसएप ग्रुप बनाने की तैयारी है। आम लोगों से फीड बैक भी लिए जाएंगे। शहर के बडे बाजारों में इस तरह की व्यवस्था बनाई जाएगी।

## *शहर के बल्क गार्बेज जनरेटर्स होंगे चिन्हित नगर निगम करेगा सर्वे, होगा पंजीयन*

सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट रूल्स-2026 को लेकर नगर निगम प्रशासन ने शहर में बल्क गार्बेज जनरेटर्स को चिन्हित करने और सर्वे करने के निर्देश जारी किए हैं। जल्द ही जोन स्तर पर अधिकारी-कर्मचारी अपने-अपने क्षेत्रों में सर्वे करेंगे। इसके साथ की उनका पंजीयन भी होगा। मॉल, बड़े होटल, रेस्टोरेंट, रिसोर्ट, ऑफिस कॉम्पलेक्स, हॉस्पिटल, नर्सिंग होम, मेडिकल कॉलेज, स्कूल-कॉलेज यूनिवर्सिटी, हास्टल, हाउसिंग सोसायटी, सरकारी आवासीय परिसर, धार्मिक स्थल, स्टेडियम, बड़े कार्यक्रम स्थल, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन और एयरपोर्ट भी बल्क वेस्ट जनरेट की श्रेणी में आएंगे। इन संस्थानों को अब वेस्ट प्रोसेसिंग स्वयं करना होगी। नए नियमों के तहत जिन संस्थानों से 100 किलोग्राम से ज्यादा कचरा निकलता है उन्हें खुद ही अपने कचरे का निपटान करना होगा। अगर संबंधित संस्थान के पास निपटान की व्यवस्था नहीं है तो किसी रजिस्टर्ड कंपनी को कचरा देकर सेग्रीगेश का सर्टिफिकेट लेना होगा। इस व्यवस्था को लेकर निगम ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। एक अनुमान के अनुसार राजधानी में 5000 से ज्यादा ऐसे संस्थान हैं, जहां से 100 किलोग्राम से ज्यादा रोज कचरा निकलता है।

### निगम का स्वास्थ्य अमला करेगा निरीक्षण, देंगे रिपोर्ट

नगर निगम का जोन स्तर पर स्वास्थ्य अमला जिनमें सहायक स्वास्थ्य अधिकारी और मैदानी कर्मचारी शामिल होंगे सर्वे करेंगे। इसकी रिपोर्ट अपर आयुक्त को दी जाएगी। इस संबंध में निगम के स्वास्थ्य विभाग को निर्देश जारी कर दिए गए हैं।

### बल्क गार्बेज जनरेटर्स को चिन्हित करने के दिए हैं निर्देशः आयुक्त

निगम आयुक्त संस्कृति जैन ने बताया कि बल्क गार्बेज जनरेटर्स को चिन्हित करने और सर्वे करने के निर्देश स्वास्थ्य अमले को दिए हैं। साथ ही उनका पंजीयन भी करने के लिए कहा है।

### इंडेन के सिलेंडरों से गैस चोरी और सील टूटने की जांच करने पहुंची टीम

# डिपो पहुंचकर अमले ने तीन बार तौल करने के बाद पानी में डुबोकर निकाला गैस सिलेंडर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

इमलिया में सैनी इंडेन गैस एजेंसी परिसर में पकड़ा गया 342 सिलेंडरों से लदे ट्रक में 27 सिलेंडरों से दो से तीन किलो कम गैस मिलने और पांच सिलेंडरों की सील टूटी मिलने के बाद मंगलवार को खाद्य विभाग की टीम बकारिया स्थित इंडेन कंपनी के डिपो पहुंच गई। टीम ने यहां सिलेंडर भरने, तौल और उसकी डिलीवरी की प्रक्रिया देखी। अफसरों ने देखा कि एक सिलेंडर को तीन बार तौलने के बाद पानी में डुबोकर उसकी डिलीवरी की जाती है। टीम ने पकड़े गए ट्रक के संबंध में जानकारी मांगी है, जिसके आधार पर पता लगाया जाएगा कि सिलेंडरों से गैस कैसे निकली।

जिला आपूर्ति नियंत्रक चंद्रभान सिंह जादौन ने बताया कि सैनी इंडेन एजेंसी के इमलिया स्थित गोदाम पर मिला ट्रक एक दिन पहले रात आठ बजे डिपो से निकला था, लेकिन 13 घंटे बाद सुबह 9 बजे वह एजेंसी पर पहुंचा। जिसकी जांच करने पर 27 सिलेंडरों में दो से तीन किलो गैस कम मिली थी, जबकि पांच सिलेंडरों की सील टूटी हुई थी। इधर चालक का कहना है कि वह डिपो से गाड़ी निकालकर रात में सो गया था। इसके बाद सुबह होते ही सीधे एजेंसी के गोदाम पर ले आया। हालांकि अमला जांच कर गैस सिलेंडरों में गैस की कमी का पता लगा रहा है।

*13 घंटे में सैनी इंडेन एजेंसी इमलिया पहुंचा था 342 सिलेंडरों से भरा ट्रक*

## *70 सिलेंडर हटाने पर मिले थे कम गैस वाले सिलेंडर*

टीम ने जब गैस ट्रक में भरे 342 सिलेंडरों की जांच शुरु की तो शुरु के 70 सिलेंडर बराबर तौल के मिले, जबकि 27 सिलेंडर एक साथ कम गैस वाले थे। इसके साथ ही पांच सिलेंडरों की टूटी सील भी मिली थी। ऐसे में खाद्य विभाग के अफसर समझ नहीं पा रहे हैं कि गड़बड़ी ड्राइवर ने की है या डिपो से ही सिलेंडर में कम गैस भरी गई थी।

### सील दुकान में मिले 6 घरेलू सिलेंडर

पिछले दिनों नेहरू नगर स्थित श्रेष्ठ सेल्स सर्विस की दुकान पर घरेलू गैस सिलेंडर से अवैध तरीके से गैस रिफलिंग की शिकायत के बाद टीम ने दुकान को सील कर दिया था। जिसके बाद सोमवार को दुकान संचालक सोनू विश्वकर्मा के सामने सील दुकान को खोला गया। जिससे दुकान में 6 घरेलू गैस सिलेंडर और गैस रिफलिंग बंसी मिली। टीम ने सिलेंडर सहित बंसी जब्त कर ली है। सोनू गैस चूल्हा रिप्येरिंग की आड़ में गैस रिफलिंग का काम कर रहा था।

**इंडेन की एजेंसियों पर भीड़**

## धूप में लाइन, चार घंटे में मिला एचपी का सिलेंडर



नारियलखेड़ा में गैस सिलेंडर के लिए लगी लोगों की लाइन।

राजधानी में एक महीने बाद भी घरेलू सिलेंडरों की किल्लत कम होने का नाम नहीं ले रही है। अफसरों का तर्क है कि पैनिक बुकिंग की वजह से यह हालात बन रहे हैं। इधर इंडेन कंपनी में अब तक सिलेंडर बुक करने पर एक सप्ताह की वेटिंग आ रही हैं। इसी बीत मंगलवार को नारियलखेड़ा स्थित एचपी आइडियल गैस एजेंसी पर सिलेंडर लेने वालों की कतार हजार तक पहुंच गई, यहां पर सुबह साढ़े पांच बजे से लाइन लग गई थी, जबकि सिलेंडर वितरण का काम 12 बजे से शुरु किया गया। नारियल खेड़ा में मस्जिद के पास स्थित आइडियल गैस एजेंसी के गोदाम में टंकी लिए लोगों की लंबी-लंबी कतारें लगी रहीं। अपनी बारी का इंतजार कर रहे लोगों का कहना है कि वे पिछले 4 दिनों से लाइनों में लगे हुए हैं, लेकिन अब तक गैस की गाड़ी नहीं आई। उन्हें सुबह से खड़ा कर दिया जाता है और शाम को कह दिया जाता है कि आज गाड़ी नहीं आएगी। हालांकि मंगलवार को दोपहर 12 बजे 150 सिलेंडरों से भरा ट्रक आया और सिलेंडरों का वितरण किया गया।

## पाइपलाइन बिछी है तो पीएनजी लें, अब तक 2925 स्थानों पर जांच, 4369 सिलेंडर जब्त

राज्य सरकार ने पीएनजी उपभोक्ताओं से कहा कि पीएनजी पाइपलाइन जिन क्षेत्रों में बिछ चुकी है, उस क्षेत्र के उपभोक्ता पीएनजी कनेक्शन जरूर लें। इससे उन्हें गैस सिलेंडर लेने की जरूरत नहीं पड़ेगी। गैस की सतत आपूर्ति होगी। उपभोक्ताओं से आग्रह है कि किसी तरह का भ्रम नहीं पालें। पीएनजी पूरी तरह से सुरक्षित है। खाद्य मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने कहा कि प्रदेश में आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत एलपीजी की कालाबाजारी रोकने के लिए निरंतर कार्रवाई की जा रही है, अभी तक 2925 स्थानों पर जांच की गई, 4369 एलपीजी सिलेंडर जब्त किए गए तथा 11 प्रकरणों में एफआईआर दर्ज कराई गई। मप्र में 753 रिटेल आउटलेट (पेट्रोल पंप) की जांच कराई गई है। इसमें 1 प्रकरण में एफआईआर दर्ज कराई गई है। प्रदेश के समस्त जिला आपूर्ति नियंत्रक, अधिकारी एवं ऑयल कंपनी के अधिकारियों को सतत रूप से पेट्रोल पंपों की जांच करने के निर्देश दिए गए हैं। मंत्री राजपूत ने कहा कि प्रदेश में पर्याप्त मात्रा में पेट्रोलियम पदार्थ उपलब्ध है। भारत में कच्चे तेल का पर्याप्त भण्डार है।

### रसोई गैस की स्थिति

रसोई गैस का प्रदेश के बॉटलिंग प्लांटों में घरेलू एवं कॉमर्शियल एलपीजी का पर्याप्त स्टॉक बनाए रखा गया है। घरेलू गैस उपभोक्ताओं की ओर से की गई बुकिंग के विरूद्ध एलपीजी सिलेण्डर का प्रदाय निरंतर रूप से किया जा रहा है। साथ ही कॉमर्शियल उपभोक्ताओं को शासन द्वारा तय किये गये प्राथमिकता क्रम अनुसार आवंटन प्रतिशत के आधार पर कमर्शियल गैस सिलेण्डरों की सप्लाई सतत रूप से की जा रही है। घरेलू एवं कॉमर्शियल की सप्लाई में अवरोध नहीं है। घरेलू एवं कॉमर्शियल सिलेण्डर की सप्लाई एवं वितरण सामान्य है।

### प्राथमिकता क्रम अनुसार सप्लाई निरंतर जारी रखने के निर्देश

मंत्री राजपूत ने भारत सरकार की ओर से निर्धारित 70% सीमा के अधीन संस्थाओं एवं प्रतिष्ठानों को तय किए गए प्राथमिकता क्रम अनुसार सप्लाई निरंतर जारी रखने के निर्देश दिए हैं। यह भी ध्यान रखा जाए कि सड़क पर कारोबार कर रहे छोटे व्यवसायी (स्ट्रीट वेण्डर) को भी उक्त अनुसार कमर्शियल सिलेंडर प्रदाय किए जाएं। ग्राहकों की जरूरतों को पूरा करने के लिए सभी प्लांट अतिरिक्त समय तक काम कर रहे हैं। प्रदेश के जिलों में स्थित बॉटलिंग प्लांट तथा वितरकों के पास उपलब्धता एवं प्रदाय की सतत रूप से समीक्षा की जा रही है।

### इलाज कराकर बाइक से पति के साथ घर लौट रही थी महिला

# सड़क पर सांडों की लड़ाई बनी जानलेवा बाइक से गिरी महिला, अस्पताल में मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



प्रतीकात्मक फोटो

राजधानी भोपाल में आवारा सांडों की लड़ाई एक महिला की मौत का कारण बन गई। कोहेफिजा इलाके में दो सांडों के बीच चल रही भिड़ंत के दौरान एक सांड अचानक सड़क पर आ गया, जिससे बाइक असंतुलित हो गई और महिला गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस के अनुसार, 44 वर्षीय मेघा शर्मा अपने पति विवेक शर्मा के साथ लालघाटी स्थित एक निजी अस्पताल से इलाज कराकर घर लौट रही थीं। इसी दौरान रास्ते में दो सांड आपस में लड़ रहे थे। अचानक एक सांड उनकी बाइक के सामने आ गया, जिससे बाइक का संतुलन बिगड़ गया और मेघा शर्मा सड़क पर गिर पड़ीं। गिरने से उनके सिर में गंभीर चोट आई। पति ने तत्काल उन्हें उठाकर नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया। डॉक्टरों ने इलाज शुरू किया, लेकिन सिर में ब्लड क्लॉटिंग होने के कारण उनकी हालत बिगड़ती गई। करीब शाम 6 बजे डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

### किसी के पालतू हैं या आवारा थे सांड

बताया जा रहा है कि घटना दोपहर करीब 2 बजे की है। पत्नी को अस्पताल में भर्ती कराने के बाद पति बाहर इंतजार कर रहा था, तभी शाम को उसे पत्नी की मौत की सूचना दी गई। कोहेफिजा थाना पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। थाना प्रभारी के अनुसार, यह पता लगाया जा रहा है कि सांड कहां से आए और क्या ये किसी के पालतू हैं या आवारा थे। आसपास के लोगों से भी पूछताछ की जा रही है। इस घटना ने एक बार फिर शहर में आवारा मवेशियों की समस्या को उजागर कर दिया है। लगातार सामने आ रही ऐसी घटनाओं के बावजूद अब तक ठोस कार्रवाई नहीं होने से लोगों में नाराजगी है।

### सीएम आज घोषित करेंगे एमपी बोर्ड कक्षा 10वीं और 12वीं के परीक्षा परिणाम



भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव बुधवार को समत्व भवन, भोपाल से एमपी बोर्ड कक्षा 10वीं, 12वीं एवं विद्यालय पूर्व शिक्षा में डिप्लोमा (डीपीएसई) मुख्य परीक्षा 2026 के परीक्षा परिणाम घोषित करेंगे। यह परिणाम 15 अप्रैल को सुबह 11 बजे जारी किया जाएगा। माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा विद्यार्थियों की सुविधा के लिए विभिन्न वेबसाइटों पर परिणाम देखने की व्यवस्था की गई है। छात्र-छात्राएं अपना रिजल्ट मोबाइल ऐप, डिजिलॉकर के माध्यम से भी अपना परीक्षा परिणाम आसानी से देख सकेंगे।

इन वेबसाइट पर भी परिणाम
**mpbse.mponline.gov.in**
**www.digilocker.gov.in/web/dashboard/issuers**
**www.fastresult.in**

### पुलिस के हवाले किया, अब जांच शुरू

## एयरपोर्ट पर विदेशी फोटोग्राफर्स से फायर किया हुआ कारतूस मिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर

राज भोज एयरपोर्ट पर मंगलवार को एयरलाइन सुरक्षा कर्मियों द्वारा विदेशी फोटोग्राफर्स के चेक-इन बैगेज की स्क्रीनिंग के दौरान 7.62 × 39 मिमी का एक खाली फायर किया हुआ कारतूस बरामद किया गया। उक्त विदेशी फोटोग्राफर्स से कोई दस्तावेज न मिलने पर उसे गांधीनगर पुलिस के हवाले किया गया। पुलिस अब इस मामले की जांच की कर रही है।

यह कारतूस मुंबई जाने वाली एयर इंडिया की फ्लाइट AI-634 से यात्रा कर रहे एक विदेशी यात्री के ट्रॉली बैग में पाया गया। पूछताछ के दौरान यात्री, जो सतपुड़ा क्षेत्र में भ्रमण पर आए एक वाइल्डलाइफ फोटोग्राफर थे, ने कारतूस की उपस्थिति के प्रति अनभिज्ञता जताई तथा कोई वैध अनुमति/दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सके।



फाइल फोटो

बीसीएएस मानकों के अनुसार यात्री एवं बरामद कारतूस को आगे की जांच एवं आवश्यक कार्रवाई के लिए थाना गांधी नगर को सुपुर्द किया गया। गांधी नगर थाना प्रभारी ने बताया कि इस मामले की जांच की जा रही है।

### फील्ड में उतरेंगे छह हजार प्रगणक

## कल से खुद ऑनलाइन जनगणना की फीडिंग कर सकेंगे, एक मई से घर आएंगे जनगणना कर्मचारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मकान नंबर, छत-दीवार कैसी है, मकान की वर्तमान स्थिति, उसका उपयोग, घर में रहने वाले लोगों की संख्या, परिवार के मुखिया का नाम, पेयजल का मुख्य स्रोत, शौचालय का प्रकार, टेलीविजन, इंटरनेट सुविधा है या नहीं, साइकिल, स्कूटर, कार, मोबाइल नंबर समेत 33 तरह की जानकारी अगर घर आकर मांगे तो आप चौंकिएगा नहीं।

दरअसल एक मई से पंद्रह साल बाद देशभर में जनगणना शुरु होने जा रही है। जिसके लिए भोपाल में छह हजार कर्मचारियों को तैनात किया गया है। आम लोग 16 से 30 अप्रैल तक खुद ही अपनी जानकारी ऑनलाइन दर्ज कर सकेंगे। इसके बाद मप्र के लिए सेल्फ एन्युमरेशन विंडो बंद हो जाएगी। इसके बाद 1 मई से 30 मई तक प्रदेशभर में मकान लिस्टिंग के लिए डोर-टू-डोर मैदानी सर्वे शुरू हो जाएगा। जनगणना के काम को लेकर कर्मचारियों को ट्रेनिंग दे दी गई है। जिला जनगणना अधिकारी भुवन गुप्ता ने बताया कि जनगणना दो चरण में होगी। एक से 30 मई तक मकान लिस्टिंग का काम होगा। दूसरे फेज में अगले साल जनगणना का काम होगा। जिले के शहरी क्षेत्र को 25 जोन में बांटा गया है। जिसमें जोन स्तर पर 5 हजार 42 प्रगणकों की नियुक्ति की है, जबकि ग्रामीण क्षेत्र में 907 प्रगणकों को तैनात किया गया है। एक प्रगणक को 200 मकानों की गणना करनी है।

### शॉलीमार ट्रेड सेंटर की स्ट्रक्चरल रिपोर्ट आने के बाद होगा खुदाई का काम

# भोपाल मेट्रोः जमीन के 24 मीटर नीचे टनल बोरिंग मशीन की थ्रस्ट बूस्टिंग का काम पूरा

*टीबीएम दुर्गावती की 30 मार्च को विशेष शाफ्ट के माध्यम से लॉन्चिंग की गई थी*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भोपाल मेट्रो के लिए रेलवे स्टेशन से पुल पातरा तक अंडरग्राउंड टनल निर्माण के लिए टनल बोरिंग मशीन की थ्रस्ट बूस्टिंग भूमि के 24 मीटर नीचे पूरी कर ली गई है, लेकिन अभी खुदाई का काम शुरू नहीं हुआ है। अल्पना तिराहे पर टनल रूट के ऊपर 45 साल पुराने जर्जर भवन की सुरक्षा का मामला सामने आने के बाद यह काम रुका है। अब खुदाई का काम शॉलीमार ट्रेड सेंटर की स्ट्रक्चरल रिपोर्ट आने के बाद शुरू हो सकेगा।

टीबीएम दुर्गावती को 30 मार्च को विशेष शाफ्ट के माध्यम से लॉन्चिंग की गई थी। उसके बाद थ्रस्ट बूस्टिंग का काम तकनीकी एक्सपर्ट की मौजूदगी में किया जा रहा था। यह काम पूरा कर लिया गया है। दरअसल खुदाई के पूर्व उक्त मशीन को भूमि के नीचे खुदाई के तकनीकी पहलुओं की जांच-परख और एक्सपर्ट का एप्रूव्यल देना होता है। यह सारी प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। अब केवल अल्पना तिराहे पर 45 साल पुराने भवन की स्ट्रक्चरल रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है। अगर रिपोर्ट ठीक आती है तो मशीन से खुदाई तत्काल शुरू हो जाएगी। अगर भवन को खाली करवाने की नौबत आती है तो उसमें समय लग सकता है। क्योंकि भवन को खाली करवाना, विस्थापन और आसपास सुरक्षा इंतजामों के बाद ही यह काम हो सकेगा।

इधर मेट्रो प्रशासन का कहना है कि मेट्रो प्रशासन टनल की खुदाई के लिए पूरी तरह से तैयार है। स्ट्रक्चरल रिपोर्ट का मामला निगम के अधीन है। अब रिपोर्ट आने के बाद भी खुदाई का काम शुरू हो सकेगा।

45 साल पुरानी छह मंजिला इमारत का मैनिट के विशेषज्ञों ने किया है सर्वे

भवन को खाली करवाने पर कार्य में समय लग सकता है

### गर्डर लांचिंग के लिए ब्लॉक पहुंचना शुरू





टीबीएम का फाइल फोटो

पुराने शहर के करोंद रूट पर मेट्रो के लिए तैयार पिलर पर गर्डर लांचिंग तेज हो गई है। इसके लिए यहां ब्लॉक पहुंचना शुरू हो गए हैं जबकि भदभदा रूट पर भी यह काम तेजी से चल रहा है। पुल बोगदा से रत्नागिरी तक मेट्रो के लिए पिलर बनाने का काम चल रहा है। मेट्रो प्रशासन का तर्क है कि पिपलानी पेट्रोल पंप चौराहे से जेके रोड पर अधिकांश पिलर तैयार हैं। जल्द ही यहां गर्डर लांचिंग के लिए ब्लॉक पहुंचना शुरू हो जाएंगे।

## खबर संक्षेप

### आंबेडकर जयंती पर शेयर विदेशी मुद्रा बाजार रहे बंद

**मुंबई।** डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर जयंती के उपलक्ष्य में मंगलवार को शेयर, रुपया, जिंस और सर्राफा बाजार बंद रहे। गिफ्ट निफ्टी में कारोबार जारी रहा। विदेशी मुद्रा बाजार में कारोबार नहीं हुआ। रोज की तरह बुधवार को शेयर, मुद्रा, जिंस और सराफा बाजार खुले रहेंगे।

### स्टार एयर 25 अप्रैल से मुंद्रा के लिए शुरू करेगी उड़ानें

**मुंबई।** क्षेत्रीय एयरलाइन स्टार एयर ने 25 अप्रैल से गुजरात के बंदरगाह



शहर मुंद्रा के लिए 38 साप्ताहिक सीधी उड़ानें शुरू करने की घोषणा की। स्टार एयर ने कहा कि पश्चिमी एवं उत्तरी भारत के छह प्रमुख शहरों से मुंद्रा के लिए उड़ानें शुरू होने से हर महीने 17,000 से अधिक अतिरिक्त सीटें उपलब्ध होंगी, जिससे क्षेत्र में हवाई संपर्क और आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा।

### एलआईसी मौजूदा शेयर पर देगी एक बोनस शेयर

**नई दिल्ली।** देश की सबसे बड़ी जीवन बीमा कंपनी एलआईसी ने कहा कि उसके निदेशक मंडल ने प्रत्येक मौजूदा शेयर पर एक बोनस शेयर जारी करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि निदेशक मंडल की सोमवार को हुई बैठक में बोनस शेयर जारी करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी। बोनस शेयर का निर्गम 31 दिसंबर, 2025 तक की संचित निधि और अधिशेष से 6,325 करोड़ रुपये का पूंजीकरण कर किया जाएगा।

### मंत्रालय का पोर्टल से रोजगार बढ़ाने दो कंपनियों से करार




**नई दिल्ली।** श्रम एवं रोजगार मंत्रालय ने रोजगार के अवसरों का विस्तार करने और राष्ट्रीय करियर सेवा (एनसीएस) पोर्टल के माध्यम से डिजिटल नौकरी मिलान को मजबूत करने के लिए पोर्टर और गिगिन टेक्नोलॉजीज के साथ शुरुआती समझौते पर हस्ताक्षर किए। श्रम मंत्रालय के बयान में कहा गया कि पोर्टर से बड़े पैमाने पर लॉजिस्टिक्स और ड्राइविंग के अवसर पैदा होने की उम्मीद है और 2030 तक 30 लाख से अधिक अवसरों के सृजन का लक्ष्य है।

### जस्ट डायल का लाभ 37% घटकर 100 करोड़ रुपए

**नई दिल्ली।** सर्च इंजन कंपनी जस्ट डायल लिमिटेड का वित्त वर्ष 2025-26 की जनवरी-मार्च तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 36.54 प्रतिशत की गिरावट के साथ




100 करोड़ रुपये रह गया। कंपनी ने वित्त वर्ष 2024-25 की समान तिमाही में 157.6 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था। कंपनी ने बताया कि समीक्षाधीन तिमाही में उसकी परिचालन आय 6.23 प्रतिशत बढ़कर 307.24 करोड़ रुपये हो गई, जो वित्त वर्ष 2024-25 की इसी अवधि में 289.2 करोड़ रुपये थी।

### सिफी टेक्नोलॉजीज का घाटा कम होकर 36.1 करोड़ रुपए

**नई दिल्ली।** एकीकृत सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी (आईसीटी) समाधान और सेवाएं देने वाली कंपनी सिफी टेक्नोलॉजीज का वित्त वर्ष 2025-26 की जनवरी-




मार्च तिमाही में घाटा कम होकर 36.1 करोड़ रुपये रह गया। वित्त वर्ष 2024-25 की समान तिमाही में कंपनी को 57.8 करोड़ रुपये का घाटा हुआ था। कंपनी ने मंगलवार को बताया कि समीक्षाधीन तिमाही में उसकी आय बढ़कर 1,202.5 करोड़ रुपये हो गई, जो वित्त वर्ष 2024-25 की जनवरी-मार्च तिमाही में 969.9 करोड़ रुपये थी।

# भारत 2026 में बनेगा दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा सौर ऊर्जा बाजार : एनएसईएफआई

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत सालाना सौर ऊर्जा क्षमता स्थापित करने के मामले में 2026 तक विश्व का दूसरा सबसे बड़ा सौर ऊर्जा बाजार बनने की राह पर है। नेशनल सोलर एनर्जी फेडरेशन ऑफ इंडिया (एनएसईएफआई) ने बुधवार को यह बात कही। एनएसईएफआई के बयान के अनुसार, भारत ने मात्र 14 महीनों में 50 गीगावाट सौर ऊर्जा क्षमता जोड़कर अब तक की सबसे तेज वृद्धि हासिल की है और 150 गीगावाट का महत्वपूर्ण लक्ष्य हासिल कर लिया है। यह तेज वृद्धि है। पहले 50 गीगावाट तक पहुंचने में 11 साल लगे थे। उसके बाद 100 गीगावाट तक पहुंचने में लगभग तीन साल लगे हैं।

## नेशनल सोलर एनर्जी फेडरेशन ने की भविष्यवाणी

### भारत का 2030 तक 500 गीगावाट उत्पादन का लक्ष्य

एनएसईएफआई के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) सुब्रह्मण्यम पुलिपाका ने कहा कि भारत के 2030 तक 500 गीगावाट स्वच्छ ऊर्जा क्षमता के लक्ष्य को पूरा करने के लिए सौर ऊर्जा 280 से 300 गीगावाट तक पहुंचने का अनुमान है। वर्तमान गति के साथ, भारत 50 गीगावाट की वार्षिक वृद्धि के लक्ष्य के करीब पहुंच रहा है, जो इस लक्ष्य के साथ पूरी तरह से मेल खाता है।



### अलग से नीति लाने की मांग

पुलिपाका ने कहा वास्तव में, पीएम सूर्य घर जैसी पहल, आगामी पीएम कुसुम 2.0, 'फ्लोटिंग' सौर संयंत्र के लिए अलग से नीति और राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन से जुड़ी बढ़ती मांग के कारण, देश में सौर ऊर्जा क्षमता इन अनुमानों से कहीं अधिक बढ़ने की काफी संभावना है।

### दूसरे स्थान के लिए प्रतिस्पर्धा कर रहा भारत

वैश्विक परिदृश्यों में बदलाव के बीच, एनएसईएफआई का अनुमान है कि भारत वार्षिक क्षमता स्थापित किये जाने के मामले में 2026 तक दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा सौर ऊर्जा बाजार बनने की राह पर है। एनएसईएफआई ने कहा कि वैश्विक रुझान अमेरिका और यूरोपीय संघ जैसे प्रमुख बाजारों में क्षमता वृद्धि में संभावित नरमी का संकेत दे रहे हैं, जो वर्तमान में वार्षिक स्थापित क्षमता के मामले में दूसरे स्थान के लिए प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं। पुलिपाका ने कहा कि इसके उलट, भारत नवीकरणीय ऊर्जा के विकास में लगातार तेजी ला रहा है और प्रमुख लक्ष्यों को लगातार पार कर रहा है।

## उद्देश्य इस्पात उद्योग को स्थिर आपूर्ति सुनिश्चित करना

# सरकार ने निचले ग्रेड के लौह अयस्क की कीमत निर्धारण के नियमों में किया संशोधन

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सरकार ने निम्न श्रेणी के लौह अयस्क के लिए मूल्य निर्धारण मानदंडों में संशोधन करने को नियमों में बदलाव की मंगलवार को घोषणा की। इस कदम का उद्देश्य बर्बादी पर अंकुश लगाना और ऐसे भंडार के उपयोग को बढ़ाना है ताकि इस्पात उद्योग को स्थिर आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके। इससे निचले ग्रेड वाले संसाधनों को व्यवहार्य उपयोग में लाने की उम्मीद है जिससे उच्च ग्रेड के भंडार की कमी की समस्या का समाधान होगा और वैज्ञानिक खनन पद्धतियों के माध्यम से खनिज संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा।

- निचले ग्रेड वाले संसाधनों को उपयोग में लाने की उम्मीद बढ़ेगी

### बैंडेड हेमाटाइट निम्न श्रेणी का अयस्क

खनन मंत्रालय के अनुसार, यह संशोधन 45 प्रतिशत की सीमा से कम लौह (एफई) सामग्री वाले लौह अयस्क के मूल्य निर्धारण के लिए एक ढांचा प्रदान करता है जिसमें बीएचक्यू और बीएचजे भी शामिल हैं। बैंडेड हेमाटाइट क्वार्टजाइट और बैंडेड हेमाटाइट जैस्पर निम्न श्रेणी की 'प्रीकैम्ब्रियन' लौह-युक्त चट्टानें हैं जिन्हें अक्सर निम्न श्रेणी के अयस्क के रूप में माना जाता है।

**खास बातें**

- उच्च ग्रेड के भंडार की कमी की समस्या का समाधान होगा
- वैज्ञानिक खनन पद्धतियों से खनिज संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा



### प्रसंस्करण व परिशोधन प्रौद्योगिकी में प्रगति

किसी खनिज का सीमा मूल्य वह स्तर होता है जिसके नीचे खनन के बाद प्राप्त सामग्री को अपशिष्ट के रूप में छोड़ा दिया जाता है। प्रसंस्करण एवं परिशोधन (बेनीफिसिएशन) प्रौद्योगिकियों में प्रगति से बीएचक्यू तथा बीएचजे जैसे सीमा से नीचे के लौह अयस्क संसाधनों को उन्नत कर उच्च श्रेणी के अयस्क में बदलना संभव हो गया है, जो इस्पात उत्पादन के लिए कच्चे माल के रूप में उपयुक्त है।

### अलग मूल्य निर्धारण लागू नहीं था

मंत्रालय ने कहा कि इसके लिए निम्न श्रेणी के अयस्क के परिशोधन को एक समर्पित नीतिगत ढांचे की आवश्यकता थी। इस संशोधन से पहले, ऐसे निम्न श्रेणी के अयस्कों के लिए कोई अलग मूल्य निर्धारण लागू नहीं था। मंत्रालय ने कहा, परिणामस्वरूप, उच्च श्रेणी के (45–51 प्रतिशत एफई) अयस्क का एएसपी ही रॉयल्टी और अन्य शुल्क निर्धारित करता था जिससे परिशोधन आर्थिक रूप से अव्यावहारिक हो जाता था। बयान के अनुसार, '' निम्न श्रेणी के संसाधनों को उपयोगी श्रेणी में लाने से उच्च श्रेणी के लौह अयस्क संसाधनों के क्षरण की चिंता दूर होगी और इस्पात उद्योग को खनिजों की स्थिर आपूर्ति सुनिश्चित होगी।

### एएसपी प्रकाशन की पद्धति निर्धारित की गई

आधिकारिक बयान में कहा गया, '' खान मंत्रालय ने 10 अप्रैल, 2026 को 'खनिज (परमाणु एवं हाइड्रोकार्बन ऊर्जा खनिजों को छोड़कर) रियायत (तृतीय संशोधन) नियम, 2026' अधिसूचित किए हैं जिनमें सीमा मूल्य से नीचे 'हेमाटाइट' लौह अयस्क के औसत विक्रय मूल्य (एएसपी) के प्रकाशन की पद्धति निर्धारित की गई है। इसमें 'बैंडेड हेमाटाइट क्वार्टजाइट '(बीएचक्यू) और 'बैंडेड हेमाटाइट जैस्पर' (बीएचजे) भी शामिल हैं।''

### 35 प्रतिशत से कम एफई का मानक 50 फीसदी होगा

संशोधित नियमों के तहत, 35 प्रतिशत से 45 प्रतिशत से कम एफई सामग्री वाले लौह अयस्क के लिए औसत विक्रय मूल्य (एएसपी), 45 प्रतिशत से 51 प्रतिशत से निम्न श्रेणी वाले अयस्क के एएसपी का 75 प्रतिशत निर्धारित किया जाएगा। वहीं 35 प्रतिशत से कम एफई सामग्री वाले अयस्क के लिए एएसपी इसी मानक का 50 प्रतिशत होगा।

# कार्पोरेट जगत में होगी पहले से अधिक भर्ती

एजेंसी ▶▶| मुंबई

कर्मचारियों के नौकरी छोड़ने की दर में तेजी से जुड़ी चिंताओं के बीच भारतीय कॉरपोरेट जगत में 2026-27 के दौरान भर्ती मुख्य रूप से मझोले स्तर के पदों पर केंद्रित रहने और वेतन वृद्धि पांच से 10 प्रतिशत रहने का अनुमान है। मंगलवार को एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। कार्यबल भर्ती से जुड़ी कंपनी जीनियस एचआरटेक की यह रिपोर्ट कहती है कि 49 प्रतिशत कंपनियों ने मझोले स्तर के पेशेवरों की भर्ती पर प्रमुख रूप से ध्यान केंद्रित करने की बात कही है। कुल कार्यबल विस्तार के संदर्भ में 28 प्रतिशत संगठनों ने 10-15 प्रतिशत से अधिक की भर्ती वृद्धि की योजना जताई, जबकि 43 प्रतिशत ने शून्य से पांच प्रतिशत की सीमित बढ़ोतरी का अनुमान व्यक्त किया। वेतन के मोर्चे पर 46 प्रतिशत

- जीनियस एचआरटेक ने जारी की रिपोर्ट




कंपनियां पांच से 10 प्रतिशत वृद्धि की योजना बना रही हैं, जबकि 34 प्रतिशत कंपनियों ने 10 प्रतिशत से अधिक बढ़ोतरी का संकेत दिया है। नए श्रम कानूनों के लागू होने से 57 प्रतिशत कंपनियां अपने वेतन ढांचे में बड़े बदलाव की तैयारी कर रही हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, वेतन वृद्धि का सबसे अधिक लाभ मध्यम-वरिष्ठ स्तर के कर्मचारियों (48 प्रतिशत) को मिलने की संभावना है, जबकि कनिष्ठ एवं वरिष्ठ स्तर का हिस्सा क्रमशः 26 एवं 22 प्रतिशत रहेगा। कर्मचारियों का नौकरी छोड़ना कंपनियों के लिए चिंता का प्रमुख विषय बना हुआ है। करीब 55 प्रतिशत संगठनों ने 10-20 प्रतिशत कर्मचारियों के नौकरी छोड़ने का अनुमान जताया।

### नौकरी छोड़ने का कारण बेहतर अवसर, वेतन व करियर

रिपोर्ट कहती है कि खासकर युवा कर्मचारियों में काम का लचीलापन, उद्देश्य और तेज करियर प्रगति जैसी अपेक्षाएं नौकरी छोड़ने की स्थिति को प्रभावित कर रही हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, करीब 43 प्रतिशत संगठनों का मानना है कि कर्मचारियों के नौकरी छोड़ने में नौकरी की सुरक्षा की भूमिका सीमित या मध्यम है जबकि वेतन एवं करियर में बेहतर अवसर जैसे कारक अधिक प्रभावी हैं।

# अतिरिक्त माल ढुलाई पर अब प्रतिशत के आधार पर शुल्क



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने माल ढुलाई वाहनों में उनकी क्षमता से अतिरिक्त भार पर शुल्क संरचना में बदलाव किया है। अब राष्ट्रीय राजमार्गों पर अधिक भार लेकर चलने वाले वाहनों से जितना अतिरिक्त भार होगा उसी के आधार पर शुल्क वसूला जाएगा। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने मंगलवार को कहा कि उसने राष्ट्रीय राजमार्ग शुल्क (दर और संग्रह का निर्धारण) चौथा संशोधन नियम, 2026 अधिसूचित किया है, जिसका उद्देश्य प्रवर्तन को मजबूत करना और राष्ट्रीय राजमार्गों पर अतिरिक्त भार वाले वाहनों के लिए तर्कसंगत शुल्क संग्रह सुनिश्चित करना है। संशोधित नियम 15 अप्रैल, 2026 से प्रभावी होंगे।

- नए नियम आज से लागू

### 10 फीसदी तक अतिरिक्त भार पर कोई शुल्क नहीं

मंत्रालय के अनुसार, 10 प्रतिशत तक अतिरिक्त भार पर कोई शुल्क नहीं लगेगा। 10 प्रतिशत से अधिक और 40 प्रतिशत तक अतिरिक्त भार होने पर मूल दर का दोगुना शुल्क लिया जाएगा, जबकि 40 प्रतिशत से अधिक अतिरिक्त भार पर मूल दर का चार गुना शुल्क वसूला जाएगा।

# सेन्को ने बैंगल उत्सव 2026 लॉन्च किया

एजेंसी ▶▶| कोलकाता

सेन्को गोल्ड एंड डायमण्ड्स जो पूरे भारत में प्रसिद्ध एक अग्रणी ज्वेलरी रिटेल ब्रांड है और जिसकी विरासत 85 वर्षों से अधिक पुरानी है, पूर्वी भारत में शो-रूम की संख्या के आधार पर सबसे बड़ा ज्वेलरी रिटेलर है, जिसके देशभर में 200 से अधिक आउटलेट्स हैं। ब्रांड ने अपने नए बैंगल उत्सव के लॉन्च की घोषणा की है, साथ ही पोइला बोइशाख और अक्षय तृतीया जैसे शुभ अवसरों पर विशेष ऑफर्स भी पेश किए हैं। ये




त्योहार पश्चिम बंगाल और पूरे भारत में अत्यंत श्रद्धा के साथ मनाए जाते हैं और पारंपरिक रूप से सोना खरीदने और अन्य कीमती धातुओं में निवेश के लिए अत्यंत शुभ माने जाते हैं, जो सौभाग्य और समृद्धि का प्रतीक हैं।

सेन्को के 85+ गौरवशाली वर्षों के जश्न के अवसर पर, ब्रांड हर फिलिग्री, नक्काशी कारीगरी और डायमंड सेटिंग के पीछे काम करने वाले कारीगरों को सम्मान देता है वे सच्चे कलाकार हैं जिनकी मेहनत और जुनून हर ज्वेलरी को जीवन प्रदान करते हैं।

सेन्को का बैंगल उत्सव आधुनिक भारतीय युवाओं की भावना का उत्सव है जो उनके हाथों के माध्यम से व्यक्त होती है: निडर, निरंतर सक्रिय और गहराई से अभिव्यक्तिपूर्ण। यह अभियान दो समानांतर कहानियों के माध्यम से प्रस्तुत किया गया है।

# फाइव इलीमेंटस ने जबलपुर में किया वास्तु सम्मेलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जबलपुर

फाइव इलीमेंटस द्वारा आयोजित नेशनल वास्तु कन्वेंशन का सफल एवं भव्य आयोजन 3, 4 एवं 5 अप्रैल 2026 को जबलपुर में संपन्न हुआ। इस प्रतिष्ठित सम्मेलन में देशभर से आए वास्तु विशेषज्ञों, ज्योतिषाचार्यों एवं ऊर्जा विज्ञान के विद्वानों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर प्रख्यात वास्तुविद सत्येंद्र सिंह की विशेष उपस्थिति एवं योगदान उल्लेखनीय रहा।



उन्होंने वास्तु शास्त्र, ऊर्जा संतुलन एवं आधुनिक तकनीकों के माध्यम से जीवन की समस्याओं के समाधान पर अपने विचार साझा किए, जिन्हें उपस्थित जनसमूह ने अत्यंत सराहा।सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य वास्तु शास्त्र, ज्योतिष, अंक शास्त्र एवं ऊर्जा विज्ञान के समन्वय से जीवन को संतुलित एवं सफल बनाने के उपायों पर चर्चा करना रहा। विभिन्न सत्रों में ऑरा स्कैनिंग, डाउजिंग एवं एनर्जी एनालिसिस जैसे विषयों पर विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाले विशेषज्ञों को सम्मानित भी किया गया, जिससे आयोजन का गौरव और बढ़ गया। यह सम्मेलन पारंपरिक ज्ञान एवं आधुनिक विज्ञान का अद्भुत संगम साबित हुआ।

# बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की 135वीं जयंती समारोह संपन्न



**भोपाल।** भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की 135वीं जयंती के अवसर पर बैंक ऑफ इंडिया, आंचलिक कार्यालय भोपाल में गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आदरणीय सुबोध कुमार (उप महाप्रबंधक) रहे। साथ ही उप आंचलिक प्रबंधक संगीता गुप्ता मैडम एवं मुख्य प्रबंधक (सामान्य परिचालन विभाग) प्रकाश कुमार वर्मा जी की विशेष उपस्थिति रही। इस अवसर पर एससी/ उएसटी/ओबीसी कर्मचारी संगठन, भोपाल आंचलिक इकाई की ओर से आंचलिक सचिव जितेंद्र कुमार महावर,मुख्य प्रबंधक आर. के. रंजन एवं मानव संसाधन विभाग के वरिष्ठ प्रबंधक देवेंद्र बोखारे उपस्थित रहे।

कार्यालय सम्पदा अधिकारी
मध्यप्रदेश गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल प्रक्षेत्र - 1, गोमंतिका परिसर, जवाहर चौक, भोपाल

आम सूचना

हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी, कोटरा सुल्तानाबाद, भोपाल में स्थित भवन क्रमांक ई. डब्ल्यू.एस.- 807, मण्डल द्वारा श्री दिनेश कुमार गुप्ता आत्मज स्व. श्री एम. एल. गुप्ता के नाम से आवंटित है। उक्त सम्पत्ति का विक्रय विलेख पंजीयन पंजीयक कार्यालय से दिनांक 09/02/1995 को एवं लीज नवीनीकरण दिनांक 21/12/2022 को पंजीकृत्त किया गया है। श्री दिनेश कुमार गुप्ता द्वारा उक्त सम्पत्ति श्रीमती किरणलता जोशी पत्नी श्री चन्द्र शेखर जोशी को विक्रय विलेख के माध्यम से विक्रय दिया है। जिसका विक्रय विलेख का पंजीयन पंजीयक कार्यालय में दिनांक 23/01/2026 को निष्पादित किया गया है। लेकिन उक्त विक्रय पत्र एक नाम श्रीमती किरणलता जोशी से होने के कारण श्री चन्द्र शेखर जोशी का नाम संयुक्त करने हेतु टि सुधार पत्र का पंजीयन दिनांक 12.03.2026 को किया गया। क्रेतागण / विक्रेता द्वारा आवेदन, शपथ पत्र, संयुक्त शपथ पत्र, परिचय पत्र, विक्रय विलेख की छायाप्रति एवं अन्य दस्तावेज प्रस्तुत कर उक्त सम्पत्ति (1) श्रीमती किरणलता जोशी पत्नी श्री चन्द्र शेखर जोशी (2) श्री चन्द्र शेखर जोशी आत्मज श्री जी. बी. जोशी के नाम उक्त सम्पत्ति हस्तांतरण हेतु दस्तावेज प्रस्तुत किये है। उक्त दस्तावेजों के आधार पर उक्त सम्पत्ति के हस्तांतरण की कार्यवाही की जा रही है। यदि उक्त सम्पत्ति के सम्बन्ध में किसी व्यक्ति / उत्तराधिकारी / संस्था / वित्तीय संस्था इत्यादि को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप में मय सबूत के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। समयावधि समाप्त होने के पश्चात् कोई आपत्ति स्वीकार नही की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

सम्पदा अधिकारी
म.प्र. गृह नि. एवं अधो. वि. म. प्रक्षेत्र-1. भोपाल

कार्यालय सम्पदा अधिकारी
म.प्र.गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, प्रक्षेत्र-1, गोमंतिका परिसर, भोपाल

// आम सूचना //

हाउसिंग बोर्ड कालोनी, हर्षवर्धन नगर भोपाल, में स्थित भवन क्रमांक एल.आई.जी. 180, मण्डल द्वारा (1) श्री जीतेन्द्र कुमार श्रीवास्तव (2) श्री राजेन्द्र कुमार श्रीवास्तव (3) श्री धर्मेन्द्र कुमार श्रीवास्तव (4) श्री प्रमोद कुमार श्रीवास्वत, आत्मज श्री स्व.श्री के. के. श्रीवास्तव के नाम पर आवंटित है, जिसका विक्रय विलेख उप पंजीयक कार्यालय में दिनांक 09.03.1990 को पंजीकृत है। उनके द्वारा उक्त संपत्ति (1) श्रीमती राजकुमारी जैन पत्नी श्री किरण कुमार जैन (2) श्री अरूण जैन आत्मज श्री किरण कुमार जैन को विक्रय विलेख के माध्यम से विक्रय कर दिया है जिसका विक्रय विलेख का पंजीयन पंजीयक कार्यालय में दिनांक 30.03.2026 को पंजीकृत है। क्रेता/विक्रेता द्वारा आवेदन, शपथ पत्र, संयुक्त शपथ पत्र, इत्यादि दस्तावेज प्रस्तुत करते हुये उक्त सम्पत्ति (1) श्रीमती राजकुमारी जैन पत्नी श्री किरण कुमार जैन (2) श्री अरूण जैन आत्मज श्री किरण कुमार जैन के नाम से हस्तांतरित करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त दस्तावेजों के आधार पर उक्त सम्पत्ति का हस्तांतरण की कार्यवाही की जा रही है। यदि उक्त सम्पत्ति के संबंध में किसी व्यक्ति/ उत्तराधिकारी / संस्था/ वित्तीय संस्था इत्यादि को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप में मय सबूत के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। समयावधि समाप्त होने के पश्चात् कोई आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

सम्पदा अधिकारी
म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल प्रक्षेत्र-1, भोपाल

कार्यालय सम्पदा अधिकारी
मध्यप्रदेश गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल प्रक्षेत्र - 1, गोमंतिका परिसर, जवाहर चौक, भोपाल

आम सूचना

हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी, कोटरा सुल्तानाबाद, भोपाल में स्थित भवन क्रमांक ई.डब्ल्यू.एस.- 808, मण्डल द्वारा श्रीमती आशा गुप्ता पत्नी श्री दिनेश कुमार गुप्ता के नाम से हस्तांतरित है। उक्त सम्पत्ति का विक्रय विलेख पंजीयन पंजीयक कार्यालय से दिनांक 15/02/1993 को एवं लीज नवीनीकरण दिनांक 21/12/2022 को पंजीकृत किया गया है। श्रीमती आशा गुप्ता द्वारा उक्त सम्पत्ति श्रीमती किरणलता जोशी पत्नी श्री चन्द्र शेखर जोशी को विक्रय विलेख के माध्यम से विक्रय दिया है। जिसका विक्रय विलेख का पंजीयन पंजीयक कार्यालय में दिनांक 23/01/2026 को निष्पादित किया गया है। लेकिन उक्त विक्रय पत्र एक नाम श्रीमती किरणलता जोशी से होने के कारण श्री चन्द्र शेखर जोशी का नाम संयुक्त करने हेतु त्रुटि सुधार पत्र का पंजीयन दिनांक 10.03.2026 को किया गया। क्रेतागण / विक्रेता द्वारा आवेदन, शपथ पत्र, संयुक्त शपथ पत्र, परिचय पत्र, विक्रय विलेख की छायाप्रति एवं अन्य दस्तावेज प्रस्तुत कर रूक्त सम्पत्ति (1) श्रीमती किरणलता जोशी पत्नी श्री चन्द्र शेखर जोशी (2) श्री चन्द्र शेखर जोशी आत्मज श्री जी. बी. जोशी के नाम उक्त सम्पत्ति हस्तांतरण हेतु दस्तावेज प्रस्तुत किये है। उक्त दस्तावेजों के आधार पर उक्त सम्पत्ति के हस्तांतरण की कार्यवाही की जा रही है। यदि उक्त सम्पत्ति के सम्बन्ध में किसी व्यक्ति / उत्तराधिकारी / संस्था / वित्तीय संस्था इत्यादि को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप में मय सबूत के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। समयावधि समाप्त होने के पश्चात् कोई आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

सम्पदा अधिकारी
म.प्र. गृह नि. एवं अधो. वि. म. प्रक्षेत्र-1. भोपाल

## कीमत बढ़ने की संभावना, अप्रैल 2022 से कीमतों में कोई बदलाव नहीं

# कंपनियों को पेट्रोल पर 18, डीजल पर 35 रुपए का नुकसान

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

कच्चे माल की लागत में भारी बढ़ोतरी के बावजूद सरकारी तेल विपणन कंपनियों के पंप कीमतों को स्थिर रखे हुए हैं जिसके कारण पेट्रोल पर नुकसान बढ़कर 18 रुपये प्रति लीटर और डीजल पर 35 रुपये प्रति लीटर हो गया है। सूत्रों ने यह जानकारी दी। कीमतों को एक दशक से अधिक पहले विनियमन-मुक्त किए जाने के बावजूद सार्वजनिक क्षेत्र की इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन (आईओसी), भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) और हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) ने अप्रैल 2022 से पेट्रोल-डीजल की खुदरा कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया है।

- कच्चे माल की लागत में भारी बढ़ोतरी दर्ज की गई



### 10 डालर की वृद्धि पर छह रुपए की बढ़ोतरी होती है

रिपोर्ट में कहा गया कि कच्चे तेल की कीमत में हर 10 डॉलर प्रति बैरल की वृद्धि से विपणन नुकसान में करीब छह रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी होती है। पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु जैसे प्रमुख राज्यों में चुनाव के बाद ईंधन की खुदरा कीमतों में वृद्धि के आसार हैं।

**पेट्रोल-डीजल की हाजिर कीमत 135-165 डॉलर प्रति बैरल :** वैश्विक वित्तीय सेवा समूह मैक्वेरी ग्रुप की 'इंडिया फ्यूल रिटेल' रिपोर्ट के अनुसार, '' पेट्रोल-डीजल की हाजिर कीमत 135-165 डॉलर प्रति बैरल होने पर भारत की तेल विपणन कंपनियों को प्रति लीटर पेट्रोल पर 18 रुपये और डीजल पर 35 रुपये का नुकसान होता है।''

### कच्चे तेल की कीमतों में भारी उतार-चढ़ाव

इस दौरान वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में भारी उतार-चढ़ाव रहा। रूस-यूक्रेन युद्ध के बाद 100 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर जाने से लेकर इस साल की शुरुआत में लगभग 70 डॉलर तक गिरावट और फिर अमेरिका-इजराइल के ईरान पर हमलों के बाद पिछले महीने लगभग 120 डॉलर तक का उछाल।

### तीनों कंपनियों को प्रतिदिन 2,400 करोड़ रु, का नुकसान

सूत्रों ने बताया कि पिछले महीने ये तीनों कंपनियां प्रतिदिन करीब 2,400 करोड़ रुपये का नुकसान उठा रही थीं, जो अब सरकार द्वारा पेट्रोल-डीजल पर 10-10 रुपये प्रति लीटर उत्पाद शुल्क में कटौती के बाद घटकर लगभग 1,600 करोड़ रुपये प्रतिदिन रह गया है। यह कटौती उपभोक्ताओं तक नहीं पहुंचाई गई बल्कि नुकसान की भरपाई में इस्तेमाल की गई।

चिंतन

# बिहार : भाजपा के सामने बेहतर करने की चुनौती

बिहार में आखिरकार वह चिर अभिलषित क्षण आ ही गया, जब भाजपा पहली बार सत्ता की कुर्सी संभालने जा रही है। यह पार्टी के लिए एक ऐतिहासिक क्षण हो सकता है। इसके साथ ही भाजपा के लिए चुनौती खुद नीतीश कुमार ही होंगे, क्योंकि नीतीश ने पिछले 20 सालों में बिहार को जिस जंगलराज से निकाला और प्रदेश को विकास के पथ पर आगे बढ़ाया, वह भाजपा को लगातार चुनौती देता रहेगा। अब तक नीतीश के काम की तुलना लालू के जंगलराज से होती रही है और उनका थोड़ा सा काम ही बहुत आगे दिखता था, लेकिन अब भाजपा के काम की तुलना नीतीश के सुशासन से होगी। इसलिए अब भाजपा के सामने अच्छे को और बेहतर करने की चुनौती होगी। वहीं, जातिगत समीकरण खासकर कुर्मी समुदाय को साधना सबसे बड़ी चुनौती होगी। देखा जाए तो बिहार की राजनीति एक निर्णायक मोड़ पर खड़ी है। पहली बार भारतीय जनता पार्टी अपने दम पर सत्ता की बागडोर संभालने जा रही है और सम्राट चौधरी के रूप में नया नेतृत्व सामने है। यह क्षण सिर्फ सत्ता परिवर्तन का नहीं, बल्कि राजनीतिक नैरेटिव के बदलने का भी है। अब तक भाजपा सहयोगी की भूमिका में थी, लेकिन अब उसे नेतृत्व करना है और यही उसकी सबसे बड़ी परीक्षा भी होगी। सबसे अहम बात यह है कि भाजपा की असली चुनौती विपक्ष नहीं, बल्कि नीतीश कुमार की विरासत है। भाजपा के सामने अब 'कम बुरा' नहीं, बल्कि 'बेहतर से भी बेहतर' साबित करने की चुनौती है। नीतीश कुमार के इस्तीफे और नई सरकार को समर्थन देने के बयान ने राजनीतिक संक्रमण को सहज बना दिया है, लेकिन इससे भाजपा की जिम्मेदारी और बढ़ जाती है। सहयोगी से नेतृत्वकर्ता बनने की यात्रा में अपेक्षाएं कई गुना बढ़ जाती हैं। अब जनता सिर्फ स्थिरता नहीं, बल्कि तेज़ और दिखने वाला विकास चाहती है। सम्राट चौधरी के सामने सबसे बड़ी चुनौती प्रशासनिक निरंतरता और नवाचार के बीच संतुलन बनाने की होगी। बिहार जैसे राज्य में जहां अभी भी बुनियादी ढांचे, रोजगार और शिक्षा के क्षेत्र में काफी काम बाकी हैं, वहां केवल घोषणाएं नहीं, बल्कि जमीन पर परिणाम देने होंगे। एक और अहम पहलू है राजनीतिक परिपक्वता। भाजपा को यह समझना होगा कि बिहार की राजनीति केवल विचारधारा से नहीं, बल्कि सामाजिक समीकरणों और जमीनी संवेदनशीलता से भी संचालित होती है। यहां हर निर्णय का असर व्यापक सामाजिक ढांचे पर पड़ता है। ऐसे में जल्दबाजी या अति-आत्मविश्वास नुकसानदेह हो सकता है। साथ ही, केंद्र और राज्य के तालमेल का फायदा उठाने का यह उपयुक्त समय है। अगर सही रणनीति अपनाई जाए तो इंफ्रास्ट्रक्चर, उद्योग और निवेश के क्षेत्र में बिहार नई छलांग लगा सकता है। इसके लिए राजनीतिक इच्छाशक्ति के साथ-साथ प्रशासनिक दक्षता भी जरूरी होगी। इस बदलाव का एक सकारात्मक पहलू यह भी है कि अब तुलना 'जंगलराज बनाम सुशासन' से आगे बढ़कर 'सुशासन बनाम बेहतर सुशासन' की होगी। इसका सीधा फायदा जनता को मिलेगा। अंततः, यह बदलाव भाजपा के लिए अवसर भी है और परीक्षा भी। अवसर इसलिए कि वह अपनी नीतियों और नेतृत्व को साबित कर सके और परीक्षा इसलिए कि उसे पहले से स्थापित मानकों से ऊपर उठकर दिखाना होगा। अगर भाजपा इस कसौटी पर खरी उतरती है, तो यह न सिर्फ उसके लिए, बल्कि बिहार के लिए भी एक नए युग की शुरुआत होगी। अगर वह अपेक्षाओं पर खरी नहीं उतरी, तो यही ऐतिहासिक मौका एक बड़ी राजनीतिक चुनौती में बदल सकता है।



चिकित्सा सेवा
जेपी नड्डा

# नवाचार की ओर बढ़ती औषधि रणनीति

लंबे समय से जेनेरिक दवाओं में अग्रणी देश होने के कारण 'विश्व की फ़ार्मेसी' के रूप में प्रसिद्ध भारत का औषधि उद्योग अब पैमाने से नवाचार की ओर आगे बढ़ने के लिए तैयार है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में, भारत सरकार भविष्य के अनुरूप एक नीतिगत रूपरेखा को गति दे रही है, ताकि देश जेनेरिक दवाओं में अपनी मजबूत स्थिति बनाए रखते हुए इन उभरते क्षेत्रों में अधिक हिस्सेदारी प्राप्त कर सके। केंद्रीय बजट 2026-27 में रुपये 10,000 करोड़ के मिशन बायोफार्मा निर्माण शक्ति की घोषणा इस दिशा में एक निर्णायक कदम को रेखांकित करती है। यह अगले 8 से 10 वर्षों में भारत को बायोफार्मा नवाचार और उच्च मूल्य वाली चिकित्सा सेवाओं के वैश्विक केन्द्र बनाने के देश के संकल्प का संकेत देती है।

भारत की औषधि रणनीति पैमाने से नवाचार की ओर बढ़ रही है, ताकि देश को बायोफार्मा और उच्च-मूल्य वाले चिकित्सा विज्ञान के केंद्र के रूप में स्थापित किया जा सके। वैश्विक स्तर पर, कुल औषधि राजस्व में बायोलॉजिक, बायोसिमिलर और विशेष दवाओं की हिस्सेदारी 40 प्रतिशत से अधिक हो गई है। लंबे समय से जेनेरिक दवाओं में अग्रणी देश होने के कारण 'विश्व की फ़ार्मेसी' के रूप में प्रसिद्ध भारत का औषधि उद्योग अब पैमाने से नवाचार की ओर आगे बढ़ने के लिए तैयार है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में, भारत सरकार भविष्य के अनुरूप एक नीतिगत रूपरेखा को गति दे रही है, ताकि देश जेनेरिक दवाओं में अपनी मजबूत स्थिति बनाए रखते हुए इन उभरते क्षेत्रों में अधिक हिस्सेदारी प्राप्त कर सके। केंद्रीय बजट 2026-27 में रुपये 10,000 करोड़ के मिशन बायोफार्मा निर्माण शक्ति की घोषणा इस दिशा में एक निर्णायक कदम को रेखांकित करती है। यह अगले 8 से 10 वर्षों में भारत को बायोफार्मा नवाचार और उच्च मूल्य वाली चिकित्सा सेवाओं के वैश्विक केन्द्र बनाने के देश के संकल्प का संकेत देती है।

यह विज़न गहरी वैज्ञानिक क्षमताओं के निर्माण, नवाचार-आधारित उद्यमों को बढ़ावा देने और भारत को अगली पीढ़ी की दवाओं के क्षेत्र में एक अग्रणी देश के रूप में उभरने में सक्षम बनाने पर आधारित होगा। इस कार्यक्रम का उद्देश्य बायोलॉजिक्स, बायोसिमिलर और उन्नत चिकित्सीय क्षेत्रों में घरेलू क्षमताओं को गति देना है। यह कार्यक्रम औषधि विभाग, विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग और जैव प्रौद्योगिकी विभाग की मौजूदा पहलों का पूरक है, जैसे फार्मा मेडटेक क्षेत्र में अनुसंधान और नवाचार को बढ़ावा देना (पीआरआईपी), अनुसंधान विकास और नवाचार योजना, बायोनेस्ट आदि, जिनका उद्देश्य जैव- औषधि समेत जीवन विज्ञान क्षेत्र में अनुसंधान एवं विकास को बढ़ावा देना है। ये पहलें भारत के नवाचार इकोसिस्टम को मजबूत करने, उद्योग-अकादमी सहयोग को बढ़ावा देने तथा जेनेरिक दवाओं से नवाचार संचालित दवा अनुसंधान और विकास की ओर बदलाव को सक्षम करने के लिए डिज़ाइन की गई हैं। इस रणनीति का एक महत्वपूर्ण स्तंभ किण्वन-आधारित निर्माण क्षमताओं का विकास करना है। एंटीबायोटिक, वैक्सीन, एंज़ाइम और बायोलॉजिक्स के निर्माण में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका के बावजूद, यह क्षेत्र लंबे समय से आयात पर निर्भर रहा है।

अवसंरचना में निवेश करके, प्रौद्योगिकी विकास और हस्तांतरण को सुविधाजनक बनाकर तथा लक्षित प्रोत्साहन प्रदान करके, भारत इस रणनीतिक क्षेत्र में घरेलू क्षमता का निर्माण करने और वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धा बढ़ाने के लिए काम कर रहा है। भारत के नैदानिक अनुसंधान इकोसिस्टम का विस्तार भी समान रूप से महत्वपूर्ण है।

1,000 मान्यता प्राप्त नैदानिक प्रयोग केंद्र स्थापित किए जाएंगे, जो वैश्विक दवा विकास गंतव्य के रूप में भारत की स्थिति को बेहतर बनाएंगे। अपनी लागत लाभ और कुशल शोधकर्ताओं की बढ़ती संख्या के साथ, भारत कुशल और उच्च गुणवत्ता वाले नैदानिक



प्रयोग के लिए असाधारण अवसर प्रदान करता है। साथ ही, नियामक व्यवस्था को मजबूत करने और संस्थागत क्षमताओं को बढ़ाने से भारत की मौजूदा व्यवस्था वैश्विक मानकों के अधिक अनुरूप होगी, जिससे तेज अनुमोदन संभव होंगे और वैश्विक हितधारकों के बीच विश्वास बढ़ेगा। पिछले कुछ वर्षों में, भारत ने पीएलआई और थोक दवा (बल्क ड्रग) पार्क योजनाओं के सहारे सक्रिय औषधि सामग्री (एपीआई) और मुख्य आरंभिक सामग्रियों (केएसएम) के स्थानीय उत्पादन में तेज़ी से प्रगति हुई है। इससे देश में दवाओं की कीमतें घटाने में मदद मिली है, जो विश्व स्तर पर सबसे कम कीमतों में से एक है और इसके कारण नागरिकों के लिए स्वास्थ्य देखभाल की लागत किफायती बनी रहती है।

प्रधानमंत्री भारतीय जनऔषधि परियोजना ने सस्ती कीमतों पर गुणवत्ता युक्त जेनेरिक दवाओं तक पहुंच का विस्तार किया है, जिसके तहत 19,000 से अधिक जनऔषधि केंद्र लाखों लोगों की सेवा कर रहे हैं। कैंसर और दुर्लभ रोगों की दवाओं जैसी महत्वपूर्ण चिकित्सा प्रक्रियाओं पर सीमा-शुल्क को सुव्यवस्थित करने जैसे पूरक उपायजीवन रक्षक उपचारों तक पहुंच को और सुलभ बना रहे हैं। जैसे-जैसे उन्नत चिकित्सा प्रक्रियाएं अधिक व्यापक होंगी, किफायती दर और समान पहुंच सुनिश्चित करना केंद्रीय नीति की प्राथमिकता बनी रहेगी। जैसे-जैसे उद्योग विकसित हो रहा है, भारत का उद्देश्य न केवल स्थापित बाजारों में बल्कि उभरते क्षेत्रों में, विशेष रूप से नवाचार-संचालित क्षेत्रों में अपनी उपस्थिति को मजबूत करना है।

सुधार, इस बदलाव के केंद्र में हैं। नियामक समन्वय, अनुमोदन प्रक्रियाओं का डिजिटलीकरण और तेजी से मंजूरी जैसे प्रयास व्यापार करने में आसानी को बढ़ा रहे हैं। गुणवत्ता मानकों और नियामक प्रक्रियाओं को सुदृढ़ बनाने से भारतीय औषधि उत्पादों पर वैश्विक विश्वास की निरंतरता सुनिश्चित होती है। हालांकि, आरएंडडी निवेश बढ़ाना एक प्रमुख चुनौती बनी हुई है। इसका समाधान करने के लिए, सार्वजनिक-निजी सहयोग को मजबूती देना आवश्यक होगा, ताकि दीर्घकालिक नवाचार को बनाए रहा जा सके। नीतिगत समर्थन, तकनीकी प्रगतिऔर बाजार का आपसी समन्वय; औषधि क्षेत्र के लिए विकास का एक अद्वितीय अवसर प्रस्तुत करता है। भारत का घरेलू बाजार, जिसका मूल्य पहले से ही 4 लाख करोड़ रुपये से अधिक है, निरंतर विस्तार के लिए तैयार है। अगले दशक में, भारत न केवल जेनेरिक दवाओं में एक अग्रणी देश के रूप में, बल्कि नवोन्मेषी दवाओं, किण्वन-आधारित उत्पादों और अगली पीढ़ी की चिकित्सा-सेवाओं में भी एक शक्तिशाली केंद्र के रूप में उभरने के लिए बेहतर स्थिति में है।

निष्कर्ष के तौर पर, भारत का औषधि क्षेत्र नए चरण में प्रवेश कर रहा है, जो नवाचार, सुदृढ़ता और वैश्विक प्रतिस्पर्धा द्वारा परिभाषित होता है। बायोफार्मा शक्ति कार्यक्रम जैसी पहलों, नैदानिक अवसंरचना के विस्तार और लक्षित निर्माण प्रोत्साहनों के समर्थन से, भारत धीरे-धीरे मात्रा-संचालित जेनेरिक दवा केंद्र से उच्च-मूल्य वाले बायोफार्मा नवाचार अग्रणी देश की ओर आगे बढ़ रहा है। यह परिवर्तन, वैश्विक स्वास्थ्य देखभाल में भारत की भूमिका को मजबूत करने और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विज़न,विकसित भारत 2047 के व्यापक लक्ष्यों को हासिल करने में केंद्रीय भूमिका निभाएगा।

( लेखक केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

नक्सलवाद पर प्रहार
शशिकांत उपाध्याय



# आत्मसमर्पण, गिरफ्तारियां और विकास से बदली तस्वीर

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह के रणनीतिक नेतृत्व, स्पष्ट नीति और बहुस्तरीय दृष्टिकोण के चलते देश में नक्सलवाद का खात्मा हो गया। 31 मार्च, 2026 की तारीख उन्होंने तय की थी और 30 मार्च को ही संसद में अपने वक्तव्य के माध्यम से पूरे देश को सुखद सूचना दी कि देश अब नक्सलवाद के दंश से मुक्त हो गया है। केंद्र सरकार और छत्तीसगढ़ सरकार की नीतियों और आपसी समन्वय से सुरक्षा, विकास और पुनर्वास को साथ लेकर चलने की उनकी रणनीति ने जमीनी स्तर पर ठोस परिणाम दिए हैं। क्रमवार तरीके से हिंसा में ऐतिहासिक गिरावट आई है, जबकि आत्मसमर्पण और गिरफ्तारियों के आंकड़ों में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है। आंकड़ों के अनुसार, वर्ष 2010 के उच्च स्तर की तुलना में 2024 तक नक्सली घटनाओं में लगभग 80 प्रतिशत और मौतों में करीब 85 प्रतिशत की कमी आई है। नक्सल प्रभावित जिलों की संख्या भी 126 से घटकर केवल 38 रह गई है। हाल के वर्षों में यह सुधार और तेज हुआ है। वर्ष 2019 से 2024 के बीच हिंसक घटनाएं 501 से घटकर 374 हो गईं, जो लगभग 25 प्रतिशत की गिरावट को दर्शाती हैं। इसी अवधि में नागरिकों और सुरक्षाबलों की मौतें 202 से घटकर 150 सालाना रह गईं। यह संकेत है कि न केवल घटनाएं कम हुई हैं, बल्कि उनकी तीव्रता और प्रभाव भी घटा है। सबसे महत्वपूर्ण बदलाव नक्सलियों के व्यवहार में आया है। अब बड़ी संख्या में उग्रवादी मुख्यधारा में लौट रहे हैं। गृह मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, वर्ष 2025 में (सितंबर तक) 270 मारे गए, 680 गिरफ्तार हुए और 1,225 ने आत्मसमर्पण किया। यह तथ्य अपने आप में इस बात का प्रमाण है कि सरकार की नीति का असर सीधे जमीनी कैडरों पर पड़ा है। वे हथियार छोड़कर सामान्य जीवन की ओर लौटने लगे। यह बदलाव केवल सुरक्षा बलों की कार्रवाई का परिणाम नहीं है, बल्कि "विकास के साथ विश्वास" की नीति का भी असर है। रणनीति ने यह स्पष्ट कर दिया है कि नक्सलवाद का समाधान केवल बंदूक से नहीं, बल्कि विकास, संवाद और पुनर्वास के संतुलित प्रयासों से ही संभव है। छत्तीसगढ़, जो कभी नक्सलवाद का गढ़ माना जाता था, वहां भी बड़ा बदलाव देखने को मिला है। वर्ष 2024 में जहां 290 नक्सली मारे गए, वहीं 1,000 से अधिक ने आत्मसमर्पण किया। बस्तर क्षेत्र में तो समूह के समूह आत्मसमर्पण कर रहे हैं। दंडकारण्य आदिवासी किसान मजदूर संघ से जुड़े 200 से अधिक कैडरों ने एक साथ आत्मसमर्पण कर संविधान के प्रति आस्था जताई, यह बदलाव का एक ऐतिहासिक प्रतीक माना जा रहा है। सरकार की पुनर्वास योजनाओं का भी सकारात्मक प्रभाव पड़ा है। आत्मसमर्पण करने वाले कई पूर्व उग्रवादी अब "बस्तर कैफे" जैसे उद्यम चला रहे हैं, वहीं कुछ "बस्तर फाइटर्स" के रूप में सुरक्षा बलों में शामिल होकर समाज की सेवा कर रहे हैं। सुरक्षा बलों की कार्रवाई में भी बड़ी सफलता मिली है। शीर्ष माओवादी नेतृत्व का तेजी से सफाया हुआ है। इससे संगठन की कमर टूट चुकी है। विकास कार्यों ने भी नक्सल प्रभावित क्षेत्रों की तस्वीर बदल दी है। सरकार की "क्लियर, होल्ड एंड डेवलप" रणनीति के तहत सुरक्षा के साथ-साथ बुनियादी सुविधाओं का तेजी से विस्तार हुआ है। 2014 से अब तक कुल 14,618 किलोमीटर सड़क निर्माण हुआ है। दूरसंचार क्षेत्र में भी उल्लेखनीय प्रगति हुई है-7,768 मोबाइल टावर स्थापित किए गए हैं, जिससे दूरदराज के इलाकों में 4जी कनेक्टिविटी पहुंची है। 1,007 नई बैंक शाखाएं और 937 एटीएम खोले गए हैं। शिक्षा के क्षेत्र में 95 एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय, 46 आईटीआई और 49 कौशल विकास केंद्र स्थापित किए गए हैं। स्वास्थ्य सेवाओं के तहत 186 नए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खोले गए हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत हजारों पक्के घर बनाए गए हैं, जिससे आदिवासी क्षेत्रों में लोगों का जीवन स्तर बेहतर हुआ है। वहीं, 596 आधुनिक पुलिस थाने स्थापित कर सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत किया गया है। सरकार ने सुरक्षा बलों को पूरी ऑपरेशनल स्वतंत्रता दी है, जिससे त्वरित और प्रभावी कार्रवाई संभव हो पाई है। मल्टी-एजेंसी समन्वय, आधुनिक तकनीक, ड्रोन निगरानी और खुफिया नेटवर्क के कारण नक्सली गतिविधियों पर कड़ी नजर रखी जा रही है। वहीं, एनआईए और प्रवर्तन निदेशालय जैसी एजेंसियों ने नक्सलियों की फंडिंग और हथियारों की आपूर्ति को काफी हद तक ध्वस्त कर दिया है। आज जब नक्सल हिंसा सिमट रही है और आत्मसमर्पण के आंकड़े बढ़ रहे हैं, तो यह कहना गलत नहीं होगा कि देश नक्सलवाद के अंत की ओर बढ़ रहा है, इस बदलाव के केंद्र में है एक स्पष्ट दृष्टि, मजबूत इच्छाशक्ति और ठोस रणनीतिक नेतृत्व।

( लेखक सीआरपीएफ से सेवानिवृत्त आईजी हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


# क्रियायोग: अधिक विकसित होगी नई पीढ़ी



संकलित
दर्शन

सभी मनुष्य वस्तुतः आत्माएं ही हैं। आपके लिए मात्र जन्म के आधार पर ही किसी निष्कर्ष पर पहुंचना उचित नहीं है। जिन्हें हम 'नौजवान व्यक्ति' कहते हैं, वे पुरानी आत्माएं हैं और वे प्रत्येक मनुष्य में अंतर्जात कामनाओं-सुख, सुरक्षा, प्रेम इत्यादि कामनाओं को पूर्ण करने के लिए हर प्रकार के प्रयासों और आकांक्षाओं से गुजर चुकी हैं। उन्होंने उस (पूर्ति) को प्राप्त करने के प्रयास में अनेक जन्म व्यतीत किए हैं और अंततः वे यहां आए हैं तथा जिन लोगों ने जन्म लिया है, उनमें से लाखों लोग अपने पूर्वजन्मों से विकास के उस चरण में हैं। श्रीमद्भगवद्गीता में श्रीकृष्ण इस विषय पर प्रकाश डालते हैं। वे अर्जुन से कहते हैं, 'यदि अंतिम लक्ष्य को प्राप्त किए बिना तुम्हारे इस जीवन का अंत हो जाता है तो चिंता मत करो, क्योंकि योग-ध्यान का कोई भी प्रयास व्यर्थ नहीं होता है।' तत्पश्चात उस भक्त का एक ऐसे वातावरण में पुनर्जन्म होता है, जहां वह पुनः अपनी आगे की यात्रा प्रारंभ करता है। इसलिए जिन्हें आप 'नौजवान व्यक्ति' कह रहे हैं, वे ज्ञानीजन हैं। वे संभवतः ऐसे युद्धरत आत्माएं हैं, जो हर प्रकार के अनुभव से गुजर चुके हैं और जिनकी चेतना इस प्रकार की है कि उन्होंने विभिन्न परिस्थितियों में हर तरह के कार्य किए हैं। वे पुनः लौटकर आते हैं और कहते हैं, 'अब मैं अपना और अधिक समय व्यर्थ नहीं गवाऊंगा। मैं अपने और अधिक जन्मों को व्यर्थ नहीं गवाऊंगा। मैं वह कार्य करूंगा, जो वास्तव में मेरे आत्मा की क्षमताओं और मेरे आत्मा में विद्यमान उस दिव्य संपर्क की तृष्णा की पूर्ति करेगा।'

# पांच मिनट का जीवन



संकलित
प्रेरणा

एक बार एक व्यक्ति को रास्ते में यमराज मिल गए वो व्यक्ति उन्हें पहचान नहीं सका। यमराज ने पीने के लिए व्यक्ति से पानी मांगा, बिना एक क्षण गंवाए उसने पानी पिला दिया। पानी पीने के बाद यमराज ने बताया कि वो उसके प्राण लेने आये हैं लेकिन चूंकि तुमने मेरी प्यास बुझाई है इसलिए मैं तुम्हें अपनी किस्मत बदलने का एक मौका देता हूं। यह कहकर यमराज ने एक डायरी देकर उस आदमी से कहा कि तुम्हारे पास 5 मिनट का समय है। इसमें तुम जो भी लिखोगे वही हो जाएगा लेकिन ध्यान रहे केवल 5 मिनट। उस व्यक्ति ने डायरी खोलकर देखा तो उसने देखा कि पहले पेज पर लिखा था कि उसके पड़ोसी की लॉटरी निकलने वाली है और वह करोड़पति बनने वाला है। उसने वहाँ लिख दिया कि उसके पड़ोसी की लॉटरी न निकले। अगले पेज पर लिखा था कि उसका एक दोस्त चुनाव जीतकर मंत्री बनने वाला है, तो उसने लिख दिया कि उसका दोस्त चुनाव हार जाए। इस तरह, वह पेज पलटता रहा और अंत में उसे अपना पेज दिखाई दिया। जैसे ही उसने कुछ लिखने के लिए अपना पेन उठाया यमराज ने उस व्यक्ति के हाथ से डायरी ले ली और कहा वत्स तुम्हारा पांच मिनट का समय पूरा हुआ, अब कुछ नहीं हो सकता। तुमने अपने पूरे 5 मिनट का समय दूसरों का बुरा करने में व्यतीत कर दिया और अपना जीवन खतरे में डाल दिया, अंततः तुम्हारा अंत निश्चित है। यह सुनकर वह व्यक्ति बहुत पछताया लेकिन सुनहरा मौका उसके हाथ से निकल चुका था।

## सटाका




## आज की पाती

### बाल तस्करी पर कठोरतम कानून की आवश्यकता

देश के विभिन्न हिस्सों से लगातार सामने आ रही बाल तस्करी की घटनाएँ समाज और व्यवस्था दोनों के लिए गंभीर चेतावनी बन चुकी हैं। हाल ही में पटना-पुणे एक्सप्रेस से बिहार के अररिया जिले के 163 बच्चों को महाराष्ट्र के लातूर ले जाए जाने के दौरान कटनी रेलवे स्टेशन पर उतारा जाना इसी चिंता का एक बड़ा उदाहरण है। इन बच्चों को लेकर जा रहे आठ लोगों के विरुद्ध मानव तस्करी का मामला दर्ज कर उनकी गिरफ्तारी की गई है। आरोपितों का दावा था कि वे बच्चों को उनके अभिभावकों की सहमति से मदरसों में शिक्षा के लिए ले जा रहे थे, किंतु जिस प्रकार इतनी बड़ी संख्या में बच्चों को एक साथ दूरस्थ स्थानों पर ले जाया जा रहा था, उसने प्रशासन को संदेह करने के लिए विवश कर दिया। यह घटना केवल एक मामला नहीं है, बल्कि उस गहरी समस्या का संकेत है, जो देश के कई हिस्सों में वर्षों से पनप रही है। – *जयशंकर, झज्जर*

## करंट अफेयर

### नेपाल में नव वर्ष 2083 का स्वागत हर्षोल्लास के साथ



नेपाल में मंगलवार को विक्रम संवत कैलेंडर के अनुसार नव वर्ष 2083 का स्वागत हर्षोल्लास के साथ किया गया। इस अवसर पर नेपाल के प्रधानमंत्री बालेन्द्र शाह ने देशवासियों को शुभकामनाएं दीं। बैसाख 1, जिसे बैसाख संक्रांति भी कहा जाता है, विक्रम संवत (बीएस) कैलेंडर के वर्ष परिवर्तन का प्रतीक है, जो सौर गति पर आधारित सबसे प्राचीन कैलेंडरों में से एक है। इस अवसर पर लोग मंदिरों में दर्शन करते हैं, भजन-कीर्तन करते हैं, सामुदायिक कार्यक्रम आयोजित करते हैं और एक-दूसरे को शुभकामनाएं देते हैं। नेपाल के नवनिर्वाचित प्रधानमंत्री बालेन्द्र शाह 'बालेन' ने इस अवसर पर लोगों को शुभकामनाएं दीं। रैपर से राजनेता बने बालेन्द्र ने कहा, 'नव वर्ष 2083 के शुभारंभ के अवसर पर मैं सभी को सुख, शांति और समृद्धि की शुभकामनाएं देता हूं।' राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल ने अपने नव वर्ष संदेश में देश के लोगों से साझा राष्ट्रीय लक्ष्य निर्धारित करने और उन्हें प्राप्त करने के प्रति प्रतिबद्ध रहने का आह्वान किया। 'हिमालयन टाइम्स' की रिपोर्ट के अनुसार उपराष्ट्रपति रामसहाय प्रसाद यादव ने भी लोगों को शुभकामनाएं दीं और देशवासियों से नव वर्ष का उपयोग सकारात्मक सोच, अनुशासन और भाईचारे को बढ़ावा देने के अवसर के रूप में करने का आग्रह किया।

## ऑफ बीट

### बायोएक्टिव ही सब्जियों के कड़वे स्वाद का कारण



यह विकास की एक दुर्भाग्यपूर्ण विचित्रता है कि सब्जियाँ हमारे लिए बहुत अच्छी हैं लेकिन वे हम सभी के लिए तुरंत स्वादिष्ट नहीं होती हैं। हम उच्च ऊर्जा वाले खाद्य पदार्थों के मीठे या उम्दा स्वाद का आनंद लेने के लिए विकसित हुए हैं, क्योंकि भुखमरी दीर्घकालिक स्वास्थ्य की तुलना में अधिक तात्कालिक जोखिम है। सब्जियां विशेष रूप से उच्च ऊर्जा वाली नहीं होती हैं, लेकिन वे आहार फाइबर, विटामिन और खनिजों और स्वास्थ्य को बढ़ावा देने वाले यौगिकों से भरपूर होती हैं जिन्हें बायोएक्टिव कहा जाता है। ये बायोएक्टिव ही सब्जियों के कड़वे स्वाद का कारण बनते हैं। पादप बायोएक्टिव, जिन्हें फाइटोन्यूट्रिएंट्स भी कहा जाता है, पौधों द्वारा पर्यावरणीय तनाव और शिकारियों से खुद को बचाने के लिए बनाए जाते हैं। वही चीज़ें जो पौधों के खाद्य पदार्थों को कड़वा बनाती हैं, वही चीज़ें उन्हें हमारे लिए अच्छा बनाती हैं। दुर्भाग्य से, कड़वा स्वाद हमें जहरों से और संभवतः एक ही पौधे को अधिक खाने से बचाने के लिए विकसित हुआ, तो एक तरह से, पादप खाद्य पदार्थों का स्वाद जहर जैसा हो सकता है। हममें से कुछ के लिए, यह कड़वी अनुभूति विशेष रूप से तीव्र है, और दूसरों के लिए यह इतनी बुरी नहीं है। यह आंशिक रूप से हमारे जीन के कारण है।

## ट्रेंड

### बिहार का विकास



सम्राट चौधरी के बिहार में भाजपा विधायक दल के नेता चुने जाने पर हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं। मुझे पूरा विश्वास है कि प्रधानमंत्री मोदी जी के मार्गदर्शन में बिहार के विकास का संकल्प और मजबूत होगा।
- **राजनाथ सिंह,** रक्षामंत्री

### अधिकारों का हनन



डॉ. आंबेडकर ने हमें सिर्फ संविधान ही नहीं, बल्कि न्याय, समानता और गरिमा पर आधारित एक सशक्त भारत का सपना भी दिया। आज कुछ ताकतें उनकी विरासत और हमारे संविधान को कमजोर करने के लिए सुनियोजित रूप से काम कर रही हैं, अधिकारों का हनन हो रहा है।
- **राहुल गांधी,** सांसद, कांग्रेस

### वाटर एटीएम



शालीमार बाग विधानसभा क्षेत्र में आज शुरू किए गए इन वाटर एटीएम से स्वच्छ पेयजल की सुविधा हर जरूरतमंद व्यक्ति तक पहुंचेगी। वाटर एटीएम कार्ड के माध्यम से प्रत्येक व्यक्ति को प्रतिदिन 20 लीटर शुद्ध पानी उपलब्ध कराया जाएगा।
- **रेखा गुप्ता,** सीएम, नई दिल्ली

### आंबेडकर ई-पुस्तकालय



राज्य के अनुसूचित जाति के छात्रों के लिए 200 आंबेडकर ई-पुस्तकालयों और जयपुर में आवासीय कोचिंग केंद्र की स्थापना की घोषणा की गई। यह पहल हमारे युवाओं के उज्ज्वल भविष्य और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में सहायक सिद्ध होगी।
- **भजनलाल शर्मा,** सीएम, राजस्थान

अपने विचार
हरिभूमि कार्यालय
पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
aapkepatra.haribhoomi@gmail.com
पर भेज सकते हैं।

# महिलाओं को 3 गैस सिलेंडर मुफ्त के साथ ब्याज-मुक्त लोन दिया जाएगा साथ ही हर माह 2,000 रुपए भी दिए जाएंगे, '3सी' हटाने का किया वादा

## तमिलनाडु के लिए भाजपा ने घोषणापत्र जारी किया, सभी वर्गों को साधने की कोशिश की



केंद्रीय मंत्री नड्डा और अन्नामलाई ने किया जारी

एजेंसी ▶▶ चेन्नई

भाजपा ने तमिलनाडु विधानसभा चुनाव के लिए घोषणापत्र (संकल्प पत्र) जारी कर दिया है। मंगलवार को एक भव्य कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा और प्रदेश अध्यक्ष के. अन्नामलाई की उपस्थिति में इसे लॉन्च किया गया। इसमें राज्य के विकास के लिए '3सी' (करप्शन, कलेक्शन और कमीशन) को खत्म करने का वादा किया गया है। पार्टी ने मुख्य रूप से महिलाओं, किसानों, युवाओं और मछुआरों को ध्यान में रखते हुए कई लोक-लुभावन और बुनियादी सुधारों के वादे किए हैं। इसके साथ ही भाजपा ने सभी वर्गों को साधने की कोशिश की है। इसमें युवाओं से लेकर वृद्धों को भी सुविधाएं देने की घोषणा की गई है। इसके साथ ही पेशन देने की भी बात की है। सबसे अंत में चमिलनाडु की स्टालिन सरकार पर बड़े-बड़े आरोपों की बौछार भी की ।

राज्य के विकास के लिए '3सी' (करप्शन, कलेक्शन और कमीशन) खत्म करने का वादा



घोषणा पत्र जारी करते केंद्रीय मंत्रीनड्डा और अन्नामलाई

### डीएमके सरकार पर बोला तीखा हमला

घोषणापत्र जारी करते हुए जनड्डा ने सत्तारूढ़ डीएमके पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि तमिलनाडु, जो कभी दुनिया की सबसे पुरानी सभ्यताओं का पालना और देश की सांस्कृतिक राजधानी हुआ करता था, उसे डीएमके ने 'क्राइम कैपिटल' में बदल दिया है। नड्डा ने स्टालिन सरकार को परिवारवाद की सरकार बताते हुए कहा कि यह पार्टी भ्रष्टाचार के संरक्षकों की टोली बन गई है। उन्होंने जोर दिया कि भाजपा का उद्देश्य राज्य को विकास की मुख्यधारा में वापस लाना और कानून व्यवस्था बनाना है।

### दुर्गापुर में शाह के रोड शो के बाद बवाल

## भाजपा-टीएमसी की हिंसक झड़प में कई लोग घायल

दुर्गापुर में अमित शाह के रोड शो के समाप्त होते ही पूरे इलाके में तनाव फैल गया। बांकुड़ा मोड़ इलाके में तृणमूल



कांग्रेस (टीएमसी) और भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) के कार्यकर्ताओं के बीच कहासुनी से शुरू होकर मामला हाथापाई तक पहुंच गया। स्थिति तेजी से बिगड़ गई और दोनों पक्षों के कम से कम दो कार्यकर्ता घायल हो गए। घायलों को रक्तरंजित अवस्था में दुर्गापुर में भर्ती कराया गया। शाह ने कहा कि यहां बाबरी नहीं बनने देंगे।

### सीएम ममता ने साधा निशाना

## योगी बाबू सुन लीजिए, बंगाल में बुलडोजर नहीं चलता

**पिंगला।** बंगाल विधानसभा चुनाव के लिए राजनीतिक दलों का चुनाव प्रचार जारी है। इस बीच ममता ने पिंगला में जनता को संबोधित करते हुए योगी



आदित्यनाथ पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि बंगाल में बुलडोजर नहीं चलता है बल्कि यहां पर लोग सलाम, प्रणाम और जय हिंद कहते हैं। आजकल उत्तर प्रदेश जल रहा है। योगी बाबू यहां आकर भाषण देते हैं और कहते हैं कि बंगाल में बुलडोजर चलते रहेंगे। यहां से जब लड़के-लड़कियां भाजपा शासित राज्य में जाते हैं, तो उन्हें मार दिया जाता है। उन्हें प्रताड़ित किया जाता है। जब वे बंगाली बोलते हैं, तो उन्हें घुसपैठिया कहा जाता है। उनका बदला लोकतंत्र के बैलेट बॉक्स में लिया जाएगा। परिसीमन विधेयक आपको टुकड़ों में काट देगा।

### विजय की चुनावी रैली में शादी की फोटो लेकर पहुंचा फैन

**चेन्नई।** सुपरस्टार थलापति विजय तमिलनाडु में प्रचार कर रहे हैं। इस बीच विजय का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें एक शख्स को उन्हें उनकी और संगीता की शादी की फोटो भेंट करते देखा जा सकता है। फोटो में संगीता और विजय के साथ विजयकांत भी दिखाई दे रहे हैं। इस पर विजय का रिएक्शन भी चर्चा में है, क्योंकि ये घटना तब घटी है जब विजय का संगीता से तलाक होने जा रहा है।

### मालदा में रैली में राहुल ने प्रधानमंत्री को घेरा

## भाजपा-संघ की नफरतभरी विचारधारा लोकतंत्र को खत्म कर रही



**मालदा।** बंगाल चुनाव के प्रचार के लिए रायगंज और मालदा पहुंचे कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री , भाजपा, आरएसएस और टीएमसी पर निशाना साधा। रायगंज में बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर की 135वीं जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि देते हुए राहुल ने आरोप लगाया कि भाजपा और आरएसएस की नफरत भरी विचारधारा देश के संविधान को खत्म करने की कोशिश कर रही है।

### 'मोदानी' कंपनी बताया

राहुल ने कहा कि पीएम उनसे आंखें नहीं मिला सकते। आरोप लगाते हुए कहा पीएमका कंट्रोल डोनाल्ड ट्रंप के हाथ में है। भारत-अमेरिका व्यापार समझौते पर भी चिंता जताते हुए कहा कि इस डील से भारत के लघु और मध्यम उद्योग बंद हो जाएंगे, किसानों को भी भारी नुकसान होगा और देश में बड़े स्तर पर बेरोजगारी बढ़ेगी। राहुल ने प्रधानमंत्री को देशद्रोही करार दिया। राहुल ने कहा, भाजपा ने एक ऐसा सिस्टम बनाया है।

### भाजपा की प्रमुख घोषणाएं

#### महिला सशक्तिकरण और सुरक्षा

- परिवार की महिला मुखियाओं के लिए 2,000 रुपए प्रति माह की वित्तीय सहायता
- प्रत्येक घर के लिए 10,000 रुपए की बिना शर्त आर्थिक मदद
- प्रमुख त्योहारों के दौरान सालाना 3 मुफ्त एलपीजी सिलेंडर
- इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर खरीदने के लिए महिलाओं को 25,000 रुपए की सब्सिडी
- महिलाओं की सुरक्षा के लिए 'जीरो एफआईआर' रिपोर्टिंग, फास्ट ट्रैक कोर्ट और बसों/स्कूलों में 100 फीसदी सीसीटीवी कवरेज

#### किसानों और मछुआरों के लिए राहत

- पीएम किसान योजना में 3,000 रुपए का टॉप-अप, जिससे कुल वार्षिक सहायता 9,000 रुपए हो जाएगी
- पशुपालन और पोल्ट्री फार्मिंग शुरू करने के लिए छोटे किसानों को 50,000 रुपए का एकमुश्त अनुदान
- मछुआरों के लिए वार्षिक अनुदान 8,000 से बढ़ाकर 12,000 रुपए करने का वादा
- 80 वर्ष से अधिक आयु के प्रत्येक मछुआरे के लिए 2,000 रुपए मासिक पेंशन
- कृषि मशीनरी बैंक की स्थापना और ट्रैक्टरों पर भारी सब्सिडी

#### युवा और रोजगार

- पहली बार व्यवसाय शुरू करने वाले युवाओं के लिए 15 लाख रुपए तक का बिना ब्याज के लोन
- बेसिक इंफ्रास्ट्रक्चर और परिवहन क्षेत्र में विस्तार के जरिए लाखों नए रोजगार के अवसर
- राज्य में नशीली दवाओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई के लिए एक समर्पित 'एंटी-नारकोटिक्स विंग' का गठन

#### बुनियादी ढांचा और शासन

- पूरे राज्य में रेलवे कनेक्टिविटी और सड़कों का बड़े पैमाने पर अपग्रेडेशन
- महिला संचालित स्वयं सहायता समूहों से सरकारी खरीद को प्राथमिकता
- सरकारी सेवाओं में सुधार और भ्रष्टाचार मुक्त पारदर्शी प्रशासन व्यवस्था को दुरुस्त करना है।

### खबर संक्षेप

#### ओडिशा में मिड-डे मील 100 बीमार, 1 की मौत

**मयूरभंज।** ओडिशा के मयूरभंज जिले से एक दिल दहला देने वाली



खबर है। यहां एक सरकारी आदिवासी आवासीय स्कूल में दोपहर का भोजन करने के बाद 100 से अधिक बच्चों की तबीयत बिगड़ गई। अस्पताल में इलाज के दौरान 5 वीं कक्षा की एक छात्रा रूपाली बेसरा ने दम तोड़ दिया। पूरे इलाके में शोक का माहौल है।

#### पिकअप से कार की टक्कर, 4 की मौत

**बाड़मेर।** जिले में मंगलवार को एक दर्दनाक सड़क हादसा सामने



आया है, जहां कार और पिकअप गाड़ी के बीच हुई भीषण भिड़ंत में 4 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। हादसे में एक व्यक्ति घायल भी हुआ है। हादसे की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने पूरे मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। गाड़ी का सामान सड़क पर बिखर गया।

#### फर्रुखनगर में प्लास्टिक कबाड़ गोदाम में आग

**साहिबाबाद।** टीला मोड़ थाना क्षेत्र के फर्रुखनगर में मंगलवार को



प्लास्टिक के गोदाम में भीषण आग लग गई। कई किलोमीटर दूर तक लपटें दिखाई दीं। दमकल विभाग ने करीब 3 घंटे में आग पर काबू पाया। काफी समय कूलिंग का काम किया गया। इस हादसे में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई।

#### कासगंज में आंबेडकर शोभायात्रा पर 2 पक्ष भिड़े

**कासगंज।** यहां के सहावर कोतवाली के गांव चहक गुनार में



डॉ. भीमराव आंबेडकर शोभायात्रा निकालने को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद हो गया। सूचना पर बड़ी संख्या में पुलिस मौके पर पहुंच गई। शोभायात्रा का यादव पक्ष ने विरोध किया। दूसरे पक्ष के लोगों ने ट्रैक्टर, बुग्गी, थ्रेशर खड़े किए।

### प्रधानमंत्री ने दिल्ली-देहरादून इकोनॉमिक कॉरिडोर का लोकार्पण किया

# पहली बार देहरादून में 12 किमी लंबा रोड शो उमड़ी भारी भीड़ और लगे मोदी-मोदी के नारे

कार्यक्रम के पहले ही देवी माता का आशीर्वाद लिया




गढ़ी कैंट स्थित मैदान से जनसभा को संबोधित किया

ब्रहमकमल टोपी, गढ़वाली कुमाऊंनी बोली ने दिल जीता

एजेंसी ▶▶ देहरादून

पीएम नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को दिल्ली-देहरादून इकोनॉमिक कॉरिडोर का लोकार्पण किया। सबसे पहले सिद्धपीठ मां काली का आशीर्वाद लिया। इसके बाद पीएम मोदी का रोड शो हुआ। पहली बार राजधानी दून में 12 किमी का रोड शो किया। इसके बाद गढ़ी कैंट स्थित मैदान से जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान चप्पे-चप्पे पर कड़ी सुरक्षा रही। प्रधानमंत्री बनने के बाद 5 बार केदारनाथ आ चुके हैं, साथ ही बदरीनाथ व मुखबा का भी दौरा कर चुके हैं। पिछले मार्च में उत्तरकाशी जिले में मां गंगा के शीतकालीन प्रवास स्थल मुखबा में प्रधानमंत्री ने शीतकालीन यात्रा का संदेश दिया था। एलिवेटेड रोड पर भी पीएम मोदी ने कार से उतरकर निरीक्षण किया। सिर पर ब्रहमकमल टोपी, भाषण में गढ़वाली-कुमाऊंनी, पीएम मोदी ने जनता का दिल जीत लिया। जनसभा स्थल में लोगों की भारी भीड़ रही।

### राजधानी देहरादून मोदीमय हो गई

पीएम मोदी ने पहली बार राजधानी दून में 12 किमी का रोड शो किया। देहरादून मोदीमय हो गई। शहर की सड़कों पर जगह-जगह स्कूली बच्चे, जनता और कार्यकर्ता स्वागत को खड़े नजर आए। इस दौरान कलाकारों द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दी गईं।




प्रधानमंत्री मोदी ने रोड शो के दौरान जनता का अभिवादन किया

#### वन्यजीव गलियारे का निरीक्षण

प्रधानमंत्री ने दिल्ली-देहरादून आर्थिक गलियारे के एलिवेटेड हिस्से पर बनाए गए वन्यजीव गलियारे का निरीक्षण किया। प्रधानमंत्री जल्द ही देहरादून में आयोजित एक सार्वजनिक कार्यक्रम में दिल्ली-देहरादून आर्थिक गलियारे का उद्घाटन किया।



#### डाट काली मंदिर में दर्शन किया

प्रधानमंत्री देहरादून के पास स्थित जय मां डाट काली मंदिर पहुंचे। यहां उन्होंने पूजा अर्चना की। इस दौरान सीएम योगी आदित्यनाथ भी थे। यहां निरीक्षण के बाद मंदिर परिसर में मौजूद छात्राओं द्वारा दी जा रही प्रस्तुति को कुछ देर के लिए सराहा। इसके बाद वह देहरादून के लिए रवाना हो गए।

### पीएम मोदी के भाषण की बड़ी बातें

- पीएम मोदी ने संबोधन की शुरुआत गढ़वाली और कुमाऊंनी में भाषण के साथ की। उन्होंने कहा कि दून पर मां डाट काली की कृपा और आशीर्वाद है।
- बाबा केदार के दर्शन के बाद मेरे मुंह से अचानक ही निकला था कि आने वाला दशक उत्तराखंड का दशक होगा। युवाओं की ऊर्जा से ये प्रदेश विकास के नया आयाम छू रहा है।
- बाबा साहब को नमन कर कहा कि देश का संविधान गरीबों वंचितों, शोषितों को न्याय पूर्ण व्यवस्था के लिए है। बाबा साहब औद्योगिकरण की वकालत करते थे।
- मैं इस विज्ञान को तो नहीं जानता, पर यदि इसी संदर्भ में कहूं और इसे वास्तविक जीवन से जोड़कर देखूं, तो राष्ट्र का भाग्य हमारी सड़कें होती हैं। सड़क रेल नेटवर्क होता है। ये विकास की भाग्य रेखाएं मोदी की भी गारंटी है।
- इस एक्सप्रेसवे से उत्तराखंड के पर्यटन को खास फायदा मिलेगा। देहरादून हरिद्वार ऋषिकेश, मसूरी और चारधाम के लिए यह सबसे प्रमुख होगा।
- उत्तराखंड के बारामासी पर्यटन की जरूरत है। यहां ग्रीष्मकालीन ही नहीं शीतकालीन यात्रा भी पर्यटन एक नया आयाम देगा।
- यहां प्रगति, प्रकृति और संस्कृति की त्रिवेणी के आधार पर विकास किया जा रहा है। इसलिए ही इस एक्सप्रेसवे पर वाइल्ड लाइफ कॉरिडोर बनाया गया।
- पीएम ने कहा कि हम तीर्थस्थलों को स्वच्छ और सुंदर रखें। कूड़ा न फैलाएं।
- अगले साल कुंभ के दिव्य और भव्य बनाने में कोई कसर नहीं छोड़नी है।
- नंदा देवी राजजात होगी। यह हमारी आस्था का केंद्र है। मां नंदा को प्रणाम करता हूं। विकासित भारत के निर्माण में देश की माता बहनों की बड़ी भूमिका है।
- अब एक और पड़ाव है। 4 दशक के इंतजार के बाद संसद ने नारी शक्ति वंदन बिल पास किया था। महिलाओं को 33% आरक्षण में देरी न हो
- , शहीद जसवंत सिंह रावत के शौर्य को देश कभी भुला नहीं सकता। वन रैंक वन पेंशन से हमने करीब सवा लाख करोड़ खर्च किए।

### इस्तीफे के साथ नीतीश का संदेश

## 2030 तक का इंतजाम कर दिया, हमने सभी वर्ग के लिए किए काम



**पटना।** 20 साल तक बिहार के मुख्यमंत्री रहे नीतीश कुमार ने अपना इस्तीफा राज्यपाल को सौंप दिया है। इस्तीफा के बाद बेहद ही शालीनता के साथ उन्होंने सोशल मीडिया पर बिहारवासियों को अपना संदेश दिया। उन्होंने इस पोस्ट में लिखा कि आप जानते हैं कि 24 नवंबर, 2005 को राज्य में पहली बार एनडीए सरकार बनी थी। तब से राज्य में कानून का राज है और हम लगातार विकास के कार्यों में लगे हुए हैं। सरकार ने शुरू से ही सभी वर्गों का विकास किया है, चाहे हिंदू हों, मुस्लिम हों, उच्च वर्ग हो, पिछड़ा वर्ग हो, अति पिछड़ा वर्ग हो, दलित हों या महादलित सभी के लिए काम किया गया है। हर क्षेत्र में कार्य हुआ है, चाहे वह शिक्षा हो, स्वास्थ्य हो, सड़क हो, बिजली हो या कृषि। महिलाओं एवं युवाओं के लिए भी अनेक महत्वपूर्ण कार्य किए गए हैं।

#### बिहार तेजी से विकसित होगा

नीतीश कुमार ने कहा कि हाल के दिनों में विकास कार्यों को और आगे बढ़ाया गया है। अगले पांच वर्षों, अर्थात 2025 से 2030 तक के लिए 'सात निश्चय-3' का गठन किया गया है। इससे विकास कार्यों को और गति मिलेगी और बिहार तेजी से आगे बढ़ेगा। बिहार के विकास में केंद्र सरकार का भी पूरा सहयोग मिल रहा है। इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को नमन है। बिहार और अधिक तेजी से विकसित होगा, देश के अग्रणी राज्यों में शामिल होगा तथा देश की प्रगति में महत्वपूर्ण योगदान देगा।

### नोएडा में उग्र प्रदर्शन के बाद राज्य सरकारों ने मांगें मानी

# 12 राज्यों ने बढ़ाया फैक्टरी कर्मियों का न्यूनतम वेतन

एजेंसी ▶▶ नोएडा

उत्तर प्रदेश के नोएडा में सोमवार को फैक्टरी कर्मियों ने उग्र प्रदर्शन किए। इनमें होजरी के काम से जुड़े कर्मचारी शामिल रहे। प्रदर्शनों में वेतन बढ़ाने की मांग। इसके अलावा काम पर बेहतर सुविधाएं, छुट्टियां और वेतन हर महीने की 10 तारीख को दिए जाने से जुड़ी मांगें भी थीं। इन सभी मुद्दों पर बड़ी संख्या में कर्मचारियों ने इस मांग के लिए धरना भी दिया। प्रशासन भी इनमें से अधिकतर मांगों को मानने के लिए तैयार हो गया, हालांकि वेतन में बढ़ोतरी का पेंच अटका रहा।

मंगलवार को भी कर्मचारियों ने किया हिंसक बवाल



#### हरियाणा के नोटिफिकेशन ने 'आग में घी डाला'

हरियाणा सरकार ने इसी महीने फैक्टरी-उद्योगों से जुड़े कर्मियों के न्यूनतम वेतन में 35 फीसदी की बढ़ोतरी करने का फैसला लिया। यहां अकुशल कर्मियों को अब लगभग 11,274से बढ़कर 15,220 रुपए मिल रहे हैं। सभी के वेतन बढ़े हैं।

#### वेतन के अंतर ने आग लगाई

वेतन में इस भारी अंतर की वजह से ही नोएडा के कर्मचारियों में भारी असंतोष फैल गया और वे हरियाणा के कर्मचारियों के समान वेतन की मांग करते हुए उग्र प्रदर्शन करने लगे। कर्मियों का कहना है कि बढ़ती महंगाई के बीच मौजूदा वेतन में गुजारा करना बेहद मुश्किल हो रहा है।

#### बाहरी लोगों ने बिगाड़ा माहौल साजिश की: पुलिस आयुक्त

गौतम बुद्ध नगर की पुलिस आयुक्त लक्ष्मी सिंह ने कहा कि कई स्थानों से श्रमिक शांतिपूर्वक तितर-बितर हो रहे थे, तभी जिले के बाहर के समूहों ने सीमावर्ती इलाकों में प्रवेश किया और अशांति भड़काने का प्रयास किया। बाहर से आए एक समूह ने तनाव और हिंसा भड़काने की कोशिश की। कुछ को हिरासत में लिया गया है। असामाजिक तत्वों ने स्थिति को बढ़ाने में बड़ी भूमिका निभाई।

### आई-पैक बना बंगाल के 'गले की हड्डी'

# टीएमसी कठघरे में, चंदेल को 10 दिन की हिरासत में भेजा

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मंगलवार को दावा किया कि इंडियन पॉलिटिकल एक्शन कमेटी (आईपीएसी) के ठिकानों पर मारे गए छापों के दौरान बरामद दस्तावेजी सबूत एक राजनीतिक दल के कार्यालय में भी मिले हैं। यह भी आरोप लगाया गया है कि तलाशी के तुरंत बाद आईपीएसी कर्मचारियों के खातों से संवेदनशील ईमेल हटा दिए गए थे। एजेंसी ने 50 प्रतिशत चेक भुगतान के मामलों को



भी उजागर किया, जो बैंकिंग चैनलों के जरिए आंशिक लेनदेन का संकेत देते हैं। दिल्ली की एक अदालत ने कथित कोयला तस्करी मामले से जुड़ी मनी लॉन्ड्रिंग जांच के संबंध में आईपीएसी के निदेशक विनेश चंदेल को 10 दिन के लिए ईडी की हिरासत में भेज दिया।


बेरूत में इजराइली धमाका

गिदोन सार ने एस जयशंकर से बातचीत की जानकारी दी

# इजराइल के विदेश मंत्री ने भारत के विदेश मंत्री जयशंकर से कहा- सबको ईरान के खिलाफ एकजुट होने की जरूरत

## इजराइल ने अस्ट्रेलिया से बात कर मांगी मदद

एजेंसी ▶▶ तेल अवीव

इजराइल ने ईरान के खिलाफ कार्रवाई के लिए भारत समेत कई सहयोगी देशों से मदद की अपील की है। यह अपील इजराइल और भारत के विदेश मंत्रियों की बातचीत के दौरान की गई। इजराइली विदेश मंत्री गिदोन सार ने बताया कि उन्होंने मंगलवार को भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर से बातचीत की है।

सार ने बताया कि हमेशा की तरह, मेरे मित्र और भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर के साथ एक अच्छी बातचीत हुई। हमने ईरान, होर्मुज जलडमरूमध्य और लेबनान पर चर्चा की। सार के अनुसार उन्होंने बातचीत में अमेरिका की शर्तों का जिक्र किया और अंतरराष्ट्रीय समुदाय की बेहतरी पर बल दिया। गिदोन सार ने एक्स पर लिखा, हमेशा की तरह, मेरे



मित्र और भारत के विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर के साथ एक अच्छी बातचीत हुई। हमने ईरान, होर्मुज़ जलडमरूमध्य और लेबनान पर चर्चा की। मैंने कहा कि उन शर्तों पर बातचीत में अमेरिका का मज़बूत रुख, जो ईरान को परमाणु हथियार हासिल करने से रोकेंगी (ईरान में कोई संवर्धन नहीं, ईरान से संवर्धित सामग्री को हटाना), पूरे अंतरराष्ट्रीय समुदाय के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। मैंने यह भी कहा कि होर्मुज़ जलडमरूमध्य में आर्थिक आतंकवाद के जरिए नौवहन की स्वतंत्रता और वैश्विक अर्थव्यवस्था को ईरान से पहुंचने वाले नुकसान के लिए ऐसे कदम उठाने की जरूरत है, जो भारत और खाड़ी क्षेत्र में हमारे मित्रों सहित सभी देशों के लिए नौवहन की स्वतंत्रता सुनिश्चित करें। जयशंकर ने बताया कि मंगलवार दोपहर इजराइल के विदेश मंत्री गिदोन सार के साथ टेलीफोन पर बातचीत हुई। हमने पश्चिम एशिया से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की। होर्मुज पर अमेरिका की नाकेबंदी के बीच जयशंकर की इजराइल और ऑस्ट्रेलिया के विदेश मंत्रियों से बात काफी अहम है। सोमवार को ही अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने नाकेबंदी शुरू करने का ऐलान कर दिया था।

### अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने नाकाबंदी पर क्या कहा

*अमेरिकी सेंट्रल कमांड फोर्स (सेंटकॉम) के मुताबिक, यह नाकेबंदी तय समय से शुरू कर दी गई है और इसे कड़ाई से लागू किए जाने का फैसला किया गया है। ईरान के बंदरगाहों से आने-जाने वाले हर जहाज पर नजर रखी जाएगी। हालांकि, अमेरिका ने साफ किया है कि जो जहाज ईरान के अलावा दूसरे देशों के बंदरगाहों के लिए स्ट्रेट ऑफ होर्मुज से गुजरेंगे, उन्हें नहीं रोका जाएगा। सेंटकॉम ने एक बयान में कहा कि नाकेबंदी सभी देशों के उन जहाजों के खिलाफ लागू रहेगी, जो ईरान के बंदरगाहों और तटीय क्षेत्रों में प्रवेश कर रहे हैं या वहां से बाहर जा रहे हैं। गैर-ईरानी बंदरगाहों के बीच यात्रा करने वाले जहाजों को होर्मुज से गुजरने की इजाजत दी जाएगी।*

## खबर संक्षेप

### नाव पलटी, 250 के डूबने की आशंका

**नई दिल्ली।** संयुक्त राष्ट्र ने मंगलवार को बताया कि अंडमान सागर में बांग्लादेशी नागरिकों और रोहिंग्या शरणार्थियों को ले जा रही एक नाव पलटने से बच्चों समेत करीब 250 लोगों के लापता होने की आशंका है। मीडिया को मिली जानकारी के अनुसार यह नाव (ट्रॉलर) दक्षिणी बांग्लादेश के टेकनाफ से रवाना हुई थी और मलेशिया जा रही थी। तेज़ हवाओं, समुद्र में उफान और नाव में क्षमता से ज़्यादा लोगों के होने के कारण यह डूब गई। नाव पर सवार लोगों के डूबने की आशंका जताई जा रही है।



### स्टार्मर ने बैसाखी पर एकता का किया आह्वान

**लंदन।** ब्रिटिश प्रधानमंत्री केअर स्टार्मर ने कहा है कि वह ब्रिटेन के समुदायों के भीतर विभाजनकारी आवाजों को चुनौती देने और बढ़ती सिख विरोधी नफरत से निपटने के लिए प्रतिबद्ध हैं। सोमवार शाम को यहां 10 डाउनिंग स्ट्रीट में आयोजित बैसाखी के स्वागत समारोह में, स्टार्मर ने विभाजनकारी शक्तियों के खिलाफ एकजुट होने के अपने संदेश में पश्चिम एशिया संघर्ष के उथल-पुथल का उल्लेख किया। उन्होंने सेवा की अवधारणा और लेबर पार्टी के मूल्यों के बीच दावा करते हुए कहा कि उनकी सरकार सेवा के प्रति समर्पित है।



### मलेशिया ने आशा के निधन पर शोक जताया

**सिंगापुर।** मलेशिया के प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम ने मंगलवार को दिग्गज भारतीय गायिका आशा भोसले के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए इसे संगीत और संस्कृति की दुनिया के लिए "अपूरणीय क्षति" करार दिया। इब्राहिम ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर कहा कि भोसले ने अपनी हजारों रचनाओं के जरिए कई पीढ़ियों को भावनाओं, परंपराओं और कथाओं के साथ जोड़ा। उन्होंने कहा कि उनकी विशिष्ट आवाज ने सिल्वर स्क्रीन और उन नाटकों को जीवंत कर दिया।



होर्मुज में नाकेबंदी को चीन ने कहा गैर-जिम्मेदाराना कदम

# चीन ने पेश किए 4 शांति प्रस्ताव, शी जिनपिंग बोले- अमेरिका का जंगलराज नहीं चलने देंगे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच चीन ने एक बड़ा कूटनीतिक दांव चला है। चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने आधिकारिक तौर पर चार-सूत्रीय शांति प्रस्ताव का खुलासा कर दिया है। वे इसे क्षेत्र में स्थिरता लाने का एकमात्र रास्ता बता रहे हैं। यह घोषणा तब हुई जब बीजिंग में संयुक्त अरब अमीरात के क्राउन प्रिंस शेख खालिद बिन मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान और अन्य वैश्विक नेता अहम चर्चा के लिए जुटे थे। इसके साथ जिनपिंग ने अमेरिका को जमकर खरी-खोटी सुनाई और कहा कि इस तरह अमेरिका का जंगलराज नहीं चलने देंगे। चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने अमेरिका को खरी-खरी सुनाते हुए कहा, जंगलराज नहीं चलने देंगे। दुनिया को जंगल के कानून की तरफ वापस जाने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए। हालांकि, ईरान युद्ध को लेकर अमेरिका ने इससे पहले स्पेन को दुत्कार दिया था, लेकिन अब चीन ने इस मामले पर स्पेन का साथ दिया है।

जिनपिंग ने कहा, चीन और स्पेन दोनों ही सिद्धांतवादी और तर्कसंगत देश है। हम इतिहास के सही पक्ष में खड़े होने के लिए तैयार हैं। हमें जंगल के कानून का विरोध करना चाहिए और मिलकर सच्चे बहुपक्षवाद को कायम रखते हुए विश्व शांति और विकास की रक्षा करनी चाहिए। बता दें कि पाकिस्तान में ईरान के साथ शनिवार को हुई शांति वार्ता के विफल होने से अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने नाराजगी जताते हुए स्ट्रेट ऑफ होर्मुज में ईरान के बंदरगाहों पर नाकेबंदी की कार्रवाई को लागू कर दिया। ट्रंप के इस कदम की ईरान ने कड़ी आलोचना की। वहीं, अब चीन ने भी अमेरिका की इस कार्रवाई की अब तक की सबसे बड़ी आचोलना की है। चीन ने इस अमेरिकी कार्रवाई को खतरनाक और गैर-जिम्मेदाराना करार दिया है।

चीन ने ईरान को हथियार देने के आरोप खारिज किए

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को लेकर साफ कहा- खतरनाक खेल खेल रहा हैं

अमेरिकी नाकेबंदी से बढ़ेगा तनाव- चीनी विदेश मंत्रालय



### ईरान को हथियार देने से आरोपों को चीन ने किया खारिज

चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग का यह बयान अमेरिका की ओर से ईरान की मदद करने के आरोप और बीजिंग पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगाने की धमकी देने के बाद सामने आई है। रिपोर्ट के मुताबिक, चीन ने इस बात से साफ इनकार कर दिया कि वह ईरान को एयर डिफेंस से जुड़े हथियार मुहैया करा रहा है और कहा कि अगर ट्रंप इस आरोप को बहाना बनाकर चीनी सामानों पर अतिरिक्त 50% टैरिफ लगाते हैं, तो इसके बाद चीन भी जवाबी कार्रवाई करेगा। मामले की जानकारी रखने वाले एक शख्स ने अमेरिकी खुफिया रिपोर्टों का हवाला देते हुए कहा कि चीन अगले कुछ हफ्तों में ईरान को नए एयर डिफेंस हथियार देने की योजना बना रहा है या फिर पहले ही भेज चुका है। इसी वजह से अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने चीन पर अतिरिक्त 50% टैरिफ लगाने की धमकी दी है।बीजिंग ने ईरान के बंदरगाहों पर अमेरिकी नाकेबंदी को खतरनाक और गैर-जिम्मेदाराना करार दिया है। चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता गुओ जियाकुन ने बयान जारी कर कहा, स्ट्रेट ऑफ होर्मुज में टारगेटेड अमेरिकी नाकेबंदी से तनाव और बढ़ेगा। साथ ही पहले से ही नाजुक दौर से गुजर रहे सीजफायर समझौते को और नुकसान पहुंचेगा। उन्होंने कहा कि वॉशिंगटन के इस कदम से स्ट्रेट से आवाजाही की सुरक्षा और भी खतरे में पड़ जाएगी।

### 270 अरब डॉलर का नुकसान

ईरान-अमेरिका तनाव के बीच ईरानी सरकारी प्रवक्ता फातिमेह मोहजेरानी ने बताया कि अमेरिका-इजराइल हमलों से ईरान को हुए नुकसान का प्रारंभिक अनुमान लगभग 270 अरब डॉलर है। उन्होंने कहा, 'यह आंकड़ा अभी अंतिम नहीं है। युद्ध क्षतिपूर्ति हमारे वार्ता एजेंडे का महत्वपूर्ण मुद्दा है।

### यूएन ने बातचीत जारी रखने की अपील की

संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने अमेरिका और ईरान के बीच बातचीत जारी रखने की अपील की है। यह जानकारी उनके प्रवक्ता ने दी। प्रवक्ता स्टेफान दुजारिक ने बताया कि पाकिस्तान में आयोजित इस्लामाबाद वार्ता में संयुक्त राज्य अमेरिका और ईरान के बीच कोई समझौता नहीं हो सका, लेकिन बातचीत से यह साफ हुआ कि दोनों पक्ष गंभीरता से संवाद कर रहे हैं। इसे आगे की बातचीत के लिए एक सकारात्मक और महत्वपूर्ण कदम माना गया।

चीन ने कहा

### किसी एक देश की बपौती नहीं है

*चीन का कहना है कि सुरक्षा किसी एक देश की बपौती नहीं होनी चाहिए। जिनपिंग ने कोल्ड वॉर मेंटेलिटी यानी शीत युद्ध वाली मानसिकता को छोड़कर एक ऐसे सुरक्षा ढांचे की वकालत की है जो टिकाऊ हो और जिसमें सभी देशों की भागीदारी हो। चीन का मानना है कि जीरो-सम गेम यानी एक का फायदा, दूसरे का नुकसान से ऊपर उठकर ही खाड़ी देशों में शांति आ सकती है।*

### मन किया तो कानून मान लिया

*शी ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय संस्थानों और कर्मियों की सुरक्षा हर हाल में सुनिश्चित की जानी चाहिए। मनमर्जी नहीं, कानून का राज: जिनपिंग ने अंतरराष्ट्रीय कानूनों को लेकर पश्चिमी देशों के दोहरे मापदंडों पर तीखा प्रहार किया है। प्रस्ताव के अनुसार, अंतरराष्ट्रीय कानून तभी प्रभावी हैं जब उन्हें समान रूप से लागू किया जाए। उन्होंने जब मन किया कानून माना, जब नहीं किया तो छोड़ दिया वाली नीति की आलोचना करते हुए संयुक्त राष्ट्र (यूएन) के नेतृत्व वाली वैश्विक व्यवस्था पर जोर दिया।*

### विकास ही सुरक्षा की चाबी

*चीन का मानना है कि केवल बंदूकों के दम पर शांति नहीं आ सकती। उनके चौथे बिंदु के अनुसार, सुरक्षा और आर्थिक विकास को साथ-साथ चलना होगा। चीन अपनी 'बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव' (बीआरआई) के जरिए इस क्षेत्र में निवेश बढ़ाकर एक ऐसा आर्थिक जाल बुनना चाहता है, जहां युद्ध की गुंजाइश खत्म हो जाए और व्यापारिक रिश्ते मजबूरी बन जाएं।*

जंग के बीच नेतन्याहू को झटका

# इटली ने इजराइल के साथ सभी रक्षा समझौते कर दिए रद्द

**मेलोनी ने पोप का किया समर्थन होर्मुज खोलने की वकालत की**



एजेंसी ▶▶

इस्लामबाद में हुई विफल वार्ता के बाद पश्चिम एशिया में एक बार फिर से तनाव बढ़ने लगा है। अमेरिका ने एक बार फिर ईरान को धमकाया है। इस बीच इटली ने इजराइल को बड़ा झटका दिया है। इटली की पीएम जॉर्जिया मेलोनी ने बड़ा ऐलान करते हुए कहा कि उनका देश इजराइल के साथ सभी रक्षा समझौते को सस्पेंड करने जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह फैसला वर्तमान स्थिति को देखते हुए लिया गया है।

इटली की पीएम जॉर्जिया मेलोनी ने उस रक्षा समझौते के रद्द करने का ऐलान किया है, जो स्वतः नवीनीकरण की श्रेणी में आता है। एक कार्यक्रम के दौरान इटली की पीएम की ओर से कहा गया कि वर्तमान स्थिति को ध्यान में रखते हुए हमने यह कदम उठाया है। रिपोर्ट्स के अनुसार, वेराना में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए इटली की पीएम जॉर्जिया मेलोनी ने कहा कि वर्तमान स्थिति को ध्यान में रखते हुए, यह कदम उठाया जा रहा है। हालांकि, पीएम मेलोनी ने संबंध में कुछ भी अधिक नहीं बताया। इटली के इस कदम में रोप में मध्य पूर्व संकट को लेकर बढ़ती चिंता के बारे में पता चलता है। मेलोनी ने कहा कि ईरान और अमेरिका के बीच शांतिवार्ता को आगे बढ़ाने के लिए हर एक प्रयास किया जाना चाहुए। जिससे स्थिति सामान्य होने की दिशा में बढ़े और होर्मुज स्ट्रेट एक बार फिर से खुल सके। उन्होंने कहा कि केवल यह दुनिया में ईंधन की सप्लाई के लिए नहीं, बल्कि समग्र आर्थिक स्थिरता के लिए बहुत जरूरी है। इसी दौरान इटली की पीएम जॉर्जिया मेलोनी ने पोप लियो का समर्थन किया। बता दें कि पिछले दिनों अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पोप लियो की आलोचना की थी। जिसके बाद दुनिया के कई नेताओं ने चिंता जताई। अब ट्रंप की आलोचना के बाद मेलोनी ने पोप लियो का समर्थन किया और कहा कि राजनीतिक नेता धार्मिक नेताओं को निर्देश नहीं दे सकते। मेलोनी की ओर से कहा गया कि पोप लियो के साथ एकजुटता जताती हूं। मुझे ऐसे समाज में रहना अच्छा नहीं लगेगा, जहां पर धार्मिक नेता राजनीतिक नेताओं की बात मानें।

### ट्रंप को भी इटली ने दिया था झटका

*गौरतलब है कि इटली का यह फैसला ऐसे समय पर आया है, जब पश्चिम एशिया में अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच युद्ध जारी है और 22 अप्रैल तक अस्थायी सीजफायर पर बात बनी है। इससे पहले इटली ने अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप को भी बड़ा झटका दिया था और अमेरिकी बमवर्षकों को सिसिली के सिगोनेला एयरबेस का इस्तेमाल करने की परमिशन देने से इनकार कर दिया था. माना गया कि इसके बाद अमेरिका और इटली के बीच तनाव बढ़ सकता है।*

पड़ोसी देश में प्रशासनिक स्तर पर किया गया अचानक फेरबदल, कारण अस्पष्ट

# भारत में राजदूत रहे सुन वेइदोंग को चीन ने उप-विदेश मंत्री के पद से हटाया

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भारत में करीब तीन साल तक चीन के राजदूत रहे सुन वेइदोंग को बीजिंग की सरकार ने उप-विदेश मंत्री के पद से अचानक हटा दिया है। जिसके पीछे की वजह फिलहाल साफ नहीं की गई है। लेकिन चीन के मानव संसाधन मंत्रालय ने स्टेट काउंसिल द्वारा लिए गए इस निर्णय को लेकर एक संक्षिप्त नोटिस के माध्यम से समूचे घटनाक्रम की पुष्टि की है। चीन में आमतौर पर यह चलन देखने को मिलता है कि किसी वरिष्ठ सरकारी



मंत्री या अधिकारी को उनके पद से हटाने की कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की जाती है। लेकिन यह फिलहाल चीन में शासन में अनुशासन अभियान के तहत की गई नवीनतम उच्च-स्तरीय बर्खास्तगी है। अभी तक उनके पद पर की जाने वाली नई नियुक्ति के संबंध में भी चीन ने कोई घोषणा नहीं की है।

ऑस्ट्रिया के चांसलर की पहली भारत यात्रा की हुई शुरुआत

# प्रधानमंत्री मोदी के साथ होगी द्विपक्षीय बैठक परिणाम में सामने आएंगे जरूरी दस्तावेज

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

ऑस्ट्रिया के चांसलर डॉ.क्रिश्चियन स्टॉकर की मंगलवार से भारत की चार दिवसीय (14 से 17 अप्रैल तक) आधिकारिक यात्रा की शुरुआत हो गई है। जिसमें उनके साथ अर्थव्यवस्था, ऊर्जा, पर्यटन मामलों के मंत्रियों सहित वरिष्ठ अधिकारी और एक वृहद व्यापारिक प्रतिनिधिमंडल भी शामिल है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने 'एक्स' पर की गई अपनी एक वीडियो पोस्ट में बताया कि चांसलर स्टॉकर की भारत की यह



यह पहली आधिकारिक यात्रा है। जिसके लिए उन्हें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विशेष तौर पर आमंत्रित किया है। दोनों शीर्ष नेताओं के बीच एक उच्च-स्तरीय द्विपक्षीय बैठक होगी। जिसमें द्विपक्षीय संबंधों से जुड़े हुए विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग को मजबूत बनाने पर चर्चा की जाएगी। साथ ही साझा हितों से जुड़े हुए क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय मामलों पर भी बातचीत की जाएगी।

सेना के कमांडर सम्मेलन को संबोधित करते हुए बोले कैबिनेट सचिव

# राष्ट्रीय हितों की सुरक्षा के लिए लचीली सप्लाई चेन की दरकार: डॉ.सोमनाथन

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

वर्तमान में दुनिया के कई भागों में चल रहे युद्ध के चिंताजनक हालातों के बीच राजधानी में आयोजित किए जा रहे सेना के कमांडर सम्मेलन को मंगलवार को कैबिनेट सचिव डॉ.टी.वी.सोमनाथन ने संबोधित किया। जिसमें उन्होंने सेना के शीर्ष नेतृत्व से मौजूदा समय में बने हुए जटिल वैश्विक परिदृश्य के मद्देनजर कृत्रिम बुद्धिमत्ता का एक संप्रभु मॉडल विकसित करने, राष्ट्रीय हितों की




सुरक्षा के लिए लचीली सप्लाई चेन के महत्व पर ध्यान केंद्रित करने पर जोर दिया है। साथ ही तेजी से बढ़ते मुश्किल हालातों में राष्ट्रीय तैयारियों के मद्देनजर प्रमुख सामरिक आवश्यकताओं को भी रेखांकित किया है। सेना ने एक बयान के जरिए यह जानकारी दी है। ज्ञात हो कि कमांडर सम्मेलन सेना का एक द्विवार्षिक आयोजन है। जो हर साल में दो बार अप्रैल और अक्टूबर महीने में होता है। आगामी दिनों में सम्मेलन को प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान भी संबोधित कर सकते हैं। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के सम्मेलन को संबोधित करने को लेकर अभी फिलहाल तस्वीर पूरी तरह से साफ नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि संघर्ष से लेकर शांतिकाल तक एक मजबूत सैन्य और नागरिक सहयोग की आवश्यकता है।

रिटन-फिजिकल टेस्ट के बिना होगी भर्ती

# अग्निवीरों को सीआईएसएफ में 50 फीसदी तक मिलेगा रिजर्वेशन, परीक्षा से छूट

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

गृह मंत्रालय ने केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) में भर्ती के दौरान पूर्व-अग्निवीरों के लिए आरक्षण को 10 फीसदी से बढ़ाकर 50 फीसदी करने का प्रस्ताव रखा है। इस प्रस्ताव के तहत पूर्व-अग्निवीरों को लिखित परीक्षा और शारीरिक दक्षता परीक्षा (पीईटी) से छूट देने की बात भी कही गई है। सूत्रों ने बताया नए रूल का बाकायदा ऑफिशियल सर्कुलर निकाला गया है। ऐसा हुआ तो अग्निवीरों के लिए बहुत बड़ी खुशखबरी है। उन्हें बड़ी संख्या में सीआईएसएफ में एडजस्ट किया जा सकेगा। सीआईएसएफ भर्ती नियमों की समीक्षा हर पांच वर्ष में की जाती है। इसी क्रम में 6 मार्च को केंद्रीय गृह मंत्रालय ने सीआइएसएफ को पूर्व-अग्निवीरों के लिए भर्ती प्रावधानों में संशोधन करने का निर्देश दिया था।

रिटन-फिजीकल टेस्ट के बिना भर्ती होगी। सीआईएसएफ ने संशोधित भर्ती नियमों को सर्कुलेट किया, जिसमें गृहमंत्रालय के प्रस्ताव को शामिल किया गया है, ताकि विभिन्न हितधारकों से सुझाव लिए जा सकें। हालांकि, इन नियमों को अभी औपचारिक रूप से अधिसूचित (नोटिफाई) किया जाना बाकी है। सर्कुलर में प्रस्तावित बदलावों का विस्तृत उल्लेख करते हुए कहा गया है कि "प्रत्येक भर्ती वर्ष में कांस्टेबल (जनरल ड्यूटी) के पदों पर 50 फीसदी रिक्तियां पूर्व-अग्निवीरों के लिए आरक्षित होंगी। पहले चरण में, भर्ती प्रक्रिया 50 फीसदी रिक्तियों के लिए नोडल फोर्स द्वारा आयोजित की जाएगी, जो पूर्व-अग्निवीरों के लिए निर्धारित होंगी या गृहमंत्रालय द्वारा समय-समय पर जारी निर्देशों के अनुसार संचालित होंगी।

दूसरे चरण में, शेष 50 फीसदी रिक्तियों के लिए खुली परीक्षा आयोजित की जाएगी।

संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम(यूएनडीपी) की रिपोर्ट डराने वाली

# मिडिल ईस्ट युद्ध का भारत पर पड़ेगा भीषण असर! गरीबी के दलदल में धंसने की कगार पर 25 लाख लोग

**युद्ध के कारण ईंधन, माल ढुलाई और कच्चे माल की बढ़ती कीमतों ने घरेलू बजट को बिगाड़ दिया है**

भारत अपनी जरूरत का 45% उर्वरक पश्चिम एशिया से मंगाता है। घरेलू यूरिया उत्पादन भी आयातित गैस पर निर्भर है। अब खरीफ के फसल की बुआई शुरू होने वाली है। अगर सप्लाई बाधित रही, तो यूरिया का मौजूदा 61 लाख टन का स्टॉक पर्याप्त नहीं होगा, जिससे खेती की लागत बढ़ेगी और खाद्य असुरक्षा पैदा होगी।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

मिडिल ईस्ट में जारी सैन्य संघर्ष और तनाव केवल सीमाओं तक सीमित नहीं है, बल्कि इसका असर भारत के आम आदमी की जेब और थाली तक पहुंचने वाला है। संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (यूएनडीपी) की ताजा रिपोर्ट मिलिट्री एस्केलेशन इन द मिडिल ईस्ट ने भारत के भविष्य को लेकर एक डरावनी तस्वीर पेश की है। रिपोर्ट के अनुसार, इस युद्ध के कारण भारत के करीब 25 लाख लोग गरीबी रेखा के नीचे जा सकते हैं। यूएनडीपी ने अपनी रिपोर्ट में बताया है कि युद्ध के कारण ईंधन, माल ढुलाई और कच्चे माल की बढ़ती कीमतों ने घरेलू बजट को बिगाड़ दिया है। भारत में गरीबी बढ़ने का अनुमान पहले 4 लाख था, जो युद्ध की भीषणता के कारण अब 25 लाख तक पहुंच गया है। युद्ध के बाद भारत की गरीबी दर 23.9% से बढ़कर 24.2% होने का अनुमान है। यूएनडीपी का मानना है कि दक्षिण एशिया इस संकट से सबसे ज्यादा प्रभावित होगा, जहां कुल 80 लाख लोग गरीबी का शिकार हो सकते हैं। भारत अपनी खेती के लिए काफी हद तक पश्चिम एशिया पर निर्भर है, और यह युद्ध सही समय पर 'चोट' कर रहा है। दरअसल भारत अपनी जरूरत का 45% उर्वरक पश्चिम एशिया से मंगाता है। घरेलू यूरिया उत्पादन भी आयातित गैस पर निर्भर है। जून से मानसून की फसलों की तैयारी शुरू होती है।


एआई इमेज

### ट्रेड और एमएसएमई सेक्टर पर मार

*भारत का 14% निर्यात और 20.9% आयात पश्चिम एशियाई बाजारों से जुड़ा है। बासमती चावल, चाय, रत्न-आभूषण और कपड़ों का निर्यात प्रभावित हो रहा है। रत्न, हीरा, स्टील और खाद्य प्रसंस्करण जैसे छोटे उद्योगों को कच्चे माल की कमी और महंगी ऊर्जा का सामना करना पड़ रहा है। इससे छंटनी और काम के घंटों में कटौती का खतरा बढ़ गया है।*

### दवाओं और इलाज पर भी असर

*युद्ध की तपिश अब अस्पतालों तक पहुंच रही है। होर्मुज जलसंधि में रुकावट के कारण मेडिकल डिवाइस बनाने वाले कच्चे माल की लागत 50% बढ़ सकती है। दवाओं की थोक कीमतों में पहले ही 10-15% की बढ़ोतरी देखी जा चुकी है।*

## खबर संक्षेप



### बेटी के साथ अभिभावक भी बने बेस्ट पावर लिफ्टर ऑफ भोपाल

**संतनगर।** नीलबड़ में भोपाल पावरलिफ्टिंग कॉरपोरेशन द्वारा आयोजित भोपाल जिला पावरलिफ्टिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें भोपाल रेलवे में मेल ट्रेन मैनेजर जितेंद्र आसनानी ने 482.5 किलोग्राम उनकी पत्नी रेणु ने 285किलोग्राम एवं उनकी 14 वर्षीय बेटी तनिषा ने 280 किलोग्राम वजन उठाकर बेस्ट पावरलिफ्टर्स ऑफ भोपाल का खिताब अपने नाम किया। पूरा परिवार संतनगर स्थित आयरन क्रश जिम में इस खेल का अभ्यास करता है।

### डॉक्टर से लूट में करीबी महिला निकली मास्टरमाइंड

**भोपाल।** शहर में डॉक्टर से लूट के हाईप्रोफाइल मामले में पुलिस ने बड़ा खुलासा किया है। इस वारदात की साजिश डॉक्टर की करीबी महिला मित्र ने ही रची थी। पुलिस ने मास्टरमाइंड महिला आलिया खान समेत सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।
पुलिस जांच में सामने आया है कि महिला को पहले से जानकारी थी कि डॉक्टर 11 तोला वजनी सोने का कड़ा पहनते हैं। इसी लालच में उसने अपने साथियों के साथ मिलकर लूट की योजना बनाई। आरोपियों ने पहले डॉक्टर की रेकी की और फिर सुनियोजित तरीके से वारदात को अंजाम दिया।

### जल कार्य के अमले ने 114 पानी के सैंपल जांच के लिए लैब भेजे

**भोपाल।** नगर निगम के जल कार्य विभाग के अमले ने मंगलवार को शहर के विभिन्न क्षेत्रों से 114 पानी के सैंपल लिए और जांच के लिए लैब भेजे। इसके अलावा निगम अमले ने 49 स्थानों पर पाइप लाइनों के लीकेज सुधारे और 4 शिकायतों का निराकरण किया। महापौर मालती राय के निर्देश।

| शुभांक | | | |
|---|---|---|---|
| कल्याणः | 1736 | | |
| दिनः | 460 | 03 | 229 |
| रातः | 660 | 20 | 127 |
| ताराः | | | |
| दिनः | 567 | 85 | 500 |
| रातः | 138 | 22 | 570 |

अनुयायियों, राजनीतिक दलों, सामाजिक संगठनों ने नमन कर संविधान निर्माता के बताए गए मार्ग पर चलने का लिया संकल्प

# बाबा साहेब की जयंती पर संविधान, समानता, समाजसेवा की गूंज

*जगह-जगह हुए आयोजन, निकाली गई भव्य रैलियां, बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। कई जगह सामूहिक रूप से संविधान की प्रस्तावना का वाचन किया गया। स्टॉल लगाकर बांटा शरबत और खिचड़ी*

## भारत रत्न की जयंती पर औबेदुल्लागंज भाजपा मंडल ने किया माल्यार्पण




हरिभूमि न्यूज ⏭ औबेदुल्लागंज

भारतीय संविधान के शिल्पकार और भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती के पावन अवसर पर भारतीय जनता पार्टी मंडल औबेदुल्लागंज द्वारा विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। भाजपा कार्यकर्ताओं ने नगर में स्थित बाबा साहेब की प्रतिमा पर एकत्रित होकर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। इस अवसर पर डॉ. नागर ने बाबा साहेब के जीवन संघर्षों को याद करते हुए कहा कि बाबा साहेब केवल एक वर्ग के नहीं, बल्कि पूरे राष्ट्र के मार्गदर्शक हैं। उन्होंने भारत को एक ऐसा संविधान दिया, जो हर नागरिक को समानता और सम्मान का अधिकार देता है। हमारी सरकार और संगठन उनके 'शिक्षित बनो, संगठित रहो और संघर्ष करो' के नारे को धरातल पर उतारने के लिए निरंतर प्रयासरत है।

इस अवसर पर भाजपा मंडल के वरिष्ठ नेता नरेंद्र शर्मा, अशोक यादव, माधव यादव, देवेंद्र सिंह राजू, कोमल सिंह चौहान, सर्वोदय अहिरवार, धर्मेंद्र चौरसिया, वचन लोधी, पार्षद सुनील सरिया, पार्षद अनूप चौधरी, सुनील वाल्मीकि, पूर्व पार्षद पदम सिंह चौहान, पार्षद अमीर ममनून, बने सिंह परमार, माखन सेन, माया राय, राधा मालवीय, विभिन्न मोर्चों के अध्यक्ष, पार्षद और स्थानीय कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने एक स्वर में बाबा साहेब के अमर रहे के नारे लगाए और राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान को याद किया।

## नगर परिषद में डॉ. आंबेडकर की जयंती उत्साह के साथ मनाई

नगर परिषद कार्यालय औबेदुल्लागंज में बाबा साहेब डॉ. भीमराव आबेडकर की 136वीं जयंती श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। इस अवसर पर परिषद परिसर में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से मुख्य नगर पालिका अधिकारी किरण राहंगडाले उपस्थित रहीं। उनके साथ मुकेश कुमार जैन (उपयंत्री), महेश मीणा, चंद्रभान जैन, राजकुमार शर्मा, विनय सिंह राजपूत, संतराम यादव, विनोद यादव, प्रदीप महेश्वरी तथा रानीता मरकाम सहित अन्य कर्मचारी भी मौजूद रहे। सभी उपस्थित जनों ने बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके विचारों एवं आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने का संकल्प लिया। वक्ताओं ने अपने संबोधन में बाबा साहेब के समाज सुधार, समानता और संविधान निर्माण में उनके अमूल्य योगदान को याद किया। कार्यक्रम का समापन सामूहिक रूप से उनके आदर्शों को आगे बढ़ाने के संकल्प के साथ किया गया।






बाबा साहेब डॉ. आंबेडकर की जयंती मनाई

## कांग्रेस ने निकाली भव्य रैली

बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती पर ग्राम पंचायत बमनई, गौतमपुर कॉलोनी, दीवाटिया एवं आसपास के ग्रामीणों द्वारा भव्य रैली निकाली गई। यह यात्रा ग्राम बमनई से प्रारंभ होकर नगर औबेदुल्लागंज तक निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। रैली के दौरान बाबा साहेब के जयकारों से पूरा क्षेत्र गूंज उठा और लोगों में खासा उत्साह देखने को मिला। यात्रा के समापन के बाद सभी उपस्थित जनों ने बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर एक विशेष कार्यक्रम के तहत सामूहिक रूप से संविधान की प्रस्तावना का वाचन किया गया, जिसमें सभी ने एकजुट होकर समानता, न्याय और बंधुत्व के मूल्यों को अपनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से कांग्रेस नेता परेश नगर, सरपंच संघ के राजू मेहरा, हरजीत सिंह



मांगू सहित सैकड़ों आदिवासी नेता एवं ग्रामीणजन शामिल हुए। क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों, युवाओं एवं महिलाओं की सक्रिय भागीदारी ने पूरे आयोजन को सामाजिक एकता और जागरूकता का प्रतीक बना दिया।

## कांग्रेस ने डॉ. आंबेडकर के योगदान को किया याद

**संतनगर।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान मे देश के संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती पर संत हिरदाराम नगर में भी उनके योगदान को याद करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर मुख्य रूप ब्लाक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एवं पार्षद अशोक मारण, पूज्य सिंधी पंचायत के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता माधु चांदवानी, घनश्याम लालवानी, मनोहर सतानी, जगदीश सांवले, महेश गुरबानी, प्रकाश विधानी, सुरेश सिंगरोली, राजकुमार धानुक, गगन भार्गव, अशोक गोकलानी, बबलु टेकचंदानी, जगदीश विश्वकर्मा, साहिल खान, महिला जिला अध्यक्ष सोनू जैन, कमला बैरागी, सावित्री



बाई, सुशीला बाई, रामश्रीं बाई, कला बाई, सरजी मेहरा सहित कांग्रेस जन उपस्थित हुए। इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष एवं पार्षद अशोक मारण ने कहा कि सत्ता में बैठी भाजपा बाबा साहेब का अपमान करती है। कांग्रेस कभी भी उनके मंसूबों को कामयाब नहीं होने देंगी।

निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

## मंडीदीप में सामाजिक न्याय के प्रणेता बाबा साहेब को अर्पित की भावभीनी पुष्पांजलि

**मंडीदीप।** संविधान शिल्पी एवं भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती के पावन अवसर पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों ने बाबासाहेब के विचारों को स्मरण करते हुए उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि बाबासाहेब मां भारती के सच्चे सपूत थे, जिन्होंने अपने ज्ञान, संघर्ष और दूरदृष्टि से शोषित एवं वंचित वर्गों के जीवन में स्वाभिमान और समानता का दीप प्रज्वलित किया। उनका जीवन सामाजिक न्याय, शिक्षा और समान अधिकारों की प्रेरणा देता है। इस अवसर को सेवा संकल्प के रूप में मनाते हुए 'निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर' का भी आयोजन किया गया। शिविर में नगर के



अनेक नागरिकों ने भाग लेकर स्वास्थ्य परीक्षण एवं विशेषज्ञ चिकित्सकों से परामर्श प्राप्त किया। जांच एवं मार्गदर्शन से आमजन को काफी लाभ मिला।

कार्यक्रम में यह भी कहा गया कि बाबासाहेब द्वारा देखे गए समतामूलक समाज के सपने को साकार करने की दिशा में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार द्वारा निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं, जिससे समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास की किरण पहुंचे।

बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण

## बाबा साहेब की 136वीं जयंती तामोट औबेदुल्लागंज में श्रद्धा के साथ मनाई

**तामोट।** ग्राम पंचायत तामोट में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य रूप से ब्लॉक अध्यक्ष इमरत सिंह दरबार, मंडल अध्यक्ष चौहान सिंह चौहान, तुलसी जाटव सहित ग्राम पंचायत की माता-बहनों एवं ग्रामीण भाई-बंधुओं ने भाग लिया। सभी ने बाबा साहेब के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

औबेदुल्लागंज में ब्लॉक कांग्रेस द्वारा विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष इमरत सिंह दरबार के नेतृत्व में कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में ब्लॉक सेवादल महासचिव पंकज शर्मा, बनवारी लाल बरखने, नोसाद अली, रामविलास बरखने, मुकेश



दोहरे, महेश जाटव, अमित बरखने, अजय पवार सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान सभी उपस्थित जनों ने बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की तथा संविधान के प्रति अपनी आस्था व्यक्त की। वक्ताओं ने बाबा साहेब के समाज सुधार, समानता एवं संविधान निर्माण में उनके योगदान को याद किया।

## जेल से छूटते ही हमलाः 3 दिन पहले बाहर आए युवक पर चाकुओं से वार

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी के चूनाभट्टी इलाके में एक युवक पर जानलेवा हमला किए जाने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। खास बात यह है कि घायल युवक महज तीन दिन पहले ही जेल से बाहर आया था। बाइक सवार बदमाशों ने उस पर चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर उसे लहूलुहान कर दिया और मौके से फरार हो गए।

पुलिस के मुताबिक, बाबा नगर निवासी 32 वर्षीय सोनू मेना कार वॉशिंग का काम करता है। वह हाल ही में एक आपराधिक मामले में जेल गया था और तीन दिन पहले ही रिहा हुआ था। सोमवार रात करीब 10:30 बजे वह अपने घर के बाहर बाइक पर बैठा मोबाइल फोन चला रहा था, तभी दो युवक बाइक पर सवार होकर वहां पहुंचे।

बताया जा रहा है कि दोनों हमलावरों ने बिना किसी बातचीत के सोनू पर चाकू से ताबड़तोड़ वार कर दिए। अचानक हुए हमले से वह संभल नहीं पाया और गंभीर रूप से घायल हो गया। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को अस्पताल पहुंचाया गया। पुलिस ने इस मामले में हत्या के प्रयास का प्रकरण दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच में हमले के पीछे पुरानी रंजिश की आशंका जताई जा रही है। पुलिस आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है और संदिग्धों की पहचान करने में जुटी है।

**रंजिश में युवक पर हमलाः** तलेया क्षेत्र में भी एक युवक पर चाकू से हमला किए जाने का मामला सामने आया है। पुलिस के मुताबिक, 28 वर्षीय दाऊद उद्दीन कमला पार्क के पास खड़ा था, तभी दो आरोपियों ने उस पर हमला कर दिया। घटना के पीछे पुरानी रंजिश बताई जा रही है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जहांगीराबाद थाना क्षेत्र में वारदात, पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी

## शराब दुकान के बाहर फायरिंग मामूली विवाद में बदमाशों ने चलाई गोली, कैमरों में आरोपी कैद

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

जहांगीराबाद थाना क्षेत्र में शराब दुकान के बाहर मामूली विवाद के बाद दो बदमाशों ने कट्टे से हवाई फायर कर इलाके में दहशत फैला दी। घटना के बाद दोनों आरोपी मौके से फरार हो गए।

पुलिस ने केस दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, अरविंद लोट नगर निगम में पदस्थ हैं। वे दोपहर में अपने परिचित की नमकीन दुकान पर बैठे थे, जो बरखेड़ी स्थित शराब दुकान के बाहर है। इसी दौरान आसिम उर्फ डमरू अपने साथी के साथ दुकान पर पहुंचा और सामान खरीदा।



### कहासुनी के बाद फायरिंग, इलाके में मची अफरा-तफरी

सामान लेने के बाद किसी बात को लेकर अरविंद और आरोपियों के बीच कहासुनी हो गई। विवाद बढ़ने पर आसिम ने अपने पास रखे कट्टे से हवाई फायर कर दिया। अचानक हुई फायरिंग से आसपास के लोगों में अफरा-तफरी मच गई। हालांकि इस घटना में कोई घायल नहीं हुआ।

### फुटेज में दिखे आरोपी, पुलिस दे रही ठिकानों पर दबिश

घटना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने आसपास लगे कैमरों के फुटेज खंगाले, जिनमें आरोपी फायरिंग करते नजर आए। पुलिस ने देर रात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और उनके संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही है। पुलिस का कहना है कि आरोपियों की पहचान कर ली गई है और उन्हें जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा। फिलहाल मामले की जांच जारी है।

जल्द होंगी सभी सड़कें बनकर तैयार

## सतलापुर हाउसिंग बोर्ड में 30 साल बाद शुरू हुआ सड़क का निर्माण



हरिभूमि न्यूज ⏭ मंडीदीप

मंडीदीप नगर पालिका के हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी सतलापुर में 30 साल बाद अब सड़क निर्माण का काम सोमवार को शुरू हुआ जिसमें लगभग एक करोड़ की लागत से सभी सड़कों का निर्माण पूरा किया जाएगा। नगर पालिका के अंतर्गत आने वाले हाउसिंग बोर्ड का हस्तांतरण विगत 3 वर्ष पहले करीब 6 करोड़ में किया गया जिसके बाद कॉलोनी में सड़क, सीवेज, समेत नाली का निर्माण किया जाना है। नाली निर्माण सीवेज निर्माण के बाद अब सड़क का निर्माण कार्य सोमवार को चालू किया गया। जिसको लेकर नगर में हाउसिंग बोर्ड के रहवासियों ने खुशी जाहिर करते हुए प्रशासन और नपा का धन्यवाद किया।

**डामरीकरण से बड़ी सड़क और छोटी सड़क होगी आरसीसी :** नपा के इंजीनियर सुविया नासिर ने बताया कि हाउसिंग बोर्ड में जो भी सड़क बनेगी जिसमें 6 मीटर की सड़क डामरीकरण से बनेगी और छोटी सड़क आरसीसी के साथ तैयार होगी, जिसमें लोगों को आवागमन में सहूलियत होगी।

### चार किलोमीटर सड़क का होगा निर्माण

हाउसिंग बोर्ड क्षेत्र में निर्माण हो रहे सड़क में अलग अलग जिसमें 12 मीटर,6मीटर, और 10मीटर की करीब चार किलोमीटर की सड़क निर्माण होगी जिसमें सकरी गलियों में। सीएम इन्फ्रा योजना के तहत सीसी रोड का निर्माण किया जाएगा जिसकी कुल लागत 3 करोड़ रूपये है।

### निर्माण कार्य शुरू हुआ

तीस वर्षों से हाउसिंग बोर्ड के रहवासी सड़क, नाली, सीवेज जैसी सुविधाओं के लिए मोहताज थे। सभी काम के बाद सोमवार से सड़क निर्माण का काम भी शुरू हो गया, जिसकी लागत करीब 3 करोड़ है, जिससे आने वाले कुछ माह में सड़कों का बड़ा जाल हाउसिंग बोर्ड में बिछकर तैयार होगा।

**प्रशांत जैन,** सीएमओ
नपा मंडीदीप

वार्ड 8 स्थित दुर्गा मंदिर प्रांगण से शुरू हुई शोभायात्रा

जन्मोत्सव पर हुए कार्यक्रम में उमड़े समाज के लोग

## संत शिरोमणि सेन महाराज जयंती पर भव्य शोभायात्रा निकाली समाजजनों का हुआ सम्मान, भक्ति गीत, झांकियां बनीं आकर्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंडीदीप

मंगलवार को संत शिरोमणि सेन महाराज के जन्मोत्सव के पावन अवसर पर सर्वसेन समाज उत्थान समिति द्वारा भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम दोपहर 12 बजे वार्ड क्रमांक 8 स्थित दुर्गा मंदिर प्रांगण से श्रद्धा और उत्साह के साथ प्रारंभ हुआ। शोभायात्रा नगर के विभिन्न मार्गों से होते हुए तुलसी मैरिज गार्डन पहुंचकर संपन्न हुई। इस दौरान बड़ी संख्या में समाज के लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और आयोजन की गरिमा को बढ़ाया। शोभायात्रा में भक्ति गीत, जयघोष और आकर्षक झांकियों ने माहौल को भक्तिमय बना दिया।

सर्वसेन समाज उत्थान समिति ने किया आयोजन




### वरिष्ठजनों को पुष्पमाला पहनाई

कार्यक्रम के समापन पर समाज के वरिष्ठजनों का पुष्पमाला पहनाकर सम्मान किया गया, जिससे सभी में विशेष उत्साह और गौरव का वातावरण बना रहा। कार्यक्रम की अध्यक्षता राकेश मालवीय द्वारा की गई। आयोजन को सफल बनाने में समाज के सभी पदाधिकारियों एवं युवाओं का सराहनीय योगदान रहा। इस मौके पर समाज के वरिष्ठ युवा शक्ति एवं मातृशक्ति अधिक संख्या में उपस्थिति रही। नगर के भाजापा मंडल अध्यक्ष पवन श्रीवास्तव पूर्व कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष दीपेश मीणा अनूप पाल, दशरथ मीणा, केंडी पाल शहित अधिक संख्या में लोग कार्यक्रम में मौजूद थे।



बोर्ड ऑफिस चौराहे पर डॉ. आंबेडकर की प्रतिमा को फूलों से सजाया गया। बड़ी संख्या में यहां धर्मावलंबी एकत्रित हुए और एक दूसरे को बधाई दी।

**राजधानी में धूमधाम से मनाई गई डॉ. आंबेडकर की 137वीं जयंती**

### कई जगह काटे गए केक, सोशल मीडिया पर दिनभर चलता रहा एक-दूसरे को बधाई देने का सिलसिला

# जय भीम के नारों से गूंज उठा भोपाल सड़कों पर लगा लोगों का जमावड़ा

## जुलूस में उमड़े अनुयायी, बौद्ध विहारों में कैंडिल जलाकर बाबा आंबेडकर को किया नमन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

संविधान निर्माता डॉ. भीमराव आंबेडकर की 137वीं जयंती मंगलवार को धूमधाम से मनाई गई। शहरभर में कई आयोजन हुए। वहीं मुख्य कार्यक्रम बोर्ड ऑफिस चौराहे पर आयोजित हुआ। इसके साथ ही यहां बाबा साहेब के बताए मार्ग पर चलने का संदेश भी दिया गया। घरों और बौद्ध विहारों में कैंडिल जलाकर बाबा को नमन किया। साथ उनके जीवन को दर्शाती नृत्य नाटिका का मंचन किया गया। इसके साथ ही आंबेडकर मैदान से बोर्ड ऑफिस तक एक संदेश रैली भी निकाली गई। राजधानी में जगह-जगह जय भीम के नारों से गूंजे रहे थे। इस दौरान 150 से अधिक विभिन्न सामाजिक और राजनैतिक संगठनों से जुड़े लोगों ने बोर्ड ऑफिस चौराहे पर पहुंच कर डॉ. भीमराव आंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण किया। सुबह से लेकर देर रात तक सोशल मीडिया पर डॉ. आंबेडकर को मानने वालों के संदेशों की धूम मची रही। लोगों ने डॉ. आंबेडकर द्वारा बताए गए मार्ग पर चलने का संकल्प भी लिया। इस दौरान लोगों ने बौद्ध विहारों के साथ-साथ अपने-अपने घरों पर विद्युत साज-सज्जा की, जिससे वातावरण रोशनी से जगमग हो उठा।



बोर्ड ऑफिस चौराहे पर अनुयाइयों का सैलाब। इस दौरान समाज की युवतियों ने नृत्य भी प्रस्तुत किया।

### बच्चों को शिक्षित बनने का दिया संदेश

डॉ. भीमराव आंबेडकर की 136वीं जयंती पर पिपलानी वार्ड 63 स्थित आंबेडकर पार्क में निःशुल्क स्कूल बैग वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम कुणाल गजभिये के नेतृत्व में संपन्न हुआ। इस अवसर पर इस अवसर पर मुख्य अतिथि पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने बच्चों को डॉ. आंबेडकर के जीवन से प्रेरणा लेने और खूब पढ़ाई करने का संदेश दिया गया। उन्हें बाबा साहेब का 'शिक्षित बनो, संगठित रहो और संघर्ष करो' का नारा भी याद दिलाया गया। इस मौके पर समिति के संरक्षक एवं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रविंद्र साहू झूमर मौजूद थे। आयोजक कुणाल गजभिये ने बताया कि उनका उद्देश्य जरूरतमंद विद्यार्थियों को सहयोग देना है, ताकि कोई भी बच्चा संसाधनों के अभाव में शिक्षा से वंचित न रहे।

### पेश की सेवा की मिसाल

कोई व्यवसायी था तो कोई उद्योगपति। किसी की नौकरी मल्टीनेशनल कंपनी में थी तो कोई डॉक्टर, वकील और इंजीनियर जैसे ओहदे पर था। लेकिन मंगलवार को बोर्ड ऑफिस चौराहे पर डॉ.आंबेडकर की जयंती पर सब समान नजर आ रहे थे। यहां पर सबने सेवा की मिसाल पेश की। कोई खाना वितरण कर रहा था। तो कोई पानी,तो कोई शरबत बांट रहा था।

### बौद्ध विहार में मनाई आंबेडकर जयंती



दी बुद्धभूमि धम्मदूत संघ एवं सर्वधर्म सद्भावना मंच के तत्वावधान में बोर्ड ऑफिस चौराहे के पास भिक्षु संघ एवं विभिन्न धर्मों के धर्मगुरुओं की मौजूदगी में सामूहिक बुद्ध वंदना, सर्वधर्म वंदना की गई। भंते शाक्यपुत्र सागर थेरो ने बताया कि इस दौरान सामाजिक समरसता,धार्मिक सहिष्णुता व राष्ट्रीय एकता का संदेश दिया गया। दि बुद्धिस्ट सोसायटी ऑफ इंडिया के तत्वावधान में तुलसी नगर स्थित करुणा बौद्ध विहार में डॉ. आंबेडकर की जयंती धूमधाम से मनाई। दूसरी तरफ कांग्रेस के नेता पीसी शर्मा, गुड्डू चौहान सहित कई कांग्रेसी भी बोर्ड ऑफिस चौराहे स्थित कार्यक्रम में शामिल हुए।

### गौरीशंकर परिसर में धूमधाम से मनाई गई बाबा साहेब की जयंती



भारत रत्न बाबा साहब डॉक्टर भीमराव आंबेडकर की 135 वीं जयंती पर गौरीशंकर परिसर में धूमधाम से मनाई गई। इस मौके पर क्षेत्रवासियों ने एक दूसरे साथियों को हार्दिक शुभकामनाएं दी। इस मौके पर सभी ने बाबा साहेब के दिखाए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

### बच्चों ने नाटक मंचन से दिया समानता और न्याय का संदेश

संस्कार वेलफेयर सोसाइटी द्वारा डॉक्टर बाबासाहेब अंबेडकर 136वीं जयंती पर सनसिटी गार्डन में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर 200 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया। विशेष केक काटा गया। बच्चों ने नाट्य मंचन के माध्यम से समानता और न्याय का संदेश दिया। सोसाइटी के अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण सिकरवार ने बताया कि 2013 से यह समारोह निरंतर आयोजित हो रहा है। अब तक 3000 से अधिक प्रतिभाओं को सम्मानित किया जा चुका है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि मंत्री विश्वास सारंग व विशिष्ट अतिथि के रूप में निगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी शामिल हुए। पूर्व पार्षद मेवालाल कनजीं एवं पार्षद अनीता प्रमोद शुकवारे भी मौजूद रहे। कार्यक्रम में सोसाइटी के सचिव रमेश नन्हेट, राकेश वर्मा, राजेश, रवि, संजय, चरण सिंह व काशी प्रसाद जी तथा संस्थापक अवध नारायण जरेलिया सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

### भेल में मनाई बाबा साहेब की जयंती



बीएचईएल, भोपाल में भारत के संविधान निर्माता एवं भारत रत्न बाबासाहेब डॉ. भीमराव आम्बेडकर की 136वीं जयंती पारंपरिक हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ मनाई गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ईडी भेल प्रदीप कुमार उपाध्याय थे। अध्यक्षता महाप्रबंधक एचआर टीयू सिंह ने की। वही सभी महाप्रबंधकण, विशिष्ट अतिथि के रूप में अपर महाप्रबंधक एवं संपर्क अधिकारी एसटी एवं एक्स सर्विसमैन मनीष ठाकुर, अपर महाप्रबंधक एवं संपर्क अधिकारी ओबीसी एवं ईडब्लूएस तथा बीएचईएल दिलीप कुमार, भोपाल के संयुक्त शेडयूल कास्ट, शेड्यूल ट्राइब्स एवं ओबीसी एम्प्लाईज वेलफेयर एसोसिएशन के कार्यकारिणी सदस्यगण ने बाबासाहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।

## खबर संक्षेप

### अनुकंपा-पेंशन प्रकरण को लेकर शिविर आज

**भोपाल।** संचालनालय नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के निर्देश पर बुधवार को प्रदेश के सभी नगरीय निकायों में लंबित पेंशन, बीमा तथा अनुकंपा नियुक्ति के मामलों के निराकरण के लिए शिविर लगाए जाएंगे। सुबह 10 बजे से निकाय स्तर पर लगने वाले विशेष शिविर की सूचना सेवानिवृत्त कर्मचारियों एवं दिवंगत कर्मचारियों के परिजनों को दी गई है ताकि वे आवश्यक दस्तावेजों के साथ उपस्थित होकर अपनी लंबित प्रक्रियाएं पूरी कर सकें। शिविरों के बाद सभी प्रकरणों को विशेष वाहक के माध्यम से संचालनालय भेजा जाएगा।

### जैव-विविधता पुरस्कार के लिए 20 तक करें आवेदन

**भोपाल।** प्रदेश में जैव-विविधता संरक्षण को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से मध्यप्रदेश राज्य जैव विविधता बोर्ड द्वारा राज्य स्तरीय वार्षिक जैव विविधता पुरस्कार-25 के लिए प्रविष्टियां 20 अप्रैल तक आमंत्रित की गई हैं। विभिन्न श्रेणियों में जैव-विविधता स्वामित्व रखने वाले वन, कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन, मछली पालन, जल संसाधन और जैव-विविधता प्रबंधन समिति ग्राम पंचायत/जपं / नपं / नपा/नगर निगम स्तर पर गठित जैव-विविधता प्रबंधन समितियां। संस्थागत , व्यक्तिगत (अशासकीय), व्यक्तिगत (शासकीय) पहुंच एवं लाभ प्रभाजन के अधिकतम अनुबंध पहुंच एवं लाभ प्रभाजन की अधिकतम राशि श्रेष्ठ वनमंडल एवं श्रेष्ठ वनवृत्त के अंतर्गत विशिष्ट कार्य करने वाले अपनी प्रविष्टियां जमा कर सकते हैं।

### अनिल शर्मा प्रांतीय सचिव नियुक्त

**भोपाल।** मध्यप्रदेश लघु वेतन कर्मचारी संघ के प्रातांध्यक्ष महेंद्र



शर्मा ने केंद्रीय प्रबंध समिति की अनुशंसा पर अनिल शर्मा को संघ का प्रांतीय सचिव बनाया गया है। अनिल शर्मा कलेक्टर कार्यालय में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी पद पर पदस्थ है। मप्र लघु वेतन कर्मचारी संघ में अनिल शर्मा को प्रांतीय सचिव बनाने पर संघ के पदाधिकारियों ने उन्हें बधाई देकर फूल-मालाओं से स्वागत किया।

### शताब्दी संकल्प समीक्षा कार्यशाला संपन्न

## युग निर्माण के लिए प्राण-प्रण से जुटने का आह्वान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान एवं गायत्री शक्तिपीठ प्रांतीय मार्गदर्शन में महाराणा प्रताप नगर स्थित गायत्री शक्तिपीठ में मंगलवार को अश्वमेध हॉल में शताब्दी संकल्प समीक्षा कार्यशाला की संगोष्ठी सम्पन्न हुई । वर्ष 2026 को अखंड दीपक, परम पूज्य गुरुदेव की प्रखर साधना प्रारंभ भगवती देवी शर्मा की जन्म शताब्दी की त्रिवेणी वर्ष के रूप में विशेष महत्व दिया गया। कार्यक्रम में शांतिकुंज हरिद्वार के दीप चंद्र मालवीय ने कहा कि इस दिव्य शताब्दी वर्ष में सशरीर उपस्थित होना सौभाग्य की बात है। उन्होंने सभी से आत्ममंथन करते हुए अपने संकल्पों को पूर्ण करने तथा युग निर्माण मिशन में प्राण-प्रण से जुटने का आव्हान किया। मध्य प्रदेश जोन के सह समन्वयक प्रभाकांत तिवारी ने कहा कि अपने संकल्पों को मनोयोग से पूरा करने हेतु स्पष्ट योजना बनाकर कार्य करना आवश्यक है। वहीं शक्तिपीठ प्रबंधन समन्वयक राकेश गुप्ता ने संस्था के उद्देश्यों की पूर्ति हेतु कार्यकर्ता, कार्यक्रम एवं कार्यालय की महत्ता पर प्रकाश डाला।



गायत्री शक्तिपीठ में आयोजन।

### 6 जिलों के सदस्यों ने की सहभागिता

कार्यशाला में भोपाल उपजोन के 6 जिलों भोपाल, नर्मदापुरम, हरदा, सीहोर, रायसेन एवं विदिशा की जिला समन्वय समितियों के सदस्यों ने सक्रिय सहभागिता की। साथ ही उपजोन स्तरीय शताब्दी संकल्प अनुयाज प्रशिक्षण का आयोजन भी किया गया, जिसमें शांतिकुंज एवं जोन-उपजोन के वरिष्ठ प्रतिनिधियों द्वारा जन्म शताब्दी के 13 आंदोलनों को गति देने हेतु मार्गदर्शन प्रदान किया गया। प्रतिभागियों के लिए भोजन व्यवस्था शक्तिपीठ एमपी नगर में की गई। दो दिवसीय इस कार्यशाला (14-15 अप्रैल) में सभी इकाइयों के सदस्यों को समय पर सहभागिता हेतु प्रेरित किया गया तथा अंत में कार्यक्रम के समापन में अमर धाकड़ (मप्र सह समन्वयक) भोपाल जिला समन्वयक रमेश नागर, डॉ समेले ने किस तरह से भूमिका निभानी है कैसे क्या करना है अपने टारगेट को लेकर जोर देते हुए चिंतन मंथन-चर्चा कर सफलतापूर्वक समापन हुआ।

### ग्रुप रजिस्ट्रेशन का शुल्क ढाई सौ रुपए प्रति व्यक्ति

## अमरनाथ यात्रा के लिए आज से होंगे रजिस्ट्रेशन, 150 रुपए शुल्क लगेगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी भोपाल सहित देशभर में अमरनाथ यात्रा के लिए 15 अप्रैल से रजिस्ट्रेशन शुरू होंगे। राजधानी में तीन बैंकों जम्मू कश्मीर बैंक जवाहर चौक, पंजाब नेशनल बैंक, न्यू मार्केट, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया न्यू मार्केट में ऑफलाइन बायोमेट्रिक के माध्यम से रजिस्ट्रेशन होंगे। इसके अलावा श्राइन बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट व मोबाइल एप से भी रजिस्ट्रेशन कराया जा सकता है। ॐ शिव शक्ति सेवा मंडल के सचिव रिंकू भटेजा ने बताया रजिस्ट्रेशन शुल्क 150 रुपए है। ग्रुप रजिस्ट्रेशन का शुल्क ढाई सौ रुपए प्रति व्यक्ति होगा। यात्रा 3 जुलाई से शुरू होगी, जो 28 अगस्त को रक्षाबंधन तक चलेगी। अमरनाथ गुफा जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग जिले में 13,600 फीट की ऊंचाई पर स्थित है। चयनितों को यात्रा दो मार्गों- पहलगाम व बालटाल में से एक रास्ते से कराई जाएगी।

## बैसाखी पर्व की धूमधामः गुरुद्वारा टीटी नगर में दीवान सजाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी के विभिन्न गुरुद्वारों में बैसाखी पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर 20 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने श्री गुरु ग्रंथ साहिब के चरणों में मत्था टेका और अरदास की। गुरुद्वारा टीटी नगर में बैसाखी पर्व मंगलवार को धूमधाम के साथ मनाया गया। यहां विशेष दीवान सजाया गया। इस अवसर पर आयोजित धार्मिक कार्यक्रम में संगत की भारी भीड़ उमड़ी, जिससे पूरा परिसर "वाहे गुरु जी का खालसा, वाहे गुरु जी की फतेह" के जयघोष से गूंज उठा। समाज के लोगों ने बताया कि जहां पूरे देश में आज के दिन नई फसल की कटाई के रूप में विभिन्न पर्व मनाए जाते हैं, वहीं यह ईश्वर का धन्यवाद अदा करने का भी दिन होता है। आज ही के दिन पंजाबी नववर्ष की शुरुआत होती है। मत्था टेकने के बाद श्रद्धालुओं ने लंगर चखा। यह लंगर पूरी तरह से ईको फ्रेंडली और जीरो वेस्ट रहा।

**20 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने श्री गुरु ग्रंथ साहिब के चरणों में मत्था टेका**



## भोपाल मंडल होकर दो जोड़ी समर स्पेशल ट्रेनों का संचालन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

रेल प्रशासन द्वारा ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान यात्रियों की सुविधा एवं अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुए भोपाल मंडल से होकर गुजरने-ठहराव वाली विशेष ट्रेनों के संचालन का निर्णय लिया गया है। इन ट्रेनों से भोपाल मंडल के प्रमुख स्टेशनों-रानी कमलापति, इटारसी, बीना के यात्रियों को सीधा लाभ मिलेगा। सुल्तानपुर लोकमान्य तिलक टर्मिनस विशेष 04212/04211 यह ट्रेन सुल्तानपुर से 20 मई से 15 जुलाई तक 9 फेरे चलेगी।

एलटीटी से 21 मई से 16 जुलाई तक 9 फेरे चलेगी। भोपाल मंडल में बीना, रानी कमलापति, इटारसी होकर जायेगी। दूसरी ट्रेन वाराणसी लोकमान्य तिलक टर्मिनस विशेष 04226/04225 चलेगी। यह ट्रेन वाराणसी सेः 21 मई से 09 जुलाई तक 8 फेरे चलेगी।

### छात्रवृत्ति फॉर्म अटकने से नाराज छात्र

## जीएमसीः छात्र हड़ताल पर आज करेंगे विरोध-प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

गांधी मेडिकल कॉलेज (जीएमसी) में छात्रवृत्ति को लेकर पैरामेडिकल छात्र ने हड़ताल शुरू कर काम से दूरी बना ली हैं। हड़ताल कर रहे छात्रों ने बताया कि सत्र 2023-24 और 2024-25 के छात्रवृत्ति फॉर्म भरने की अनुमति नहीं मिल रही है। आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण वे फीस जमा नहीं कर पा रहे हैं, जिससे उनकी पढ़ाई पर संकट खड़ा हो गया है। छात्रों ने मंगलवार केवल काम बंद रखा है, लेकिन बुधवार को वह सतपुड़ा भवन का घेराव करेंगे। छात्रों ने चेतावनी दी है कि अगर जल्द समाधान नहीं हुआ, तो अनिश्चितकालीन काम बंद आंदोलन किया जाएगा। सोमवार को भी छात्रों ने कॉलेज के एडमिन ब्लॉक के पास प्रदर्शन किया था, लेकिन कोई ठोस आश्वासन नहीं मिला। इसके बाद उन्होंने मंगलवार से हड़ताल पर जाने का निर्णय लिया। वहीं जीएमसी प्रबंधन का कहना है कि यह मामला कॉलेज स्तर का नहीं है, बल्कि पैरामेडिकल काउंसिल के नियमों से जुड़ा है।

### जांच रिपोर्ट, ऑपरेशन और पैथोलॉजी सेवाओं पर दिखेगा असर

पैरामेडिकल स्टाफ अस्पताल की जांच और इलाज से जुड़ा होता है। ऐसे में हड़ताल का असर आने वाले दिनों में मरीजों पर पड़ सकता है। जांच रिपोर्ट में देरी, ऑपरेशन में बाधा और पैथोलॉजी सेवाएं प्रभावित होने की आशंका है।

छात्रवृत्ति फॉर्म भरने की अनुमति दी जाए

पैरामेडिकल छात्रों की मांग है कि उन्हें जल्द से जल्द छात्रवृत्ति फॉर्म भरने की अनुमति दी जाए, ताकि वे फीस जमा कर पढ़ाई जारी रख सकें। मंगलवार को भले ही छुट्टी के कारण हड़ताल का असर सीमित रहा, लेकिन बुधवार को सतपुड़ा भवन का घेराव किया जाएगा।

## अब नहीं लगेंगे झटके, एलएचबी रैक के साथ दौड़ने लगी भोपाल-जोधपुर एक्सप्रेस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

रेलवे प्रशासन द्वारा यात्रियों को बेहतर यात्रा अनुभव सुनिश्चित करने हेतु आईसीएफ रैकों को एलएचबी रैकों के साथ यात्री सुविधाओं को विस्तारित किया जा रहा हैं। इसी कड़ी में पश्चिम मध्य रेल से प्रारम्भ-टर्मिनेट भोपाल-जोधपुर एक्सप्रेस को आधुनिक एलएचबी रैक से संचालित करने का निर्णय लिया गया है। गाड़ी संख्या 14813 जोधपुर-भोपाल एक्सप्रेस अपने प्रारम्भिक स्टेशन जोधपुर से 14 अप्रैल से प्रभावी रहेगी।



इसी तरह गाड़ी संख्या 14814 भोपाल-जोधपुर एक्सप्रेस अपने प्रारम्भिक स्टेशन भोपाल से 15 अप्रैल से प्रभावी। इस ट्रेन में 1 वातानुकूलित द्वितीय, 3 वातानुकूलित तृतीय, 2 वातानुकूलित तृतीय इकॉनमी, 7 स्लीपर, 4 सामान्य श्रेणी, 1 एसएलआरडी एवं 1 जनरेटर कार सहित कुल 19 एलएचबी कोच रहेंगे। गौरतलब है कि एलएचबी रैक में यात्रियों को झटके कम लगते हैं।

### बजट की देरी से मेनू में कटौती, सब्जी रोटी की जगह परोसी जा रही खिचड़ी

**समय पर बजट नहीं मिलने व्यवस्था होती है प्रभावित**

## दीनदयाल रसोई पर संकटः कॉमर्शियल सिलेंडर की कमी की वजह से भट्टी पर बनाया जा रहा 650 लोगों का खाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश सरकार द्वारा गरीबों को सस्ती दर पर भोजन उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शुरू की गई थी "दीनदयाल अंत्योदय रसोई योजना" अब सवालों के घेरे में नजर आने लगी है। 7 अप्रैल 2017 को शुरू हुई इस योजना का उद्देश्य जरूरतमंद लोगों को कम कीमत में पौष्टिक भोजन देना था, लेकिन समय के साथ इसके संचालन में कई तरह की समस्याएं सामने आ



रही हैं। शहर के शाहजहांनी पार्क के पास की दीनदयाल रसोई इन दिनों समस्याओं से जूझ रही है। यहां कॉमर्शियल की जगह घरेलू सिलेंडर और भट्टी का इस्तेमाल किया जा रहा है। यहां रोजाना करीब साढ़े छह सौ लोगों के लिए भट्टी पर खाना बनाया जा रहा है। रसोई इंचार्ज आशीष राय ने बताया कि शासन से प्रति थाली 10 रुपए मिलते हैं और जो लोग खाना खाने आते वो 5 रुपए देते हैं। लेकिन बजट समय पर नहीं मिलने से व्यवस्था प्रभावित हो रही है। उन्होंने बताया कि भुगतान हर छह महीने या कभी-कभी एक साल में किया जाता है। आखिरी बार जनवरी 26 में भुगतान मिला था, उसके बाद से कोई राशि नहीं आई है।

### पहले धार्मिक स्थानों पर शुरू हुआ था संचालन

शुरुआत में 52 जिला मुख्यालयों और 6 धार्मिक नगरों मैहर, अमरकंटक, महेश्वर, ओंकारेश्वर, चित्रकूट और ओरछा में 100 रसोई केंद्रों से योजना की शुरुआत की गई थी। बाद में इसका विस्तार कर सभी जिलों में रसोई खोली गई और 2 सितंबर 2023 को 66 नए केंद्र भी जोड़े गए।

### ओटीपी से ही मिलेगा भोजन

दीनदयाल रसोई में खाना खाने के लिए मोबाइल होना अनिवार्य है। गरीब, जरूरतमंदों अब पेट भरने के लिए मोबाइल फोन खरीदना ही होगा, नही तो भोजन नहीं मिलेगा। रोजाना बड़ी संख्या में गरीब और जरूरतमंद लोग यहां भोजन करने आते हैं। ऐसे में सीमित संसाधनों के बावजूद रसोई संचालन जारी रखना एक बड़ी चुनौती बन गया है।

# बांस और रेजिन में सजी रचनात्मकता, शहर के कलाकारों ने रची अनोखी कला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपाल

**आर्ट डे स्पेशल** | रचनात्मकता और कल्पनाशीलता के उत्सव मनाते शहर के कलाकारों से हरिभूमि की खास बातचीत

कला केवल रंगों, रेखाओं और कल्पनाओं का संगम नहीं, बल्कि भावनाओं, विचारों और संस्कृति की सशक्त अभिव्यक्ति है। कला के इसी रूप को सेलिब्रेट करने के लिए प्रत्येक वर्ष 15 अप्रेल को आर्ट डे सेलिब्रेट किया जाता हैं।

रचनात्मकता और कल्पनाशीलता के उत्सव आर्ट डे के अवसर हरिभूमि ने शहर के कुछ ऐसे कलाकारों को चुना जिन्होंने अपनी अनूठी कला और रचनात्मकता के माध्यम से एक नई पहचान गढ़ी। इस कड़ी में बांस कला में माहिर आर्टिस्ट धर्मेंद्र रोहर और रेजिन आर्टिस्ट शिवानी कटेरिया अपनी कलाकारी से लोगों का ध्यान आकर्षित कर रही हैं।





## रेजिन आर्ट से बनाए कई होम डेकोरेटिव आइटम्स

शहर की शिवानी कटेरिया रेजिन आर्ट के जरिए अपनी रचनात्मकता को एक अलग आयाम दे रही हैं। वे रेजिन से डेकोरेटिव थालियां, चूड़ियां, भगवान की मूर्तियां, पेंटिंग्स और 3 डी होम डेकोरेटिव आर्ट तैयार करती हैं। शिवानी का कहना है कि उन्हें बचपन से ही कुछ नया और क्रिएटिव करने का शौक रहा है, जिसने उन्हें इस कला की ओर प्रेरित किया। वे अपने प्रोडक्ट्स को ऑनलाइन माध्यम से भी बेच रही हैं, जिससे उनकी कला को व्यापक पहचान मिल रही है। शिवानी केवल एक आर्टिस्ट ही नहीं, अभिनय के क्षेत्र में भी कदम रख रही हैं।



## बांस से बनाई लाइटिंग, पिचकारी और राखियां

धर्मेंद्र रोहर बांस (बेंबू) से एक से बढ़कर एक आकर्षक और उपयोगी वस्तुएं तैयार करते हैं। उनके बनाए उत्पादों में खूबसूरत लाइटिंग, बांस से बनी पिचकारी, राखियां और आदिवासी वाद्य यंत्रों के मॉडल विशेष रूप से शामिल हैं। धर्मेंद्र बताते हैं कि वे इस कला से वर्षों नहीं, बल्कि दशकों से जुड़े हुए हैं और इसे आगे बढ़ाने के लिए बच्चों को भी प्रशिक्षण दे रहे हैं। वे शहर के विभिन्न स्कूलों और कॉलेज एनआईएफटी(निफ्ट), एनआईडी सहित कई संस्थानों में वर्कशॉप आयोजित करते हैं, ताकि बच्चे बांस की इस पारंपरिक कला को सीखकर इसे अपने स्टार्टअप का आधार बना सकें।



---



### साड़ी स्पीक भोपाल चैप्टर का 10वां स्थापना दिवस समारोह

# डिफरेंट स्टाइल में पहनी कॉटन साड़ी, महिलाओं की दिलकश अदाओं से सजी खूबसूरत शाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपाल

साड़ी स्पीक ग्रुप भोपाल चैप्टर द्वारा एमपी नगर स्थित निजी होटल में 10वां स्थापना दिवस बड़े ही गरिमामय और आकर्षक अंदाज में मनाया गया। इस खास अवसर पर शहर की करीब 80 महिलाओं ने भाग लेकर अपनी सादगी, सौंदर्य और आत्मविश्वास से सभी का दिल जीत लिया।

कॉटन थीम पर आयोजित इस खास गेट-टुगेदर में पारंपरिक परिधानों की अद्भुत झलक देखने को मिली। महिलाओं ने टसर सिल्क विथ कॉटन साड़ी, प्योर कॉटन साड़ी, खादी कॉटन, मलमल, मद्रास कॉटन सहित कॉटन साड़ियों की एक से बढ़कर एक साड़ियों में रैंप वॉक कर जहां अपनी शालीनता का प्रदर्शन किया, वहीं गुजरात के कच्छ क्षेत्र की पारंपरिक भुजोड़ी साड़ी भी इस खास मौके पर देखने को मिली।




महिलाओं ने सादगी, सौंदर्य और आत्मविश्वास से भरी सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी।

### किसी ने बंगाली तो किसी ने पहनी मॉडर्न अंदाज में साड़ी

इस गेट टूगेदर में सिर्फ साड़ियां ही खास नहीं थी बल्कि साड़ी पहनने का अंदाज भी निराला था, किसी ने ट्रेडिशनल स्टाइल में साड़ी वियर की तो किसी ने बंगाली स्टाइल में, वहीं मॉडर्न अंदाज में साड़ी को जींस और पेंट के साथ टीम अप करके पहनती महिलाओं की दिलकश अदा भी खास रही।

### एडीजीपी शुक्ला हुई शामिल

*इस अवसर पर एडीजीपी मोनिका शुक्ला ने भुजोड़ी साड़ी वियर की और एक खास कविता से शाम को सुहाना बनाया।*

*आज काटन थीम की है*
*बारी, हर स्त्री लगे इसमें*
*न्यारी*
*सबसे पहले मध्य प्रदेश की*
*बताएं चंदेरी सब साड़ियों पर*
*भारी*
*अहिल्या की नगरी की*
*महेश्वर साड़ी की बनावट है*
*सबसे प्यारी*
*जींस टॉप स्कर्ट से लजाती*
*साड़ी, अलमारी ट्रंक में*
*सिसकती साड़ी,*
*साड़ी स्प्रिंग ग्रुप ने इसे बाहर*
*निकाला, विदेशों में भी इसने*
*अपना परचम लहराया।*





### रैंप वॉक के साथ सुनाई साड़ी के साथ उसकी कहानी

कार्यक्रम की विशेष आकर्षण रहीं शानदार रैंप वॉक प्रस्तुतियां, जिनमें हर साड़ी के साथ उसकी कहानी और भावनाओं को खूबसूरती से प्रस्तुत किया। साथ ही साड़ी से जुड़ी कविताओं और अनुभवों ने आयोजन को भावनात्मक स्पर्श दिया, जिसने उपस्थित दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।



## भोपाल में 12 मई को होगा मिस यूनिवर्स और मिस टीन मध्यप्रदेश का ग्रैंड फिनाले

पहली बार चुनी जाएगी मिस टीन एमपी, मिस यूनिवर्स इंडिया मानिका विश्वकर्मा रहेंगी जज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपाल



मध्यप्रदेश की प्रतिभाशाली लड़कियों और मॉडल्स को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंच तक पहुंचाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए मिस यूनिवर्स मध्यप्रदेश 2026 और मिस टीन मध्यप्रदेश 2026 का आयोजन किया जा रहा है। ग्लेमानंद एंटरटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड की ओर से होने वाले इस कंपीटिशन में मॉडलिंग और फैशन के क्षेत्र में काम करने वाली गर्ल्स को विशेष मंच मिलेगा। यह जानकारी मंगलवार को होटल आमेर पैलेस में आयोजित प्रेसवार्ता में स्टेट डायरेक्टर डॉ. शेफाली शर्मा ने दी।

### 12 मई को होगा फाइनल कंपीटिशन

डॉ. शैफाली ने बताया कि दोनों प्रतियोगिताओं का ग्रैंड फिनाले 12 मई 2026 को भोपाल में आयोजित होगा,जिसकी थीम होगी 'टू पेजेंट्स, वन प्लेटफॉर्म, इनफिनिट पॉसिबिलिटीज'। ग्रैंड फिनाले में मिस यूनिवर्स इंडिया 2025 की विजेता मानिका विश्वकर्मा बतौर जज शामिल होंगी।

### तीन शहरों में होंगे ऑडिशन

डॉ. शेफाली ने बताया कि दोनों प्रतिष्ठित प्रतियोगिताओं को एक ही मंच पर आयोजित किया जाना इस पहल की विशेषता है, पहली बार मिस टीन एमपी का चयन किया जाएगा, साथ ही इस प्रतियोगिता के लिए तीन शहरों भोपाल, इंदौर और रीवा में ऑडिशन 30 अप्रैल को होंगे। उन्होंने बताया कि मिस यूनिवर्स मध्यप्रदेश 2026 की विजेता मिस यूनिवर्स इंडिया 2026 में प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगी, वहीं मिस टीन मध्यप्रदेश 2026 की विजेता मिस टीन इंडिया के जरिए अंतरराष्ट्रीय मंच तक पहुंचेंगी।

---

## गज़ल संग्रह 'हमारी बस्ती में' का दुष्यंत में विमोचन

**भोपाल।** राजधानी के शिवाजी नगर स्थित दुष्यंत कुमार पांडुलिपि संग्रहालय में मंगलवार को महेंद्र सिंह के सद्यः प्रकाशित गज़ल संग्रह 'हमारी बस्ती में' का विमोचन कार्यक्रम प्रसिद्ध आलोचक डा. विजय बहादुर सिंह, मुख्य अतिथि प्रसिद्ध कवि एवं लेखक पंकज सुबीर, विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ साहित्यकार रामप्रकाश त्रिपाठी एवं प्रसिद्ध गजलकार महेश कटारे 'सुगम' की मौजूदगी में किया गया। कार्यक्रम का संचालन गजलकार बद्र वास्ती ने किया। कार्यक्रम में सभी साहित्य प्रेमी एवं सुधि जन उपस्थिति रहे।

जुनून, जज्बा और समाजसेवा का अनोखा संगम

# भोपाल के वरुण नामदेव बने किंग ऑफ क्लाइम्ब




हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपाल

शहर के जाने-माने साइक्लिस्ट और एंड्यूरेंस एथलीट वरुण नामदेव ने एक बार फिर अपनी शानदार उपलब्धि से भोपाल और मध्यप्रदेश का नाम रोशन किया है। हाल ही में आयोजित भोपाल साइक्लिंग लीग (तीसरा संस्करण) में वरुण ने 'किंग ऑफ क्लाइम्ब' का खिताब अपने नाम किया। इस चुनौती में वरुण ने महज 9 घंटे 42 मिनट में 2128 मीटर एलिवेशन गेन हासिल किया, जिसमें उन्होंने अरेरा हिल्स और श्यामला हिल रोड की कठिन चढ़ाइयों को बार-बार पार कर यह उपलब्धि हासिल की। वरुण नामदेव की पहचान सिर्फ एक साइक्लिस्ट तक सीमित नहीं है, बल्कि वे एक प्रेरणादायक एंड्यूरेंस एथलीट भी हैं। वे मध्यप्रदेश के एकमात्र साइक्लिस्ट हैं जिन्होंने भोपाल में एवरेस्टिंग चैलेंज पूरा किया है, यह एक कठिन साइक्लिंग उपलब्धि है जिसमें एक ही राइड में माउंट एवरेस्ट के बराबर एलिवेशन (8848 मीटर) हासिल करना होता है। वरुण ने यह चुनौती रिकॉर्ड 23 घंटे 51 मिनट में पूरी की। पिछले वर्ष भी उन्होंने भोपाल साइक्लिंग लीग में शानदार प्रदर्शन करते हुए 14 दिनों में 1800+ किलोमीटर की दूरी तय कर विजेता बनने का गौरव प्राप्त किया था।



## भोपाल में दिव्यांग कलाकार देंगे अनोखी रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुति

भोपाल। कला और संस्कृति को लेकर दिव्यांगों के क्षेत्र में कार्य करने वाली निनाद सांस्कृतिक विकास समिति स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में 15 अप्रैल को राजधानी के रविन्द्र भवन में एक रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण दिव्यांग बच्चे होंगे, जो कार्यक्रम में गीत संगीत की प्रस्तुति देंगे। खास बात है कि, इन दिव्यांग बच्चों को निनाद सांस्कृतिक विकास समिति द्वारा संचालित निनाद संगीतालय द्वारा निशुल्क प्रशिक्षण देकर तैयार किया गया है। इन दिव्यांगों को निनाद संगीतालय द्वारा अनोखा मंच प्रदान किया है।

---



**रंग श्री लिटिल बैले ट्रूप में नाटक 'जलियांवाला बाग से....' का मंचन**

# 'जलियांवाला बाग से....' में जीवंत हुई भगत सिंह की शौर्य गाथा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपाल

भारत के स्वतंत्रता संग्राम की अमर गाथाओं को मंच पर जीवंत करने का प्रयास करते हुए रंग माध्यम नाट्य संस्था द्वारा नाटक 'जलियांवाला बाग से....' का मंचन मंगलवार को रंग श्री लिटिल बैले ट्रूप में किया गया। दिनेश नायर द्वारा निर्देशित नाटक में महान क्रांतिकारी सरदार भगत सिंह के जीवन और उनके अदम्य साहस की गाथा को प्रदर्शित किया।





### देशभक्ति, त्याग और साहस की प्रेरणा देने अदम्य शक्ति

'जलियांवाला बाग से....' नाटक के माध्यम से न केवल भगत सिंह के साहस और बलिदान को प्रस्तुत किया गया है, बल्कि यह भी दिखाया गया है कि किस प्रकार एक घटना पूरे जीवन की दिशा बदल सकती है। यह प्रस्तुति आज के युवाओं को देशभक्ति, त्याग और साहस की प्रेरणा देने का सशक्त माध्यम बनेगी।

### कथासार

नाटक में दर्शाया गया है कि कैसे बचपन से ही मेधावी और जागरूक भगत सिंह ने मात्र 14 वर्ष की आयु में क्रांतिकारी गतिविधियों से जुड़कर देश की आजादी के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया। विशेष रूप से 13 अप्रैल 1919 को अमृतसर में बैसाखी के दिन हुए जलियांवाला बाग हत्याकांड की घटना ने 12 वर्षीय भगत सिंह के मन पर गहरा प्रभाव डाला। यही घटना उनके भीतर देशभक्ति की ज्वाला को प्रज्वलित करती है और उन्हें स्वतंत्रता संग्राम के मार्ग पर अग्रसर करती है।

भाजपा कोर कमेटी की बैठक में राष्ट्रीय सह-संगठन महामंत्री, मुख्यमंत्री सहित अन्य लोग हुए शामिल

# मंडल के बाद अब जिले और प्रदेश स्तर पर प्रशिक्षण वर्ग की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भाजपा कोर कमेटी की महत्वपूर्ण बैठक मंगलवार को मुख्यमंत्री निवास पर आयोजित हुई। बैठक में पार्टी के स्थापना दिवस कार्यक्रम, नारी शक्ति वंदन अधिनियम एवं पं. दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण वर्ग- 2026 को लेकर विस्तृत चर्चा हुई।

मंडल स्तर पर प्रशिक्षण वर्ग संपन्न हो चुके हैं एवं अब जिले और प्रदेश स्तर पर प्रशिक्षण वर्ग आयोजित किए जाएंगे। बैठक में आमजन के हित में राज्य सरकार द्वारा किए गए कार्यों पर भी बातचीत हुई। बताया जा रहा है कि इसके साथ ही, राजनीतिक नियुक्तियों सहित कुछ अन्य मुद्दे पर भी बैठक में चर्चा हुई है। यह बैठक मंगलवार को रात 8 बजे शुरू हुई, जो करीब दो घंटे तक चली। इसके साथ ही, राजनीतिक नियुक्तियों सहित कुछ अन्य मुद्दे पर चर्चा हुई है।



### यह रहे मौजूद

इस बैठक में पार्टी के राष्ट्रीय सह-संगठन महामंत्री शिवप्रकाश, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल, प्रदेश प्रभारी डॉ. महेन्द्र सिंह, प्रदेश शासन के उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा, राजेन्द्र शुक्ल, पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा, प्रदेश शासन के मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, प्रहलाद सिंह पटेल, राकेश सिंह, संपतिया उइके, पूर्व केंद्रीय मंत्री व सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते, भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष लाल सिंह आर्य, पूर्व मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा, अरविंद भदौरिया एवं भाजपा की प्रदेश महामंत्री व सांसद लता वानखेड़े उपस्थित रहीं।

# प्रियंक मिश्रा ने संभाला भोपाल कलेक्टर का कार्यभार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

लंबे समय से धार में कलेक्टर रहे आईएएस प्रियंक मिश्रा ने मंगलवार को कलेक्टोरेट पहुंचकर कार्यभार ग्रहण किया। अब बुधवार से वह अपना रुटीन काम शुरु करेंगे। दरअसल, मिश्रा 12 अप्रैल तक छुट्टी पर थे।

वह 13 अप्रैल को काम पर लौटे। इसके बाद मंगलवार को मिश्रा ने भोपाल पहुंचकर कार्यभार ग्रहण किया। मिश्रा ने धार में पदस्थ नए कलेक्टर राजीव रंजन मीणा को कार्यभार सौंपने के बाद भोपाल में कार्यभार ग्रहण किया है।



भाजपा प्रदेश कार्यालय में शुरू हुआ सेवा प्रकल्प, मुख्यमंत्री-भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने किया शुभारंभ

# गांव-गांव में आंखों की जांच के लगाए शिविर सरकार फ्री चश्मा उपलब्ध कराएगी: डॉ. यादव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर भाजपा प्रदेश कार्यालय में सेवा प्रकल्प का विधिवत शुभारंभ हुआ। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल, प्रदेश प्रभारी डॉ. महेन्द्र सिंह एवं उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने 'सेवा प्रकल्प' का शुभारंभ कर संबोधित किया। इस अवसर पर मोबाइल नंबर 9203597200 एवं 9203697200 भी जारी किया गया। इन मोबाइल नंबरों पर पार्टी कार्यकर्ता व परिवारजन संपर्क कर चिकित्सकीय जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। पार्टी के चिकित्सा प्रकोष्ठ द्वारा संचालित किए जाने वाले 'सेवा प्रकल्प' के शुभारंभ कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ प्रदेशभर में गांव-गांव में आंखों की जांच के शिविर लगाए, भाजपा सरकार जरूरत मंदों को निःशुल्क चश्मा उपलब्ध कराएगी। मप्र में बड़ी संख्या में राजमार्ग और राष्ट्रीय राजमार्ग बने हैं जहां होने वाली सड़क दुर्घटनाओं में घायलों को त्वरित इलाज मिले, इसके लिए सरकार एक योजना बना रही है। इस योजना के तहत राजमार्गों के किनारे अस्पताल बनाने वालों को 30 प्रतिशत अनुदान सरकार देगी। हार्ट अटैक के बढ़ते मामलों को देखते हुए हमारी सरकार अभी संभाग स्तर पर सुपर स्पेशलिटी अस्पताल बना रही है। आने वाले दिनों में प्रदेश के सभी जिलों में सुपर स्पेशलिटी अस्पताल बने, इस संबंध में भी तेजी से कार्य हो रहा हैं।

**मिलेगी डॉक्टरों की निःशुल्क सलाह, मोबाइल नंबर 9203597200 एवं 9203697200 भी जारी**




### भाजपा सरकार और संगठन के सेवा कार्यों को आगे बढ़ाएगा 'सेवा प्रकल्प': डॉ. महेन्द्र सिंह



भाजपा प्रदेश प्रभारी डॉ. महेन्द्र सिंह ने कहा कि 'सेवा प्रकल्प' भाजपा सरकार और संगठन के सेवा कार्यों को आगे बढ़ाएगा। बाबा साहब डॉ. आंबेडकर ने समाज को एक प्रेरणा दी थी- "शिक्षित बनो, संगठित रहो, और संघर्ष करो", जो आज भी हमारे लिए प्रेरणा का स्रोत है। बाबा साहब की विचारधारा पर आधारित भाजपा ने उनके योगदान को सम्मानित करते हुए भाजपा प्रदेश कार्यालय से सेवा प्रकल्प की शुरुआत की है, जो हर वर्ग के लिए समर्पित हैं।

### कार्यकर्ताओं और जनता के दुखों को दूर करने का कार्य करेगा 'सेवा प्रकल्प': खंडेलवाल



भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विश्वास और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की सक्रियता से पार्टी के चिकित्सा प्रकोष्ठ द्वारा आज से संचालित यह 'सेवा प्रकल्प' कार्यकर्ताओं और जनता के दुखों को दूर करने का कार्य करेगा। पार्टी ने नवाचार करते हुए अभी प्रदेश कार्यालय में 'सेवा प्रकल्प' शुरू किया है। आने वाले दिनों में प्रदेश के अन्य बड़े शहरों तक 'सेवा प्रकल्प' खोलकर सेवा कार्यों को आगे बढ़ाया जाएगा।

### 'सेवा प्रकल्प' का उद्देश्य मानवता की सेवा करना है: राजेन्द्र शुक्ल



उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का 'सेवा प्रकल्प' का उद्देश्य मानवता की सेवा करना है। यह प्रदेश की जनता को आरोग्य प्रदान करने में अहम भूमिका निभाएगा। भाजपा सरकार लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने का कार्य लगातार कर रही है। सेवा के इस प्रकल्प के माध्यम से चिकित्सा प्रकोष्ठ पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ जनता के सेवा में कोई-कसर नहीं छोड़ेगा।

17 को ब्लॉक अध्यक्षों का होगा पहला बड़ा सम्मेलन

# आज से 18 अप्रैल तक जिला अध्यक्षों के कामकाज की विस्तृत समीक्षा

**पार्टी ने दिए संकेत, अब केवल पद नहीं, बल्कि काम ही पहचान तय**




हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

लगातार चुनावी झटकों के बाद मध्य प्रदेश कांग्रेस अब संगठन को पटरी पर लाने के लिए कड़े कदम उठाने जा रही है। पार्टी ने साफ संकेत दे दिए हैं कि अब केवल पद नहीं, बल्कि काम ही पहचान तय करेगा। इसी के तहत 15 से 18 अप्रैल तक जिला अध्यक्षों के कामकाज की विस्तृत समीक्षा की जाएगी, जिसमें कमजोर प्रदर्शन करने वालों पर कार्रवाई लगभग तय मानी जा रही है।

संगठन सृजन अभियान के राष्ट्रीय प्रभारी चल्ला वामशी चंद रेड्डी राजधानी भोपाल में चार दिन तक डेरा डालेंगे। इस दौरान वे प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में सभी 71 जिला अध्यक्षों से एक-एक कर आमने-सामने चर्चा करेंगे। हर अध्यक्ष को उसके पिछले आठ महीने के काम का पूरा ब्यौरा दिखाया जाएगा और उसी आधार पर जवाब भी लिया जाएगा। बताया जा रहा है कि सभी जिला अध्यक्षों की कार्यप्रणाली पर विस्तृत रिपोर्ट पहले से तैयार है। समीक्षा के दौरान यह रिपोर्ट उनके सामने रखी जाएगी। जिन जिलों में संगठन कमजोर पड़ा है या गतिविधियां ठंडी रही हैं, वहां के अध्यक्षों को सीधा जवाब देना होगा। संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर पद से हटाने की कार्रवाई भी हो सकती है।

कांग्रेस प्रवक्ता विवेक त्रिपाठी का कहना है कि हमारी पार्टी ने संगठन से जन अभियान के तहत नियुक्ति की है जो भी कार्यकर्ता से लेकर जिला अध्यक्ष हैं उनके कामकाज का रिव्यू किया जाता है यह भी ठीक उसी तरीके से प्रयोग किया जाएगा कांग्रेस में ऊर्जावान नेताओं की टीम ही काम करेगी। इधर भाजपा का कहना है कि कांग्रेस का नेतृत्व बच्चा नहीं है जो कांग्रेस के नेतृत्व करने वाले लोग हैं उनकी क्षमता पर ही सवाल उठाते हैं इतने सारे विधानसभा चुनाव हार गए अब बारी जिला अध्यक्षों की है उनको हटाकर दूसरों को बना दिया जाएगा

### इन बिंदुओं पर होगी समीक्षा

- मतदाता सूची के कार्य में कितनी भागीदारी रही
- जिले में जनसंपर्क और संगठनात्मक गतिविधियां कितनी सक्रिय रहीं
- बूथ और पंचायत स्तर तक संगठन कितना मजबूत हुआ
- स्थानीय मुद्दों पर पार्टी की मौजूदगी कैसी रही

भोपाल, सीहोर और रायसेन के हज यात्रियों को नहीं मिलेगी रुबात

# एनएचआरसी ने वक्फ बोर्ड को भेजा नोटिस शाही औकाफ के विदेशी लेन-देन की होगी जांच

**औकाफ-ए-शाही की लापरवाही से हज यात्रियों को होगा नुकसान**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पहली बार मक्का और मदीना में भोपाल, रायसेन और सीहोर जिले के हज यात्रियों को रुबात नहीं मिलने का मामला तूल पकड़ गया है। जिसको लेकर राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने संज्ञान लेकर विदेश मंत्रालय, अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय, मुख्य सचिव, प्रदेश वक्फ बोर्ड अध्यक्ष को नोटिस जारी किए गए हैं। आयोग ने सभी से दो सप्ताह में रिपोर्ट मांगी है। शिकायत में औकाफ ए शाही के विदेशी लेनदेन की भी जांच करने की मांग रखी गई है। आयोग को सौंपी गई शिकायत में औकाफ-ए-शाही की मुतवल्ली सैफ अली खान की बहन सबा सुल्तान की लापरवाही की वजह से रियासत के हज यात्रियों को रुबात से महरूम होना पड़ा है। शिकायत में कहा गया है कि इनके विदेशी लेनदेन की भी जांच की जानी चाहिए। बोर्ड अध्यक्ष सनव्वर पटेल का कहना है कि मक्का और मदीना में रुबात नहीं मिलने को लेकर केंद्र सरकार से मदद मांगी गई है। प्रयास किया जा रहा है कि रियासत के हज यात्रियों को रुबात उपलब्ध कराई जा सके।


सड़क पर विजिबिलिटी घटी, खतरा बढ़ा

# दीवारों की आड़ में जल रहा कचरा गोविंदपुरा में बढ़ा प्रदूषण का संकट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

गोविंदपुरा इलाके में कचरा जलाने की समस्या लगातार गंभीर होती जा रही है। स्थानीय लोगों के अनुसार, रात के समय दीवारों की आड़ में कचरा जलाया जा रहा है, जिससे पूरे क्षेत्र में धुएं का घना गुबार फैल जाता है। इससे न सिर्फ हवा की गुणवत्ता खराब हो रही है, बल्कि आसपास रहने वाले लोगों के स्वास्थ्य पर भी बुरा असर पड़ रहा है।

केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार, कचरा जलाने से निकलने वाला धुआं कार्बन मोनोऑक्साइड, सूक्ष्म कण और अन्य जहरीली गैसों से भरा होता है। ये तत्व सांस संबंधी बीमारियों, दमा, आंखों में जलन और एलर्जी जैसी समस्याएं बढ़ाते हैं।



### जल्द कार्रवाई की जाएगी

सहायक स्वास्थ्य अधिकारी जेपी तोमर ने कहा कि यह मामला आपके द्वारा मेरे संज्ञान में लाया गया है। इसकी जल्द से जल्द जांच कर कार्रवाई की जाएगी, जो भी इस तरह के असामाजिक तत्व पाए जाते हैं। उन पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### रात में बढ़ जाता है दुर्घटना का खतरा

*रात के समय धुएं की अधिकता के कारण विजिबिलिटी भी कम हो जाती है, जिससे सड़क पर चलने वाले वाहन चालकों को परेशानी होती है और दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ जाता है। इसी बीच, मुख्य सड़क पर चल रहा मेट्रो निर्माण कार्य स्थिति को और गंभीर बना रहा है। निर्माण स्थल से उड़ने वाली धूल और कचरे के धुएं का मिश्रण वायु प्रदूषण को कई गुना बढ़ा देता है। पर्यावरण नियमों के अनुसार निर्माण कार्यों में धूल को नियंत्रित करने के लिए नियमित पानी का छिड़काव, कवरिंग और अन्य सुरक्षा उपाय जरूरी होते हैं।*

निगम आयुक्त के पास कोई पेट में दर्द, तो कोई धूप से एलर्जी व गर्मी में बीमार पड़ने की बात कहकर ड्यूटी से बचने दे रहा आवेदन

# जनगणना में ड्यूटी से बचने अजीब बहाने निगमायुक्त ने कहा-ड्यूटी तो करनी ही होगी

***कई महिला टीचर्स ने तो नेताओं से भी करवाई सिफारिश***

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

एक मई से शहर में जनगणना शुरू हो रही है। इसमें लगी ड्यूटी से बचने के लिए निगम आयुक्त के पास अजीबो-गरीब तर्क के आवेदन पहुंचे हैं। किसी को पेट दर्द की शिकायत है, तो कोई धूप से एलर्जी और गर्मी में तबीयत बिगड़ने का हवाला दे रहा है। कई आवेदन ऐसे भी हैं जिनमें घरेलू जिम्मेदारियों का तर्क दिया गया है कि मैं अकेली रहती हूं, छोटे बच्चे हैं, देखभाल करनी है जैसे कारण बताए जा रहे हैं। बीते एक सप्ताह से हर दिन किसी न किसी माध्यम से आवेदन निगम आयुक्त तक पहुंच रहे हैं, जिनमें कई सिफारिशें भी शामिल हैं, लेकिन निगम आयुक्त ने दो टूक कहा है कि ड्यूटी तो करनी ही होगी। केवल उन्हीं को रियायत मिलेगी, जिन्हें नियमों के तहत प्रावधान है। निगम आयुक्त को मिले आवेदनों में किसी को पेट दर्द की शिकायत है, तो कोई धूप से एलर्जी और गर्मी में तबीयत बिगड़ने का हवाला दे रहा है। कई आवेदन ऐसे भी हैं जिनमें घरेलू जिम्मेदारियों का तर्क दिया गया है। बीते एक सप्ताह से हर दिन किसी न किसी माध्यम से आवेदन निगम आयुक्त तक पहुंच रहे हैं, जिनमें कई सिफारिशें भी शामिल हैं। 1 मई 2026 से शुरू होने जा रही जनगणना के लिए शहर में तैयारियां अंतिम चरण में हैं। इस कार्य के लिए विभिन्न विभागों के कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है, जिसमें शिक्षा विभाग के कर्मचारी भी शामिल हैं। महिला शिक्षिकाओं ने अलग-अलग कारण बताकर अपनी ड्यूटी कटवाने की गुहार तो लगाई, लेकिन उन्हें राहत नहीं मिली। निगम प्रशासन ने साफ कर दिया है कि बिना ठोस कारण के किसी को राहत नहीं मिलेगी। निगम आयुक्त संस्कृति जैन ने दो टूक शब्दों में स्पष्ट कर दिया है ।

### जोन-17 में प्रगणकों व पर्यवेक्षकों को दिया गया प्रशिक्षण



*भोपाल। जनगणना-2027 के तहत फील्ड ट्रेनर्स द्वारा जोन-17 में प्रथम चरण के कार्यों के संबंध में प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों को प्रशिक्षण दिया गया। सोमवार को करोद विवेकानंद नगर स्थित सिटी पब्लिक स्कूल में प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों का प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में फील्ड ट्रेनर यशोधरा ब्रिजल, विजय कुमार पांडे, पुष्पलता परते ने प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों को दो बैचेस में जनगणना-2027 के परिचय और तत्संबंधी कानूनी पहलूओं की जानकारी के साथ ही एचएलबी सीमाओं तथा एचएलओ मोबाइल एप की प्रक्रियाओं के संबंध में प्रशिक्षण प्रदान किया। प्रशिक्षण में बड़ी संख्या में प्रगणक व पर्यक्षक व अन्य अधिकारी मौजूद थे।*




### लंबे समय से जमे साहबों पर नजर पड़ सकती है...

राजधानी के कुछ विश्वविद्यालयों में अव्यवस्था केवल विवि प्रबंधन स्तर पर ही नहीं है। चर्चा है कि कुछ जगह हालात यह हो चुके हैं कि कुछ साहब लोग 10-12 साल से एक ही सीट पर जमे हैं, लेकिन उन्हें बड़े साहब भी टस से मस नहीं कर पाए हैं। चर्चाएं हैं कि बड़े विभागों तक पहुंच रखने वाले ऐसे साहबों पर किसी का कोई जोर नहीं चल पाया है। अब इसे ऐसे साहब लोगों के पास बड़े साहब की नजर से बचने का हुनर ही माना जाएगा कि लंबे समय से जम होने के बावजूद सब कुछ अपने हिसाब से ही चला पा रहे हैं। लेकिन अब ऐसा अहसास हो रहा है कि एक ही सीट पर लंबे समय का अनुभव होने के नाते ऐसे साहबों के इस अनुभव की आवश्यता दूसरे स्थान पर भी हो सकती है। ऐसे साहबों पर लगता है बड़े साहब की नजर जल्दी ही पड़ सकती है।

### मेपकास्ट का मिशन एक्सीलेंस अभियान सराहनीय

प्रदेश में विज्ञान शिक्षा को नई दिशा देने मध्यप्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद (मेपकास्ट) द्वारा मिशन एक्सीलेंस अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत विज्ञान मंथन यात्रा 2025-26 का आयोजन किया जा रहा है। इस योजना का उद्देश्य विद्यार्थियों में विज्ञान के प्रति रुचि और जिज्ञासा को बढ़ावा देना है। सरकारी और निजी स्कूलों के विज्ञान संकाय के विद्यार्थी इस यात्रा में शामिल होंगे। इसी महीने आयोजित इस यात्रा में चयनित विद्यार्थियों के साथ विज्ञान विषय के शिक्षक और शिक्षिकाएं भी सहभागिता कर रहे हैं। बताया जाता है कि चयनित विद्यार्थियों को देश की प्रतिष्ठित अंतरिक्ष संस्था इंडियन स्पेस रिसर्च ऑर्गेनाइजेशन (इसरो) और श्रीहरिकोटा स्थित प्रमुख अनुसंधान संस्थानों एवं प्रयोगशालाओं का शैक्षणिक भ्रमण कराया जाएगा। इस जमीनी प्रयास से स्पष्ट है कि मेपकास्ट का मिशन एक्सीलेंस अभियान वास्तविकता के आधार पर सराहनीय पहल है।

### साहब के बिना मान्यता की फाइल नहीं जाती आगे

लोक शिक्षण संचालनालय में स्कूलों की मान्यता का मामला हमेशा चर्चा में बना रहता है। यहां एक साहब बीते 20 सालों से पदस्थ हैं। हालांकि बीते वर्ष एक बार हुए तबादले में साहब को यहां से कहीं और भेजा गया था, लेकिन एक साल के बाद साहब वापस अपनी पसंदीदा जगह पर लौट आए और फिर कोई हटा न सका। खासियत यह है कि लोक शिक्षण संचालनालय में चर्चाएं यह भी हैं कि इनके अलावा यहां की व्यवस्था संभालना किसी के बूते की बात नहीं। ऐसे में साहब का रूतबा बरकार है और आला अधिकारी भी उन्हें कहीं भेजने से कतराते नजर आते हैं।

**संजीव सक्सेना**

## समर सीजन से पहले ही तत्काल टिकट बुकिंग को लेकर एजेंट सक्रिय

भोपाल स्टेशन के आरक्षण केंद्र में महिला क्लर्क पर एसी व स्लीपर तत्काल श्रेणी का पहले टिकट देने का लग रहा आरोप, वीडियो सोशल मीडिया पर हो रहा वायरल

# राजधानी से गुजरने वाली अधिकांश ट्रेनें खचाखच तत्काल में दलाल को प्राथमिकता से मिल रहा टिकट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अभी समर सीजन शुरू नहीं हुआ। इसके पहले ही तत्काल टिकट बुकिंग को लेकर एजेंट व दलाल सक्रिय हो गए हैं। ऐसा ही एक मामला भोपाल रेलवे स्टेशन आरक्षण केंद्र में देखने को मिल रहा है। जिसमें की एक महिला क्लर्क पर एसी व स्लीपर तत्काल श्रेणी का टिकट एक व्यक्ति को बिना लाइन में लगे बुक करती नजर आ रही है। इसको लेकर वहां लाइन में लगा एक अन्य पैसेंजर अपना आपा खो देता है। इस संबंध में महिला क्लर्क लाइन में लगे लोगों के बीच जमकर बहसबाजी होने के साथ यात्री रेल मंत्री से शिकायत करने की बात कह रहे हैं। इसको लेकर सोमवार देर रात को एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इसके बाद रेलवे की ओर से जांच कराने की बात कही गई। हालांकि हरिभूमि इस वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं करता।



इस व्यक्ति को महिला कर्मचारी ने दिए टिकट।



लाइन में लगे लोगों पर आरोप लगती महिला कर्मी।

### महिला कर्मचारी ने लाइन में लगे लोगों पर बदतमीजी करने का लगाया आरोप

*वीडियो में लाइन में लगे लोग जब मौजूद महिला कर्मचारी से किसी एक व्यक्ति को बिना लाइन के एसी व स्लीपर तत्काल टिकट देने का कारण पूछते नजर आ रहे है। तो वहीं मैडम इस दौरान यात्री पर मेरे से बदतमीजी कर रहे हो यह बात बोलती नजर आ रही है। इस दौरान कुछ यात्री यह कहते नजर आ रहे है कि इसके पहली वह तत्काल का टिकट बुक कराने आए थे। इस दौरान वहीं यह लड़का यहां पर पहला नंबर लगा रखते है । जिसको यहां के क्लर्क प्राथमिकता से टिकट दे देते है। इस संबंध में रेलवे के अधिकारी अभी कुछ भी कहने से बच रहे है।*

### एजेंट और तत्काल टिकट पर निर्भर हैं अधिकांश लोग

*समर सीजन के चलते इन दिनों जहां कंफर्म टिकट नहीं मिलने के कारण कई यात्री अपनी ट्रिप कैंसिल करने को मजबूर हो रहे हैं। जो यात्रा करना चाहते हैं, वे अब एजेंट और तत्काल टिकट पर निर्भर हो गए हैं।*

## आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| राजस्थान | 5 | 4 | 1 | 8 |
| पंजाब | 4 | 3 | 1 | 7 |
| बेंगलुरु | 4 | 3 | 1 | 6 |
| हैदराबाद | 5 | 2 | 3 | 4 |
| दिल्ली | 4 | 2 | 2 | 4 |
| गुजरात | 4 | 2 | 2 | 4 |
| लखनऊ | 4 | 2 | 2 | 4 |
| मुंबई | 4 | 1 | 3 | 2 |
| चेन्नई | 4 | 1 | 3 | 2 |
| कोलकाता | 4 | 0 | 3 | 1 |

ऑरेंज कैप | पर्पल कैप



हेनरिक क्लासेन
**224 रन**
हैदराबाद

प्रसिद्ध कृष्णा
**10 विकेट**
गुजरात

## खबर संक्षेप

### ईरानी टीम एशियाई चैंपियंस लीग में खेलने जेद्दा पहुंची

**जेद्दा।** मध्य पूर्व में चल रहे युद्ध के बीच ईरान के क्लब ट्रैक्टर की टीम सऊदी अरब पहुंच गई है और उसने पुष्टि की है कि वह एएफसी चैंपियंस लीग एलीट के राउंड ऑफ 16 में खेलेगी। अमेरिका और इज़राइल के ईरान पर हमले के बाद मार्च में पश्चिम एशिया के प्लेऑफ मैच स्थगित कर दिए गए थे। इसके बाद अंतिम 16 के मैचों का कार्यक्रम फिर से तैयार किया गया। ट्रैक्टर की टीम एक लंबी यात्रा के बाद रविवार को जेद्दा पहुंची। वह उत्तर पश्चिमी ईरान में स्थित अपने गृहनगर तबरीज़ से सड़क मार्ग से तुर्की पहुंची और फिर इस्तांबुल से हवाई मार्ग से यहां पहुंची। युद्ध के कारण ईरान की लीग स्थगित कर दी गई थी और ट्रैक्टर की टीम ने 28 फरवरी के बाद से कोई भी प्रतिस्पर्धी मैच नहीं खेला है।

### पीएसएल ने मुजरबानी पर दो साल का प्रतिबंध लगाया

**लाहौर।** पाकिस्तान सुपर लीग ने जिम्बाब्वे के तेज गेंदबाज ब्लेसिंग मुजरबानी पर दो साल का प्रतिबंध लगा दिया है क्योंकि पीएसएल फ्रेंचाइजी के साथ अनुबंध होने के बावजूद उन्होंने इंडियन प्रीमियर लीग में खेलने का विकल्प चुना था। मुजरबानी ने इस्लामाबाद यूनाइटेड के साथ अनुबंध किया था लेकिन आईपीएल की टीम कोलकाता नाइट राइडर्स ने उन्हें अपनी टीम में शामिल होने की पेशकश की जिसके बाद उन्होंने पीएसएल से हटने का फैसला किया। पिछले टी20 विश्व कप में शानदार प्रदर्शन करने वाले मुजरबानी ने अब तक केकेआर के लिए दो मैच खेले हैं और ईडन गार्डन्स में सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ चार विकेट लिए थे।

### मैकुलम से मतभेद की खबरों को स्टोक्स ने किया खारिज

**लंदन।** इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने एशेज श्रृंखला के दौरान कोच ब्रेंडन मैकुलम से मतभेद की खबरों को खारिज करते हुए कहा कि यह कहना बेहद अतिशयोक्तिपूर्ण है। स्टोक्स और मैकुलम 2022 से एक-दूसरे का अच्छा साथ निभा रहे हैं, लेकिन पिछली सर्दियों में ऑस्ट्रेलिया से 4-1 से हारने पर उन्हें गहरा झटका लगा। हार के बाद दोनों ने एक-दूसरे का समर्थन किया, लेकिन एशेज की समीक्षा से तनाव के संकेत मिले। स्टोक्स संभलकर खेलना चाहते थे जबकि मैकुलम आक्रामक रवैया बरकरार रखना चाहते थे। स्टोक्स ने एक साक्षात्कार में कहा, ''यह कहना कि हम एकमत नहीं थे, मुझे लगता है कि यह एक बहुत बड़ी अतिशयोक्ति है। जब आप किसी और के साथ नेतृत्व की स्थिति में होते हैं और तब अगर कोई यह सोचता है कि आप हमेशा हर बात पर सहमत होंगे तो यह बिल्कुल असंभव है।''



# सूर्यकुमार ने 2714 गेंदों में ठोक डाले 4,000 रन, दूसरे नंबर पर गिल

एजेंसी ▶▶| मुंबई

इंडियन प्रीमियर लीग 2026 के 19वें मुकाबले में गुजरात टाइटंस के कप्तान शुभमन गिल ने लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ बेहतरीन बल्लेबाजी करते हुए अर्धशतकीय पारी (56) खेली। यह उनके आईपीएल करियर का 28वां अर्धशतक रहा। इस पारी का 25वां रन बनाते ही उन्होंने आईपीएल में भी 4,000 रन पूरे कर लिए। वह गेंदों के लिहाज से यह उपलब्धि हासिल करने वाले दूसरे सबसे तेज भारतीय हैं।



## आईपीएल में दमखम दिखाने वाले भारतीय बल्लेबाज

### सूर्यकुमार यादव : 2,714 गेंद

आईपीएल इतिहास में गेंदों के लिहाज से सबसे तेज 4,000 रन पूरे करने वाले भारतीय बल्लेबाज मुंबई इंडियंस के सूर्यकुमार यादव हैं। उन्होंने 2,714 गेंदों का सामना करते हुए यह आंकड़ा छुआ था। उन्होंने अपने आईपीएल करियर में अब तक 170 मैच खेले हैं, जिसकी 155 पारियों में 34.77 की औसत और 148.77 की स्ट्राइक रेट से 4,417 रन बनाने में सफल रहे हैं। इसमें 2 शतक और 30 अर्धशतक शामिल है। उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 103* रन का है।



### शुभमन गिल : 2,875 गेंद

सूची में जीटी के कप्तान गिल अब दूसरे पायदान पर आ गए हैं। उन्होंने 2,875 गेंदों का सामना करते हुए यह आंकड़ा छुआ है। उन्होंने 2018 में आईपीएल करियर का आगाज करने के बाद से अब तक 121 मैच खेले हैं, जिसकी 118 पारियों में लगभग 40 की औसत और 139.05 की स्ट्राइक रेट से 4,031 रन बनाने में कामयाब रहे हैं। इसमें 4 शतक और 28 अर्धशतक शामिल हैं। इस बीच उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 129 रन का रहा है।

### सुरेश रैना : 2886 गेंद



सूची में चेन्नई सुपरकिंग्स के पूर्व बल्लेबाज सुरेश रैना तीसरे नंबर पर काबिज हैं। उन्होंने 2,886 गेंदों का सामना करते हुए यह आंकड़ा छुआ था। उन्होंने 2008 में अपने आईपीएल करियर का आगाज करने के बाद कुल 205 मैच खेले थे, जिसकी 200 पारियों में 32.51 की औसत और 136.73 की स्ट्राइक रेट से 5,528 रन बनाने में कामयाब रहे हैं। इसमें 1 शतक और 39 अर्धशतक शामिल हैं। इस बीच उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 100* रन का रहा है।

### महेंद्र सिंह धोनी : 2887 गेंद



इस सूची में सीएसके के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी चौथे नंबर पर काबिज हैं। उन्होंने 2,887 गेंदों का सामना करते हुए यह आंकड़ा छुआ था। उन्होंने 2008 में अपने आईपीएल करियर का आगाज करने के बाद कुल 278 मैच खेले थे, जिसकी 242 पारियों में 38.30 की औसत और 137.40 की स्ट्राइक रेट से 5,439 रन बनाने में कामयाब रहे हैं। इसमें 24 अर्धशतक शामिल हैं। इस बीच उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 84* रन का रहा है।

**आईपीएल : कोलकाता नाइट राइडर्स की पांच मैचों में चौथी हार**


# नूर के आगे ग्रीन, रिंकू, नरेन सब फेल... चेन्नई सुपर किंग्स ने केकेआर को 32 रनों से रौंदा

एजेंसी ▶▶| चेन्नई


स्पिनर नूर अहमद की बेहतरीन गेंदबाजी के दम पर चेन्नई सुपर किंग्स ने इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में मंगलवार को कोलकाता नाइट राइडर्स को 32 रन से हरा दिया जो पांच मैचों में उसकी चौथी हार है। संजू सैमसन (32 गेंद में 48 रन) और आयुष म्हात्रे (17 गेंद में 38 रन) ने पावरप्ले में चेन्नई को दो विकेट पर 72 रन तक पहुंचा दिया था जिसकी मदद से टीम ने पांच विकेट पर 192 रन बनाये। वहीं केकेआर जवाब में 20 ओवर में सात विकेट पर 160 रन ही बना सके। अफगानिस्तान के स्पिनर नूर ने चार ओवर में 21 रन देकर तीन विकेट लिये।

### नूर ने दिग्गजों को भेजा पैवेलियन

चेन्नई द्वारा दिए गए 193 रनों के जवाब में उतरी केकेआर की बैटिंग बिखरी हुई नजर आई। दूसरे ही ओवर में फिन एलन अपना विकेट गंवा बैठे। इसके बाद सुनील नरेन भी 24 रन बनाकर चलते बने। रहाणे ने 28 रनों की पारी खेली लेकिन नूर अहमद ने उन्हें फंसा लिया। सबसे ज्यादा निराश किया 25 करोड़ी कैमरून ग्रीन ने, जो पहली ही गेंद पर गोल्डन डक हुए।



नूर अहमद
प्लेयर ऑफ द मैच
03 विकेट
21 रन
04 ओवर



संजू सैमसन
48 रन
32 गेंद
04 चौके
03 छक्के

### ऐसे रही सीएसके की बैटिंग

पहले बल्लेबाजी के लिए उतरी सीएसके के लिए एक बार फिर ऋतुराज गायकवाड़ फ्लॉप साबित रहे। तीसरे ही ओवर में गायकवाड़ अपना विकेट गंवा बैठे और उनके बल्ले से केवल 7 रन आए लेकिन संजू ने 48 रनों की पारी खेली। वहीं, आयुष म्हात्रे ने 17 गेंदों में 38 रन बनाए। इसके बाद डेवाल्ड ब्रेविस और सरफराज के बीच शानदार अर्धशतकीय साझेदारी हुई लेकिन 17वें ओवर में सरफराज 23 रन बनाकर आउट हो गए। इसके बाद ब्रेविस ने 41 रनों की पारी खेली जिसके दम पर सीएसके ने 20 ओवर में 5 विकेट खोकर 192 रन बनाए।

### रॉयल चैलेंजर्स की आज लखनऊ जायंट्स से होगी पहली भिड़ंत



चेन्नई। इंडियन प्रीमियर लीग 2026 के 23वें मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु का सामना लखनऊ सुपर जायंट्स से 15 अप्रैल को चिन्नास्वामी स्टेडियम में होगा। आरसीबी ने इस सीजन में अब तक 3 मैच जीते हैं और 1 में शिकस्त झेली है, जबकि एलएसजी ने 2 मुकाबले जीते हैं और 2 में ही हार का सामना किया है। इस मैच में जहां विराट कोहली सहित टीम के अन्य बल्लेबाजों को अपना दमखम दिखाना होगा वहीं ऋषभ पंत की टीम भी पहले मैच में आरसीबी को परास्त करने पूरे जोश के साथ उतरेगी।

#### आरसीबी का पलड़ा है भारी


एलएसजी के खिलाफ आरसीबी का पलड़ा भारी रहा है। दोनों टीमों के बीच आईपीएल के इतिहास में अब तक 6 मुकाबले खेले गए हैं, जिसमें से 4 मैच में आरसीबी को जीत मिली है और 2 मैच एलएसजी ने अपने नाम किए हैं। इस संस्करण दोनों टीमों के बीच पहला मुकाबला खेला जाएगा। आईपीएल 2025 में दोनों टीम सिर्फ 1 मैच में भिड़ी थी। उस मैच को आरसीबी ने 6 विकेट से जीता था।

**आईसीसी**

# प्लेयर ऑफ द मंथ, सैमसन और अमेलिया केर ने जीता पुरस्कार



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल ने भारतीय क्रिकेट टीम के संजू सैमसन को मार्च महीने के लिए प्लेयर ऑफ द मंथ घोषित किया है। सैमसन ने टी-20 विश्व कप 2026 की खिताबी जीत वाले अभियान में अहम भूमिका निभाई थी। सैमसन ने अपने साथी खिलाड़ी जसप्रीत बुमराह और दक्षिण अफ्रीका के कॉनर एस्टरहुइजन को पीछे छोड़ते हुए ये सम्मान हासिल किया है। महिला वर्ग में न्यूजीलैंड की अमेलिया केर प्लेयर ऑफ द मंथ बनी हैं।

### विश्व कप में 'प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट' रहे थे सैमसन

*टी-20 विश्व कप 2026 में सैमसन को शुरुआती मुकाबलों में भारत की प्लेइंग इलेवन में मौका नहीं मिला था। हालांकि, जब उन्हें चुना गया तो उन्होंने अपने प्रदर्शन से सबका दिल जीता था। इस खिलाड़ी ने 5 मैच की 5 पारियों में 80.25 की उम्दा औसत और 199.37 की स्ट्राइक रेट से 321 रन बनाए थे। मार्च 2026 में उन्होंने 3 पारियों में 137.50 की औसत और 199.27 की शानदार स्ट्राइक रेट से 275 रन बनाए थे।*

**मुंबई की बड़ी टैंशन**

# रोहित की हैमस्ट्रिंग की चोट का होगा स्कैन



एजेंसी ▶▶| मुंबई

मुंबई इंडियंस के स्टार बल्लेबाज रोहित शर्मा अपनी हैमस्ट्रिंग चोट की गंभीरता का पता लगाने के लिए स्कैन करवाएंगे। अब वीरवार को होने वाले अगले मैच में पंजाब किंग्स के खिलाफ मैच में उनकी उपलब्धता स्कैन के नतीजों पर निर्भर करेगी। मीडिया की रिपोर्ट के अनुसार 38 वर्षीय रोहित रविवार रात रॉयल चैलेंजर्स बेंगलूर के खिलाफ मुंबई इंडियंस के मैच के दौरान छठे ओवर में चोटिल होने के बाद रिटायर होकर मैदान से बाहर चले गए। रोहित की चोट की सही स्थिति स्कैन के नतीजों से ही साफ हो पाएगी, जिनसे चोट की गंभीरता का पता चलेगा। इस मामले पर अभी तक कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है, सिवाय इसके रोहित को हैमस्ट्रिंग की समस्या है।

### आरसीबी से मैच में मैदान छोड़कर चले गए थे

मैदान छोड़ने से पहले उन्होंने 13 गेंदों में 19 रन बनाए, जिसमें 2 चौके और एक छक्का शामिल था। चोटिल होकर रिटायर होने से पहले, उस ओवर की पहली गेंद से पहले मुंबई इंडियंस के फिजियो ने रोहित का इलाज किया था। इलाज के लिए खेल काफी देर तक रुका रहा, जिसके बाद वे दूसरी गेंद का सामना करने के लिए लौटे, लेकिन उन्होंने बस उस गेंद को ब्लॉक किया और चोटिल होकर मैदान से बाहर चले गए।

### चोटिल कार्स की जगह मदुशंका सनराइजर्स टीम में

**नई दिल्ली।** श्रीलंका के तेज गेंदबाज दिलशान मदुशंका को चोटिल ब्रायडन कार्स की जगह इंडियन प्रीमियर लीग के बाकी मैचों के लिये सनराइजर्स हैदराबाद टीम में शामिल किया गया है। कार्स को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू के खिलाफ पहले मैच से पूर्व नेट्स पर अभ्यास के दौरान हाथ में चोट लगी थी।



### एशियाई लॉन बाउल्स में भारत को स्वर्ण पदक

**नई दिल्ली।** दिल्ली के खिलाड़ी नवनीत सिंह ने हाल ही में संपन्न एशियाई लॉन बाउल्स चैंपियनशिप में पुरुष पेयर्स और पुरुष फोर्स (चार खिलाड़ी) स्पर्धाओं में भारत को स्वर्ण पदक दिलाने में मदद की। दिल्ली पब्लिक स्कूल आरके पुरम में छह से 12 अप्रैल तक आयोजित टूर्नामेंट में भारत ने पुरुष पेयर्स के फाइनल में हांगकांग को 17-15 से और पुरुष फोर्स के फाइनल में मलेशिया को 19-6 से हराया। यहां जारी विज्ञप्ति के अनुसार भारत ने पुरुषों की समग्र चैंपियन ट्रॉफी, समग्र टीम ट्रॉफी और चैलेंज ट्रॉफी जीती।

# आईएलटी 20 : 22 नवंबर से शुरू होगा 5वां सीजन, दुबई में होगा फाइनल मैच

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

संयुक्त अरब अमीरात की लोकप्रिय इंटरनेशनल टी-20 लीग (आईएलटी 20) के 5वें सीजन की शुरुआत 22 नवंबर, 2026 से होगी। इस टी-20 लीग में कुल 34 मैच खेले जाएंगे, जिनमें 30 लीग मैच और प्लेऑफ शामिल हैं। कार्यक्रम के मुताबिक, फाइनल मैच 20 दिसंबर को खेला जाएगा। आगामी सीजन के सभी मैच दुबई, अबूधाबी और शारजाह में खेले जाने तय हैं। पिछले सीजन की तरह इस बार भी 6 टीमें हिस्सा लेंगी।

### हम इस लीग की सफलता से बेहद खुश हैं : डेविड व्हाइट

आईएलटी 20 के सीईओ डेविड व्हाइट ने कहा, हमें इंटरनेशनल लीग टी-20 के 5वें सीजन के समय की पुष्टि करते हुए खुशी हो रही है। खाड़ी क्षेत्र का यह सबसे बड़ा क्रिकेट आयोजन 22 नवंबर से 20 दिसंबर, 2026 तक खेला जाएगा। हम चौथे सीजन की सफलता से बहुत खुश हैं। प्रसारण के आंकड़े, दर्शकों की दिलचस्पी और शीर्ष टी-20 सितारों की भागीदारी ने इस टूर्नामेंट को एक शानदार सफलता बनाया।

**जनवरी में हुआ था पिछले सीजन का फाइनल**

आईएलटी 20 के पहले 3 सीजन जनवरी-फरवरी के समय में खेले जाने के बाद, चौथे सीजन में लीग दिसंबर के समय में शिफ्ट हुई थी। टूर्नामेंट का चौथा सीजन का फाइनल मैच 4 जनवरी को दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में हुआ था। तब खिताबी मैच में डेजर्ट वाइपर्स ने एमआई एमिरेट्स को 46 रनों से हराकर खिताब जीता था। बता दें कि वाइपर्स पहली बार इस टूर्नामेंट में विजेता बनी थी।

**टी-20 टीम में आयरलैंड दौरे पर मिल सकता है मौका**

# भारतीय टीम में शामिल हो सकते हैं वैभव सूर्यवंशी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

इंडियन प्रीमियर लीग 2026 में शानदार प्रदर्शन कर रहे राजस्थान रॉयल्स के बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी को जून में आयरलैंड दौरे के लिए भारतीय टी-20 टीम में शामिल किया जा सकता है। महज 15 साल की उम्र में वह भारत के सबसे युवा डेब्यू करने वाले पुरुष खिलाड़ी बन सकते हैं। चयनकर्ता उन्हें इस छोटे दौरे पर मौका देने पर विचार कर रहे हैं, ताकि आगे बड़े दौरे से पहले उन्हें अंतरराष्ट्रीय अनुभव मिल सके।



### शानदार बल्लेबाजी से खींचा चयनकर्ताओं का ध्यान

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, सूर्यवंशी आयरलैंड दौरे के लिए चयन की दौड़ में हैं और चयनकर्ताओं ने कई अन्य खिलाड़ियों के साथ उनका नाम शॉर्टलिस्ट किया है। रिपोर्ट में बताया गया है कि चयनकर्ता युवा खिलाड़ी को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जल्द आजमाने के पक्ष में हैं और उन्हें सीमित ओवरों की सीरीज में मौका दिया जा सकता है।आयरलैंड दौरे के बाद जिम्बाब्वे दौरे में भी उन्हें शामिल किया जा सकता है। फिलहाल भारत के लिए सबसे युवा पुरुष खिलाड़ी के रूप में अंतरराष्ट्रीय डेब्यू करने का रिकॉर्ड सचिन तेंदुलकर के नाम है, जिन्होंने 16 साल 205 दिन की उम्र में डेब्यू किया था।

### भारत-द. अफ्रीका महिला टी20 सीरीज 17 से

**जोहान्सबर्ग।** साउथ अफ्रीका ने भारत के खिलाफ टी20 सीरीज के लिए 15 सदस्यीय महिला टीम का ऐलान किया है। विकेटकीपर-बल्लेबाज टेबोगो मचेके को पहली बार अंतरराष्ट्रीय टीम में शामिल किया गया, जबकि ऑलराउंडर एलिज-मारी मार्क्स को 15 सदस्यीय टीम में वापस बुलाया गया है। दोनों देश 17-27 अप्रैल के बीच पांच टी20 मुकाबलों की सीरीज खेलेंगे। भारत और साउथ अफ्रीका के बीच टी20 सीरीज के शुरुआती दो मैच 17 और 19 अप्रैल को डरबन में खेले जाने हैं। इसके बाद 22 और 25 अप्रैल को जोहान्सबर्ग अगले दो मुकाबलों की मेजबानी करेगा।

‘बजट क्वेस्ट 2026’ में विशेषज्ञों के साथ युवाओं का संवाद

# भारत का भविष्य युवाओं के हाथों में, सक्रिय भूमिका निभाएं: सारंग



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

*राजधानी में आयोजित युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के अंतर्गत संचालित ‘मेरा युवा भारत’ में विशेषज्ञों ने अपने विचार साझा किए।*

मध्य प्रदेश में युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत संचालित ‘मेरा युवा भारत (माय भारत)’ कार्यक्रम के तहत आयोजित दो दिवसीय कार्यक्रम के द्वितीय दिवस पर ‘बजट क्वेस्ट 2026’ का सफल एवं प्रभावी आयोजन एलएनसीटी कॉलेज में संपन्न हुआ। इस दिन का मुख्य उद्देश्य युवाओं को देश की आर्थिक नीतियों, बजट प्रक्रिया एवं समावेशी विकास के विभिन्न आयामों से अवगत कराना रहा।

कार्यक्रम का शुभारंभ प्रदेश के सहकारिता, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास सारंग ने किया। इस अवसर पर एलएनसीटी ग्रुप के सचिव डॉ. अनुपम चौकसे के साथ-साथ नगर निगम अध्यक्ष किशन सिंह सूर्यवंशी भी उपस्थित रहे। अपने उद्बोधन में मंत्री सारंग ने युवाओं को देश के महान महापुरुषों के उदाहरण देते हुए राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने हेतु प्रेरित किया।



‘बजट क्वेस्ट 2026’ को संबोधित करते मंत्री सारंग।

### सही दिशा, दृष्टि एवं संकल्प के साथ आगे बढ़ें युवा

उन्होंने कहा कि भारत का भविष्य युवाओं के हाथों में है और यदि युवा सही दिशा, दृष्टि एवं संकल्प के साथ आगे बढ़ें, तो देश को विकसित राष्ट्र बनने से कोई नहीं रोक सकता। उन्होंने युवाओं को आत्मनिर्भरता, नवाचार एवं सामाजिक उत्तरदायित्व के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया।



‘बजट क्वेस्ट 2026’ में बजट पर अपने विचार रखते विषय विशेषज्ञ।

### केंद्रीय मंत्री मांडविया ने युवाओं को राष्ट्र निर्माण में सक्रिय योगदान देने के लिए प्रेरित किया

कार्यक्रम का एक प्रमुख आकर्षण युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के केंद्रीय मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने युवाओं के साथ वर्चुअल संवाद रहा। उन्होंने ‘मेरा युवा भारत’ प्लेटफॉर्म की विस्तृत जानकारी साझा करते हुए युवाओं को इस मंच से जुड़कर राष्ट्र निर्माण में सक्रिय योगदान देने के लिए प्रेरित किया। यह प्लेटफॉर्म युवाओं को कौशल विकास, स्वयंसेवा, नेतृत्व एवं नवाचार के अवसर प्रदान करता है। कार्यक्रम में विभिन्न विषयगत सत्रों का आयोजन किया गया, जिनमें विशेषज्ञों ने अपने-अपने क्षेत्र से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर प्रकाश डाला।







हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930